सूर्योदय 6:20 सूर्यास्त 5:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.6 न्यू | 23.8 अधि |
| धर्मशाला | 14.9 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81381.36 |
| निफ्टी | 24964.25 |
| सोना 74,810 | चांदी 96,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 12 अक्तूबर 2024 | 27 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 296, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702







# कर्मचारियों-पेंशनर्स को दिवाली गिफ्ट, मिलेगा 4 फीसदी डीए

## सीएम सुक्खू ने इस बार सैलरी और पेंशन 28 अक्तूबर को देने का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में अक्तूबर महीने के त्योहारी सीजन में लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के घर पर धनलक्ष्मी की कृपा बरसने वाली है। प्रदेश के 1.80 लाख सरकारी कर्मचारियों और 1.70 लाख पेंशनर्स को दिवाली से तीन दिन पहले मोबाइल फोन पर सुख का संदेश मिलेगा। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को नवंबर महीने में मिलने वाली सैलरी और पेंशन को चार दिन पहले यानी 28 अक्तूबर को खाते में डालने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान यह ऐलान किया। ऐसे में इससे लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स की दिवाली रोशन होने वाली है। हिमाचल में 3.50 लाख से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए सुख की एक और खबर है। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को एक जनवरी 2023 से देय 4 फीसदी डीए की किस्त देने की भी घोषणा की है। ऐसे में त्योहार सीजन में कर्मचारियों के लिए यह दोहरी राहत मिली है। प्रदेश भर में कर्मचारी और पेंशनर्स लंबे समय से डीए की किस्त जारी करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। डीए की किस्त जारी करने से सरकारी खजाने पर करीब 600 करोड़ का बोझ पड़ेगा।



शिमला में सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम व अन्य।

**एक जनवरी 2023 से किया जाएगा भुगतान**


### 12 प्रतिशत लंबित डीए का भी होगा भुगतान

**वित्त** विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के बाद एनपीएस कर्मचारियों को 50 प्रतिशत डीए मिलेगा यानी, 12 प्रतिशत लंबित डीए का भी भुगतान होगा। हालांकि, वित्त विभाग ने इस संबंध में स्पष्ट नहीं किया है कि एनपीएस कर्मचारियों को डीए के तौर पर कितनी राशि का भुगतान सुनिश्चित होगा और कब देय होगा।

### मेडिकल बिलों की पेंडेंसी होगी खत्म

**हिमाचल** में लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स के मेडिकल बिलों की पेंडेंसी भी अब खत्म होने वाली है। सीएम सुक्खू मेडिकल के जो भी बिल लंबित हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से दे दिए जाने का ऐलान किया है। इसी तरह से 75 साल या इससे अधिक आयु वर्ग के पेंशनर्स को पूरे एरियर का भुगतान किया जाएगा।

# भारत और लाओस के बीच हुए छह समझौतों पर हस्ताक्षर



**एजेंसी, वियनतियाने**

भारत और लाओस के बीच शुक्रवार को रक्षा सहयोग, सीमा शुल्क, ऑडियो विजुअल और धरोहर आदि छह सहमति पत्रों और समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

भारत ने भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास भागीदारी कोष के माध्यम से लाओस में पोषण सुरक्षा के साथ खाद्य मजबूती की परियोजना में सहायता देने के लिए दस लाख अमेरिकी डॉलर की मदद उपलब्ध कराने का भी निर्णय किया है। लाओस की राजधानी वियनतियाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लाओस की प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिफांडोन की उपस्थिति में सहमति ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

लाओस की यात्रा के दूसरे दिन मोदी ने लाओस के राष्ट्रपति थोंगलाओन सिसौलिथ से आज वियंनचन में मुलाकात की। वहीं, मोदी ने शुक्रवार को लाओस की राजधानी वियनतियाने में ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। यहां बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ही आसियान देशों के बीच एकता को सपोर्ट करता रहा है। आसियान भारत के इंडो-पैसिफिक विजन और क्वाड को-ऑपरेशन के केंद्र में है।

मोदी ने कहा कि दुनिया भर में जारी अलग-अलग जंग का सबसे बुरा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा है। ऐसे में दुनिया में शांति बहाल करना बेहद जरूरी है। मैं बुद्ध की धरती से आता हूं। हमने हमेशा यही कहा है कि यह जंग का युग नहीं है। बैठक के बाद प्रधानमंत्री भारत के लिए रवाना हो गए।

## न्यूज शॉर्ट्स

### म्यांमार में भूकंप के झटके किए महसूस




**यांगून।** मध्य म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता मापी गई। यह जानकारी देश के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने दी। डीएमएच के अनुसार भूकंप स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न लगभग 11.10 बजे आया। भूकंप का केंद्र मांडले क्षेत्र के थाबेइक्कीन शहर के दक्षिण-पश्चिम में आठ किमी की दूरी पर केंद्रित था।

### फायरिंग अभ्यास के दौरान दो अग्निवीरों की मौत



**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग अभ्यास के दौरान एक भारतीय फील्ड गन का गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना वीरवार दोपहर नासिक रोड इलाके में आर्टिलरी सेंटर में हुई। उन्होंने बताया कि विस्फोट में अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शिट (21) की मौत हो गई। अग्निवीरों की एक टीम भारतीय फील्ड गन से फायरिंग कर रही थी, तभी एक गोला फट गया। अधिकारी ने आगे कहा कि दोनों को चोटें आईं और उन्हें देवलाली के एमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### दिल्ली पुलिस ने वांछित शार्पशूटर किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने कई आपराधिक मामलों में वांछित 37 वर्षीय एक शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान भलस्वा डेयरी क्षेत्र निवासी ऐमन के रूप में हुई है और उसे पंजाब की एक अदालत ने भगौड़ा घोषित किया हुआ है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश कुमार ने बताया, 'ऐमान जबरन वसूली, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम सहित 9 आपराधिक मामलों में शामिल था।

### सरकार बनाने के लिए राजभवन से मांगेंगे समय : फारूक



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए शनिवार को राजभवन से समय मांगेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'उपराज्यपाल (घाटी) आ रहे हैं। हम कल समय मांगेंगे और समर्थन पत्र पेश करेंगे तथा नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख मांगेंगे।'

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिरगुल देवता मंदिर में 52 साल बाद महायज्ञ पेज 2
- श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का रखें विशेष ध्यान: बाली -पेज 4
- खाद्य आपूर्ति विभाग के नोटिसों से डिपो संचालकों में मचा हड़कंप -पेज 6
- दशहरा उत्सव में शिरकत करने को तैयार माता हिडिंबा -पेज 11
- यूनान ने इंग्लैंड को उसकी धरती पर 2-1 से हराया -पेज 14


# 20,000 रुपए की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को एक पटवारी को 20 हजार रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया। विजिलेंस टीम ने नगरोटा बगवां के अंबारी पटवार सर्किल के पटवारी कपिल देव को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथ दबोचा है।

विजिलेंस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार, पटवारी कपिल देव ने नगरोटा बगवां निवासी मनोज कुमार से एग्रीकल्चर सर्टिफिकेट बनाने के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

मनोज कुमार ने इसकी सूचना विजिलेंस को दी। इसके बाद विजिलेंस टीम ने पटवारी को रंगे हाथ दबोचने के लिए जाल बिछाया और आज सुबह दफ्तर में रिश्वत के साथ दबोचा। रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार पटवारी साल 2015 का भर्ती है।

# हिमाचल में आमने-सामने आया मुस्लिम समुदाय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला की संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को गिराने के नगर निगम आयुक्त के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने के ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन के दावे पर मुस्लिम समुदाय भड़क गया है। संजौली मस्जिद कमेटी ने इस मामले को तूल देने वालों और बालूगंज मस्जिद के इमाम के खिलाफ वक्फ बोर्ड से कार्रवाई की मांग की है।

संजौली मस्जिद कमेटी के पूर्व प्रधान मोहम्मद लतीफ ने कहा कि वक्फ बोर्ड ने सभी मस्जिदों को सर्कुलर जारी कर साफ कहा है कि मस्जिदों में नमाज के अलावा कोई भी गतिविधि न की जाए। ऐसे में बालूगंज मस्जिद में बीते बुधवार को ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन की मीटिंग कैसे आयोजित की गई? उन्होंने कहा कि बालूगंज मस्जिद के इमाम के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



बालूगंज मस्जिद के इमाम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

दरअसल, बीते बुधवार को शिमला के बालूगंज की मस्जिद में मुस्लिम समुदाय की एक बैठक हुई। इसमें ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन का गठन किया गया। इस मीटिंग में नगर निगम आयुक्त के अवैध मस्जिद को गिराने के फैसले को चुनौती देने का फैसला लिया गया। इस पर संजौली मस्जिद कमेटी भड़क उठी और कुछ लोगों पर शिमला का माहौल खराब करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हिमाचल वक्फ बोर्ड के स्टेट ऑफिसर कुतुबुद्दीन मान ने बताया कि बालूगंज मस्जिद में ऑर्गेनाइजेशन की बैठक की सूचना उन्हें मिली है। इसे लेकर बोर्ड ने मस्जिद के इमाम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# जापानी संगठन निहोन हिडांक्यो को मिला शांति नोबेल पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मिडल ईस्ट से लेकर रूस और यूक्रेन तक जंग ही जंग हो रही है। ऐसे में सबकी नजर इस बात पर थी है कि शांति का नोबेल पुरस्कार इस बार किसे मिलेगा। दुनिया में अलग-अलग जगहों पर चल रहे संघर्षों के बीच नोबेल शांति पुरस्कार विजेता का ऐलान हो गया है। जापान की संस्था निहोन हिडांक्यो को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। जापान की यह संस्था 'परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया' की वकालत करती है।

दरअसल, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुए परमाणु बम विस्फोटों के पीड़ितों के लिए यह जापानी संस्था निहोन हिडांक्यो काम करती है। साथ ही दुनिया पूरी तरह से परमाणु हथियारों मुक्त हो, इसके लिए यह संस्था पूरी दुनिया में काम करती है। यही वजह है कि इसरायल-हिजबुल्लाह जंग और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच इस संस्था को नोबेल शांति पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। यह संगठन हिरोशिमा और नागासाकी परमाणु बम विस्फोटों के पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करता है।

# पाक में खदान कर्मियों पर हमला, 20 की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक प्राइवेट कोयला खदान पर आतंकी हमले में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, कुछ हमलावरों ने डूकी क्षेत्र में जुनैद कोल कंपनी की खदान पर हमला कर दिया।

इस दौरान उन्होंने रॉकेट और हैंड ग्रेनेड समेत कई आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। डूकी के डिस्ट्रिक्ट काउंसिल चेयरमैन खैरुल्लाह नासिर ने कहा कि हमलावरों ने 10 कोल इंजन और मशीनों में आग भी लगा दी। हमले में मारे गए लोग पाकिस्तान के अलग-अलग इलाकों से हैं। इनमें से कुछ अफगानिस्तान के रहने वाले भी हैं।

पुलिस और सिक्योरिटी फोर्स की टीम ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अब तक किसी भी विद्रोही या आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# सीएम पद की 15 अक्तूबर को शपथ लेंगे नायब सैनी!

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद अब नई सरकार के गठन को लेकर चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा में चुनावी जीत के पहले से ज्यादा मजबूत नेता के रूप में उभरे नायब सिंह सैनी 15 अक्तबर को सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। फिलहाल, हरियाणा में नई सरकार के गठन को लेकर मंथन का दौर जारी है। हरियाणा में चुनाव जीतने वाले बड़े नेताओं ने दिल्ली दरबार में अपनी-अपनी लॉबिंग शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हाईकमान की ओर से सैनी को ही मुख्यमंत्री बनाने को हरी झंडी दी जा चुकी है।



# नोएल टाटा होंगे टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन

**एजेंसी, मुंबई**



रतन टाटा के निधन के बाद अब टाटा ट्रस्ट की कमान किसके हाथ में होगी, इस सस्पेंस से पर्दा हट गया है। रतन टाटा के उत्तराधिकारी की तलाश पूरी हो गई है। रतन टाटा के निधन के बाद अब टाटा ट्रस्ट की कमान नोएल टाटा संभालेंगे। टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन को लेकर शुक्रवार को टाटा ट्रस्ट की अहम बैठक में यह फैसला हुआ। टाटा ट्रस्ट के बोर्ड ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से उन्हें अपना चेयरमैन चुना।

### कौन हैं नोएल टाटा?

67 साल के नोएल टाटा रतन टाटा के सौतेले भाई हैं और कई सालों से टाटा समूह से जुड़े हुए हैं। वह नवल टाटा की दूसरी पत्नी के बेटे हैं। वह पहले से ही सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में ट्रस्टी हैं। फिलहाल नोएल टाटा घड़ी बनाने वाली कंपनी टाइटन और टाटा स्टील के वाइस-चेयरमैन हैं। वह टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट (जूडियो और वेस्टसाइड के मालिक) और इसकी एनबीएफसी फर्म टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प के चेयरमैन भी हैं। नोएल वोल्टास के बोर्ड में भी काम करते हैं। नोएल टाटा इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं, जहां से उन्होंने अपना करियर शुरू किया था।

# हिमाचल के कृषि अधिकारी बिना परमिशन घूम आए स्पेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के 10 कृषि अधिकारियों के स्पेन टूर पर फिलहाल तलवार लटकी हुई है। बिना सरकार की अप्रूवल के ट्रेवल एजेंट को 40 लाख जमा कराने वाले अधिकारियों से रिकवरी भी हो सकती है। इससे कृषि विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

दरअसल, जायका प्रोजेक्ट के तहत कृषि निदेशक और जायका प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित 10 कृषि अधिकारी 13 अक्तूबर स्पेन के लिए स्ट्डी टूर पर जाने वाले थे। इसके लिए सरकार की मंजूरी अनिवार्य थी। मगर अप्रूवल लेने से पहले ही अधिकारियों ने मोटी रकम ट्रेवल एजेंट को बुकिंग के लिए एडवांस में दे दी।



**अब मंत्री ने जापान दौरे का मांगा परफॉर्मेंस**

टूर की मंजूरी की फाइल जब कृषि मंत्री चंद्र कुमार के पास पहुंची तो उन्होंने फाइल अप्रूव करने से पहले पिछले साल के जापान टूर की परफॉर्मेंस पूछ ली। जापान टूर से किसानों को क्या फायदा हुआ और जापान से लौटने के बाद अधिकारियों ने क्या किया। अधिकारी इसका संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इससे कृषि अधिकारियों की स्पेन टूर की फाइल फिलहाल अभी क्लीयर नहीं हुई। संबंधित मंत्री द्वारा टूर की फाइल रोकने के बाद कृषि अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए है। ऐसे में यदि इनकी फाइल क्लियर नहीं होती तो इन अधिकारियों से 40 लाख रुपए की रिकवरी हो सकती है।

**आशंका** स्पेस एजेंसियों का दावा, यह सूर्य के 'विस्फोट' का नतीजा

# पृथ्वी से टकराया सौर तूफान, ब्लैक आउट का बढ़ा खतरा

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**



सौरमंडल में सूर्य के चारों ओर घूमते रहने वाली पृथ्वी से बीते रोज एक शक्तिशाली सौर तूफान टकराया है। अमेरिका की स्पेस एजेंसियों की ओर से कहा गया है कि इस ऐसे तूफानों के कारण ब्लैक आउट का खतरा बढ़ रहा है। हाल में ही सूर्य से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) विस्फोट हुआ, जिसके बाद तूफान आया।

यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, यह शक्तिशाली सौर तूफान पृथ्वी से टकराया। स्पेस एजेंसियां फिक्रमंद हैं कि यी तूफान हेलेन और मिल्टन से निपटने के लिए किए जा रहे रिकवरी प्रयासों को प्रभावित कर सकता है।

एनओएए के अनुसार, यह तूफान हेलेन और मिल्टन तूफानों के लिए चल रहे रिकवरी प्रयासों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिसमें रेडियो ब्लैकआउट, बिजली ग्रिड पर दबाव और जीपीएस सेवाओं में गिरावट शामिल है। सीएमई, सूर्य के कोरोना से चुंबकीय क्षेत्र और प्लाज्मा द्रव्यमान का बहुत बड़ा उत्सर्जन है। जब वे पृथ्वी की ओर आता है, तो पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में बड़ी गड़बड़ी पैदा करता है, जिसे भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है. इससे रेडियो ब्लैकआउट, बिजली कटौती का खतरा बढ़ जाता है।

### 2.4 मिलियन किमी प्रति घंटे थी रफ्तार

एनओएए के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार मंगलवार शाम को सूर्य से कोरोनल मास इजेक्शन विस्फोट हुआ। लगभग 1.5 मिलियन मील प्रति घंटे (2.4 मिलियन किमी प्रति घंटे) की गति से पृथ्वी पर पहुंचा। तूफान जी-4 (गंभीर) स्तर पर पहुंच गया। इसे जी-4 जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म वॉच के रूप में वर्गीकृत किया गया है। शुक्रवार को जी-4 या उससे अधिक जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म वॉच प्रभावी रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### वेस्ट मटीरियल से बने प्रोजेक्ट्स का किया प्रदर्शन



दक्षमी रावत, रोहड़ू। राजकीय महाविद्यालय सीमा में फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा वेस्ट मैटीरियल रीसाइक्लिंग प्रोजेक्ट पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें फैशन डिजाइनिंग के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन में मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के साथ प्रो. हरीश सांजटा, प्रो. अनिल चौहान, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. प्रोमिला कायथ व फैशन डिजाइनिंग की अध्यापिका दिल कुमारी राठौर उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थियों ने प्रथम पुरस्कार निकिता को, दूसरा पुरस्कार प्रदेश पूनम व तीसरा पुरस्कार प्रिया को मिला। सर्टिफिकेट कोर्स में प्रथम पुरस्कार अर्चिता नेगी को, दूसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से मुस्कान व सहज को, तीसरा पुरस्कार अर्चना व दिव्या को मिला।

### कशिश झेगटा का गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन



दक्षमी रावत, जुब्बल। लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका कशिश झेगटा का गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन हुआ है। इस शिविर का आयोजन जयपुर में 14 से 23 अक्तूबर तक किया जाना है। इस शिविर में उत्तर भारत के हिमाचल सहित 8 अन्य राज्य के स्वयंसेवी भाग लेंगे। कशिश इस महाविद्यालय में बीसीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह गांव झगटान की निवासी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीपी चौहान ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

### सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में मनाया दशहरा पर्व



भरत ठाकुर, कोटखाई। सनरॉक प्ले स्कूल, गुम्मा, कोटखाई में दशहरा पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व स्टाफ की समस्त सदस्यों ने भाग लिया व रावण, कुंभकरण तथा मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया गया। इस अवसर पर प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने सभी प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को दशहरा पर्व को मनाए जाने के महत्व पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### कालीबाड़ी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में नवमी के दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। भारी संख्या में लोगों ने मंदिर में शीश नवाया। शिमला के कालीबाड़ी मंदिर मां काली को समर्पित एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है। यह मंदिर न केवल स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है, बल्कि दूर-दूर से बंगाली लोग भी यहां मां काली के दर्शनों के लिए आते हैं। मंदिर की स्थापना ब्रिटिश काल में बंगाली ब्राह्मण द्वारा की गई थी। मंदिर के संचालक नबीन कुमार बेनर्जी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान, बंगाल से पर्यटक विशेष रूप से शिमला पहुंचते हैं और मंदिर में दुर्गा पूजा में भाग लेते हैं। कालीबाड़ी मंदिर उनकी आस्था का केंद्र है।

काली बाड़ी मंदिर का निर्माण कार्य 1845 में कुछ बंगाली लोगों द्वारा किया गया था यही कारण है कि मंदिर में पूजा अर्चना बंगाली ढंग से की जाती है। आज भी बंगाल से पर्यटक दर्शन करने आते हैं और उनकी सुविधा का ध्यान रखा जाता है। इसी प्रकार इस बार भी भारी संख्या में बाहरी राज्यों से कालीबाड़ी मंदिर में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और 9 दिनों तक यहां माता की मूर्ति की स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि कल दशहरा के दिन दोपहर बाद मंदिर से मां की मूर्ति का विसर्जन के लिए रवानगी होगी। यह मूर्तियां बंगाली कारीगरों द्वारा हर वर्ष यहां आकर बनाई जाती है।

### जेपी नड्डा ने श्री नयना देवी मंदिर में टेका माथा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में पहुंचकर माता के दर माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने यहां पर कन्या पूजन भी किया और मंदिर में हवन किया। मंदिर पहुंचने पर उनको मंदिर प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया और उसके बाद उन्होंने मंदिर की पूरी परिक्रमा करते हुए माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद जेपी नड्डा ने नयना देवी जी क्षेत्र के दबट एरिया में जाकर अपनी कुलदेवी की पूजा की और स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की।



### गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में किया हवन-यज्ञ

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। झंडूता उपमंडल के डिग्री कॉलेज के साथ स्थित शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में नवरात्र के उपलक्ष्य पर हवन-यज्ञ किया गया। इसमें पाठशाला के बच्चों के साथ अध्यापकों ने माता रानी के हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली और सुख समृद्धि की कामना की। प्रधानाचार्य डीआर शर्मा ने बताया कि आज विद्यालय परिसर में हवन का आयोजन किया गया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



### दधोल में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

अनंत ज्ञान, दधोल। राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में हुआ। इसका शुभारंभ आईआईटी बॉम्बे से आए डॉक्टर सुदर्शन वात्स्यायन जो कि वहां पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों के अध्यक्ष की अध्यक्षता में शुरू हुआ। डाक्टर सुदर्शन शर्मा ने शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि यह योजना भारत की सबसे बड़ी योजना है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्यरत है। पाठशाला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप शर्मा ने जानकारी दी है कि यह शिविर 11 तारीख से लेकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें कक्षा जमा दो के 45 स्वयंसेवी हिस्सा लेने जा रहे हैं, जोकि लगातार 7 दिन इस शिविर में दिन-रात रहेंगे तथा पाठशाला सौंदर्य करण के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव जरोड़ा जाएंगे।

### मेघनाद के ब्रह्मशक्ति बाण से मूर्छित हुए लक्ष्मण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। 'हे सूर्यदेव, थोड़ी देर के लिए अपनी गति रोक लो अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि तुम्हारे उदय होते ही रघुकुल का सूर्य अस्त हो जाए। आज तुम्हारा वंशज मुमसे बस इतना मांगता है कि थोड़ी देर के लिए अपनी गति मंद कर लो'....बिलासपुर के नगर परिषद प्रांगण में चल रही रामलीला की आठवीं संध्या में जब युद्ध में ब्रह्मशक्ति बाण के प्रहार से बेहोश हुए लक्ष्मण के लिए शोकाकुल प्रभु श्रीराम ने यह संवाद कहा तो पंडाल में सन्नाटा छा गया। रामलीला की आठवीं संध्या के प्रथम दृश्य में यति लक्ष्मण व रावण पुत्र मेघनाद का भीषण युद्ध हुआ। मेघनाद ने ब्रह्मशक्ति बाण का प्रयोग किया। इस शक्ति के प्रहार से लक्ष्मण मूर्छित हो गए। पूरे राम शिविर में सन्नाटा छा गया। मूर्छित लक्ष्मण का इलाज करने लाए गए वैद्यराज सुषेण ने संजीवनी बूटी लाने के लिए कहा। वीर हनुमान आकाश मार्ग से बूटी लाने चल दिए। हिमालय पर बूटी को न पहचान पाने पर हनुमान द्रोणागिरी पहाड़ी का एक टुकड़ा ही उठाकर ले आए व इस संजीवनी से लक्ष्मण को जीवनदान मिला।

### 3000 रुपए प्रति क्विंटल होगी मक्की की खरीद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। परियोजना निदेशक आतमा बिलासपुर तपिंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आतमा के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु इस वर्ष मक्की की खरीद 3000 प्रति क्विंटल करेगा। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में 6438 किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है, जिसमें से 5505 किसान सितारा पोर्टल में पंजीकृत किए जा चुके हैं।

# शिरगुल देवता मंदिर में 52 साल बाद महायज्ञ

सपना सूद, चौपाल/नेरवा

चूड़धार स्थित शिरगुल देवता के मंदिर में शुक्रवार को 52 साल के अंतराल के बाद कुरुड़ स्थापना के साथ ही धार्मिक आयोजन शांत महायज्ञ धूमधाम से संपन्न हो गया। सुबह 11 बजे से कुरुड़ स्थापना कार्यक्रम आरंभ हुआ एवं कालाबाग से मंदिर के शिखर पर सजने वाले कुरुड़ को मंदिर तक सभी देवी-देवताओं की मौजूदगी में पहुंचाया गया। इस शांत महायज्ञ में विभिन्न क्षेत्रों से शिरगुल महाराज की 12 पालकियां सहित दर्जनों स्थानीय देवी-देवताओं ने शिरकत की।

चूड़धार मंदिर में करीब 52 साल बाद इस तरह का बड़ा धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य पिछले 20-22 वर्षों से किया जा रहा तथा और अब मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर कुरुड़ स्थापना की गई। (अनंत ज्ञान)



शांद महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## करीब 30 हजार श्रद्धालुओं ने की शिरकत

चूड़धार में इस अनुष्ठान में शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के अलावा पड़ोसी राज्य उत्तराखंड से करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शिरकत की। मंदिर कमेटी व चूड़ेश्वर सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। श्रद्धालुओं ने आयोजन की समाप्ति के बाद भोजन कर अपने अपने घरों को प्रस्थान किया।

## प्रशासन ने काला बाग में की थी टेंट की व्यवस्था

वीरवार को रात्री ठहराव के लिए प्रशासन ने काला बाग में टेंट की व्यवस्था की थी और इसके अलावा मंदिर व समीति की सरांय में भी ठहरने की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई शौचालय भी बनाए गए थे। रात्री में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भजन कीर्तन का भी प्रबंध किया गया किया गया था।

## कार्यक्रम के लिए नियुक्त किए थे 16 नोडल अधिकारी

चूड़धार मंदिर कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने शांत महायज्ञ कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए मंदिर समिति, नंबरदार, चुड़ेश्वर सेवा समिति के सदस्यों तथा आयोजन में तेनात सभी स्वमसेवकों का आभार प्रकट किया है। कार्यक्रम के दौरान कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए चूड़धार मंदिर कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने विभिन्न कमेटियां गठित कर 16 नोडल अधिकारी नियुक्त किए थे।

# तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने धर्मगुरु रविशंकर से की भेंट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बंगलुरू के एनटीटीएफ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दौरा कर विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी ली।



वार्ता करते मंत्री धर्माणी व धर्मगुरु रविशंकर।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए मार्केट की डिमांड के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। युवाओं को इंजीनियरिंग कॉलेज में एआई और डाटा साइस आधारित डिप्लोमा कोर्स करवाए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को स्वावलम्बी बनने का अवसर उपलब्ध करवाएं जा रहे हैं।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने एनटीटीएफ के प्रबंध निदेशक बीवी सुदर्शन से ऑटोमेशन, कनैक्शन, कलॉड कम्पयूटिंग जैसे पाठ्यक्रमों के बारे में गहनता से विचार-विमर्श किया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बंगलूरू में धर्मगुरू रविशंकर से भेंट की। उन्होंने धर्मगुरु के साथ युवा शक्ति को नशे की बुराई से बचाने की आवश्यकता के बारे में विचार-विमर्श किया। उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग को हिमाचल में युवाओं को नशे की दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह भी किया।

## जाखू मंदिर के प्रांगण में मुख्यमंत्री सुक्खू आज करेंगे रावण का दहन

अनंत ज्ञान, शिमला

प्रदेश की राजधानी शिमला के जाखू मन्दिर के प्रांगण में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज रावण दहन करेंगे। इससे पहले उपायुक्त शिमला और शिमला पुलिस अधीक्षक सुरक्षा और व्यवस्था का निरीक्षण करने जाखू मंदिर पहुंचे थे।

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि दशहरा बहुत महत्वपूर्ण उत्सव है। इसको देखते हुए जाखू मन्दिर में भी व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। डीसी शिमला ने कहा कि जाखू मंदिर में व्यवस्था को लेकर एसपी, एसडीएम समेत अधिकारियों ने व्यापक समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगभग साढ़े पांच पर जाखू मंदिर पहुंचेंगे और 5.50 पर रिमोट कंट्रोल के माध्यम से रावण दहन होगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मात्रा में लोग यहां पहुंचते हैं और 6 से 7 हजार लोगों के आने की उम्मीद की जा रही है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्र का नहीं जताया आभार : जयराम

शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एडवांस में दी गई राज्य कर की हिस्सेदारी से एडवांस सैलरी देने का दावा सुक्खू सरकार कर रही है। वित्त मंत्रालय द्वारा बीते कल राज्य सरकार के कर की हिस्सेदारी के तहत 1479 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया गया है। हैरानी की बात है कि उस सहयोग के लिए एक शब्द का आभार भी केंद्र सरकार के लिए नहीं जताया गया।

# डॉ. हिमेंद्र बाली की दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

अनंत ज्ञान, शिमला

सतलुज घाटी के इतिहास एवं संस्कृति पर डॉ. हिमेंद्र बाली द्वारा लिखित दो पुस्तकें-सतलुज घाटी की सांस्कृतिक परंपराएं और सतलुज घाटी का सांस्कृतिक वैभव का 10 अक्तूबर को कुमारसैन उपमंडल के अंतर्गत अतुल रिजेन्सी सैंज में उपमंडलाधिकारी सुरेंद्र मोहन ने विमोचन किया।

सुकेत संस्कृति साहित्य एवं जनकल्याण मंच द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में हिमाचल प्रदेश के हिमालयी संस्कृति के प्रतिष्ठित विद्वानों ने भाग लिया। दोनों पुस्तकों में सतलुज नदी के दोनों तटों पर अवस्थित हिमाचल प्रदेश के 6 जिलों की सांस्कृतिक परम्पराओं और देव आस्थाओं का विशद वर्णन किया गया है। पुस्तकों के विषय में हिमाचल प्रदेश कला भाषा संस्कृति अकादमी के पूर्व सचिव डॉ. कर्म सिंह ने कहा कि डॉ. हिमेंद्र बाली ने क्षेत्र के इतिहास व परंपराओं पर मौलिक व प्रमाणिक कार्य किया है जो शोधार्थियों, पाठकों व जिज्ञासुओं के लिए बहुपयोगी सिद्ध होगा। दूसरे सत्र में लोक गीत व लोकसंगीत गायन का आयोजन किया गया।



पुस्तकों का विमोचन करते गणमान्य।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर पुलिस ने किए 1,848 चालान

अनंत ज्ञान, शिमला

प्रदेश में चलाएं गए अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न जिलों में शराब पीकर वाहन चलाने के लिए कुल 84,785 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने के लिए 1,848 चालान जारी किए, जो 24 सितंबर से पहले इस वर्ष के 390 चालान के पखवाड़े के औसत से काफी अधिक है।

सख्त प्रवर्तन उपायों के कारण 478 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी हुई, जो 24 सितंबर से पहले सक्रिय वर्ष में 51 गिरफ्तारियों के अभियान-पूर्व आंकड़ों से उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने के लिए संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारियों को निलंबन के लिए इस अभियान के दौरान 685 ड्राइविंग लाइसेंस की सिफारिश की, जो इस साल 24 सितंबर से पहले 106 के पखवाड़े के औसत से काफी अधिक है।

यह कदम एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उल्लंघन करने वालों को उचित परिणाम भुगतने पड़ें, जिससे दूसरों के लिए यह एक निवारक के रूप में कार्य करे। मुख्य प्रवर्तन आंकड़ों का जिलावार विवरण अनुलग्नक-ए के रूप में संलग्न है। अभियान के जागरूकता प्रयासों के तहत नाहन, ऊना, कांगड़ा और मंडी में प्रमुख स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड भी लगाए गए। इन बोर्डों पर नशे में गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता संदेश प्रदर्शित किए।

## शिक्षा मंत्री 13 को रोहड़ू के प्रवास पर

शिमला। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा मंत्री 13 अक्तूबर को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा रोहड़ू के सभागार में आयोजित होने वाले ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल रोहड़ू के वार्षिकोत्सव ग्लोरिओल-2024 में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। शिक्षा मंत्री 15 अक्तूबर को पीएम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरस्वती नगर में टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# कुछ स्थानों पर 17 को बारिश का अनुमान

अनंत ज्ञान, शिमला

प्रदेश में 17 अक्तूबर को उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। राज्य के सभी भागों में 16 अक्तूबर तक मौसम शुष्क बना रहेगा। मानसून सीजन के दौरान 1 से 11 अक्तूबर तक राज्य में सामान्य से 94 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।

वहीं अधिकतर जिलों में बारिश हुई ही नहीं। आज राजधानी शिमला व अन्य भागों में मौसम साफ बना हुआ है। शिमला में न्यूनतम तापमान 12.6, सुंदरनगर 11.5, भुंतर 10.0, कल्पा 4.5, धर्मशाला 14.9, ऊना 13.8, नाहन 17.7, केलांग 2.7, पालमपुर 12.5, सोलन 11.6, मनाली 8.4, कांगड़ा 13.4, मंडी 13.9, बिलासपुर 15.2, चंबा 13.3, कुकुमसेरी 2.1, सेऊबाग 11.0, समदो 5.6, कसौली 15.6, सराहन 9.0, देहरा गोपीपुर 16.0, मशोबरा 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# वाटर स्पोर्ट्स के साथ ईको टूरिज्म की ओर बढ़ने लगा बिलासपुर

## वन विभाग ने लुहणूघाट, बंदलाधार और बहादुरपुर धार का उपायुक्त आबिद को भेजा प्रपोजल

शुभम राही, बिलासपुर

बिलासपुर जिला वॉटर टूरिज्म के साथ अब ईको टूरिज्म की ओर आगे बढ़ने लगा है। जिला के मंडी भराड़ी को वाटर टूरिज्म के लिए विकसित करने के बाद अब लुहणूघाट, बंदलाधार और बहादुरपुर धार को ईको टूरिज्म के तहत तैयार किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग बिलासपुर ने प्रपोजल तैयार करके उपायुक्त को सौंपा है।

आपको बता दें कि ईको टूरिज्म को लेकर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की यह प्लानिंग है, जिसके तहत वन विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहीं नहीं, इस ईको टूरिज्म में यह खास होने जा रहा है कि गोबिंदसागर झील में साल में एक बार आने वाले विदेशी पक्षियों को भी पर्यटक निहार सकेंगे। इसके लिए बकायदा वन विभाग पक्षियों की स्टडी कर रहा है, जिसका ब्यौरा भी उपायुक्त को दिया जाएगा।

### गांव में विकसित होंगे रोजगार के अवसर

जानकारी के अनुसार इन दो साइट के कुछ एक गांव को ईको टूरिज्म के तहत लिया जाएगा। इसमें पर्यटकों को यहां पर रहने, खाने, टैकिंग व ग्रामीण जीवन के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही ग्रामीण यहां पर ग्रामीण जीवन को अनुभव ले सकते हैं। इस तरह से शुरू की गई प्लानिंग अगर सही सिद्ध होती है तो गांव में रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे और ग्रामीणों को घर-द्वार पर रोजगार मिलेगा।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

बता दें कि जिले में वाटर स्पोर्ट्स का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और कुछ दिनों के भीतर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू इसका शुभारंभ करेंगे। गौरतलब है कि बिलासपुर जिला वैसे को गर्म इलाकों की श्रेणी में आता है, परंतु बंदलाधार और बहादुरपुर धार एक ऐसा व्यू प्वांइट, हराभरा और शांतिपूर्ण इलाका है, जिसको पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की जरूरत है। ऐसे में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक इन क्षेत्रों को ईको टूरिज्म के तहत डेवेलप करने जा रहे हैं।

ईको टूरिज्म के तहत कुछ साइट चिन्हित करके उपायुक्त को रिपोर्ट भेजी गई है। इको टूरिज्म के लिए बहादुरपुर और बंदलाधार सही है। इको टूरिज्म शुरू होने से बिलासपुर जिला में काफी रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

**- राजीव कुमार, डीएफओ बिलासपुर**

वहीं, जिला का लुहणूघाट को भी इसके साथ विकसित करना है। क्योंकि इस एरिया से गोबिंदसागर झील का नजारा भी लिया जा सकता है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वैसे तो अधिकतर विदेशी पक्षी पौंग डैम में आते हैं, लेकिन बिलासपुर जिले में भी कुछ साइबेरियन पक्षी पहुंच रहे हैं, जिसको ब्यौरा भी विस्तृत रिपोर्ट में दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

बिलासपुर जिला में वाटर टूरिज्म के साथ ईको टूरिज्म शुरू करने की कवायद आरंभ की है। इसके तहत दो साइटें चिन्हित की हैं, इसकी सारी प्लानिंग तैयार की जा रही है। जल्द ही यह प्रोजेक्ट भी बिलासपुर में शुरू होगा और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

**-आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर**

सभी उपायुक्तों को ईको टूरिज्म की संभावनाएं तलाशने को कहा गया है। प्रदेश सरकार हिमाचल में पर्यटन के नए आयाम स्थापित करेगी, जिससे प्रदेश के लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान होंगे और ग्रामीण स्तर पर पर्यटन पहुंच सकेंगे।

**-सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री**

## सेवा करने से पैदा होते हैं सामाजिक संस्कार : डॉ. सुरेश

अनंत ज्ञान, डंगार चौक। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में एनएसएस के सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ हुआ। इसमें राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संबोधन में डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि सेवा से सामाजिक संस्कार पैदा होते हैं तथा मानवीय सेवा भावना सर्वोपरि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के उद्देश्यों, जीवन मूल्यों, मानवीय सेवाए समाजिक संस्कार तथा आत्म अनुशासन से अवगत करवाते हुए नशे से बचने तथा मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग ना करने के लिए सचेत किया।

## रावण के दरबार में कोई नहीं उखाड़ पाया अंगद का पांव

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं के नगर परिषद प्रांगण में चल रही रामलीला के आठवें दिन कलाकारों की अदाकारी ने खूब समा बांधा। इस संध्या में लक्ष्मण का मूर्छित होना तथा भगवान राम का अपने भाई के प्रति अश्रु बहाना आकर्षण का केंद्र रहा। इस संध्या में पुरुषोत्तम शर्मा एमडी शिवा इंस्टीट्यूट घुमारवीं ने परिवार संग रामदरबार में हाजिरी लगाई।



उन्होंने समाज में श्री राम की मर्यादाओं और उनके चरित्र को जीवन में अपनाने और समाज को धर्म के साथ चलने के लिए रामलीला कमेटी द्वारा किए जा रहे प्रयास की प्रशंसा की। इस संध्या में रावण द्वारा विभिषण को लंका से निकालने, भगवान राम द्वारा अंगद को रावण दरबार में दूत बनाकर भेजने के दृश्य का मंचन किया गया। अंगद रावण दरबार में अपना पांव जमाता है, और सभी को उसे धरती से उठाने की चुनौती देता है, लेकिन कोई भी अंगद का पांव उखाड़ने में सफल नहीं हो पाता है। अंगद भरे दरबार में युद्ध की घोषणा कर लौट आता है।

# बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर नवाजीं मेधावी छात्राएं



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला मुख्यालय के बचत भवन में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत भविष्य के लिए लड़कियों का दृटिकोण थीम पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीसी डॉ. निधि पटेल ने की। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की बारहवीं तथा दसवीं कक्षा की परीक्षाओं में जिला बिलासपुर की टॉप टेन रैंक पर रहीं छात्राओं को सम्मानित किया गया। विभाग की ओर से मेधावियों को 5000-5000 रुपए दिए गए। एडीसी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। यह आत्मविश्वास हासिल करने और अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि बेटियां आगे आकर अपने गांव और समाज के लिए मार्गदर्शक बने और बेटों की तरह बेटियां भी मां-बाप सहित अन्य लोगों का सहारा बनें, ताकि बेटियों को समाज में वही दर्जा मिले जो बेटों को मिलता है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रही है लेकिन इसका श्रेय उन मां-बाप की सोच को जाता है, जिन्होंने समाज की बेड़ियों को तोड़कर अपनी बेटियों को सशक्त करने का काम किया है।

**एडीसी ने कहा, गांव और समाज के लिए मार्गदर्शक बनें बेटियां**

संस्कृति

## संपूर्णानंद संस्कृत विवि वाराणसी के कुलपति डॉ. बिहारी लाल दुर्गा पूजा में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि

# आठवीं संध्या में पटियाला के कलाकारों ने मचाई धूम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव की आठवीं सांस्कृतिक संध्या उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कलाकारों के नाम रही। इस संध्या पर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति डॉ. बिहारी लाल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति डॉ. एनएल नड्डा विशिष्ट अतिथि रहे।

मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर इस सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि डॉ. बिहारी लाल शर्मा व दुर्गा पूजा की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कार्यक्रम अधिकारी राजेश बख्शी भी मौजूद रहे। उत्तराखंड से आए कलाकारों ने मां नंदा देवी की जातरा नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं, उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने भगवान राम से संबंधित ढेड़िया नृत्य की प्रस्तुति दी। मध्य प्रदेश के कलाकारों ने निमाड़ अंचल के प्रसिद्ध गणगौर की प्रस्तुति दी।



वहीं, हरियाणा के कलाकारों ने हरियाणा के प्रसिद्ध प्राचीन लोकनृत्य घूमर की प्रस्तुति दी। कार्तिक माह महीने के बाद जब फसल कट जाती है व उसका विक्रय कर पैसा धर में आता है तो घर की औरतों द्वारा अपने पति से वस्त्र आभूषण इत्यादि की मांग किए जाने को इस नृत्य में दर्शाया गया।

# अब भाजपा झारखंड और महाराष्ट्र में बनाएगी सरकार : नड्डा

**शुभम राही, बिलासपुर**

हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने के बाद अब भाजपा झारखंड और महाराष्ट्र में सरकार बनाएंगी। दो माह के भीतर झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो अभी से ही भाजपा जीत का दावा पेश करती है। यह दावा शुक्रवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पेश किया।

जेपी नड्डा ने कहा कि कश्मीर में एनसी और कांग्रेस गठबंधन ने सत्ता हासिल कर ली है, लेकिन कश्मीर का चुनाव शायद ही कोई सियासी टॉनिक इंडिया गठबंधन को दे पाए। हरियाणा के चुनाव परिणाम से भाजपा को जरूर ताकत मिली है। बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में आम जनसभा को



संबोधित करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से आज भारत की जनता बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के नतीजे और जम्मू-कश्मीर भाजपा के बढ़े वोट बैंक ने भाजपा को एक अलग पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर पहुंचने पर जिस तरह से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया है, वह मेरा स्वागत नहीं बल्कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता का बिलासपुर में स्वागत किया गया है।

जेपी नड्डा ने कहा कि हरियाणा के चुनावों के नतीजों के दौरान धरती पर कुछ और था और कांग्रेस द्वारा वातावरण कुछ और बनाया गया था, लेकिन जब नतीजे सामने आए तो भाजपा की नीतियों की जीत हुई। हरियाणा में कांग्रेस ने जातिवाद और एक-दूसरे से लड़ाने का कार्य किया, लेकिन हरियाणा के युवाओं, महिलाओं और अन्य वर्ग ने इसका करारा जवाब देते हुए कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा।

नड्डा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस का सूपड़ा भारत से ही खत्म हो जाएगा। बेशक जम्मू-कश्मीर पर भाजपा अपने सरकार नहीं बना पाई, लेकिन जिस तरह से भाजपा का कश्मीर पर वोट बैंक बढ़ा है, उससे साफ है कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 के हटने का स्वागत किया और भाजपा को इस वोट बैंक तक पहुंचा दिया। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में भी प्रजातंत्र को मुख्य धारा के साथ जोड़ने का काम किया है। (अनंत ज्ञान)

**हरियाणा के नतीजे और जम्मू-कश्मीर भाजपा के बढ़े वोट बैंक ने भाजपा को एक अलग पहचान दिलाई**

## जीपी नड्डा कुछ जरूरी काम के चलते लौटे दिल्ली

**जगत** प्रकाश नड्डा दो दिवसीय दौरे पर बिलासपुर आए हुए थे, लेकिन उनको शुक्रवार को ही दिल्ली से आपातकाल कॉल आया और उन्होंने आमसभा के बीच में कहा है कि उनको वापस दिल्ली जाना पड़ेगा जिसके बाद शुक्रवार शाम के समय ही वह वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## मां के दर मुख्य न्यायाधीश



हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजीव शकधर ने शुक्रवार को श्री चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर में पत्नी के साथ दर्शन एवं पूजा-अर्चना की।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दशहरा की बधाई दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि दशहरा उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भी प्रदेश के लोगों को दशहरा उत्सव के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारे नैतिक मूल्यों और परंपराओं को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव प्रदेश के लोगों के जीवन में प्रसन्नता, शांति एवं खुशहाली लाएगा।

### उद्घोषित अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इसी कड़ी तहत पुलिस थाना कसौली की पुलिस टीम द्वारा नगदी व अन्य सामान की ठगी करने वाले व धमकी देने वाले उद्घोषित अपराधी दिला राम (48) पुत्र लच्छी राम निवासी जिला सोलन को दाड़लाघाट से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी न्यायालय द्वारा बार-2 बुलाने पर भी न्यायालय में पेश न हो रहा था, जिस कारण उक्त आरोपी को दिनाक 14 अगस्त को उद्घोषित अपराधी घोषित किया था।

### सोलन के दो युवकों से पकड़े नशीले कैप्सूल

**सोलन।** जिला पुलिस की स्पैशल डिटेक्शन टीम जब शहर सोलन में गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतू मौजूद थी तथा जब उक्त टीम गश्त करते हुए शामती बाईपास पर पहुंची तो गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक मोटर साइकिल, जिस पर दो युवक संदीप कुमार व राहुल सवार है, जो प्रतिबंधित नशीली दवाईयों व मादक पदार्थ को छुपाकर ले जा रहे है। उक्त सूचना पर चैकिंग के दौरान उक्त मोटर साइकिल पर बैठे दो युवकों जिनके नाम संदीप कुमार (34) पुत्र राम किशन व राहुल कुमार (34) पुत्र ऋषिपाल दोनों निवासी निवासी वार्ड न. 7 आदर्श नगर धोबीघाट तह व जिला सोलन को 180 नशीले टेबलेट सहित हिरासत में लिया गया।

### परवाणू में मंदिर से चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने परवाणू में शिव मंदिर से चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। प्रवीण कुमार ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि शिव मंदिर से 4-5 अक्तूबर की रात्रि को कोई नामालूम व्यक्ति इस दान पात्र का ताला तोड़कर करीब 40,000 रुपए चोरी कर लिए गया, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस संबंधी मदन लाल (35) पुत्र रघुवीर सिंह निवासी गांव व डाखा काबाकला तह व जिला सोलन को गिरफतार किया गया, जिससे गहनता से पूछताछ की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उक्त चोरी करना माना है।

# नाकामी छुपाने के लिए तानाशाही पर उतरी सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

### पत्रकारों पर मुकदमा करके डराने से नहीं चलेगा, न सच दबेगा, न छिपेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार तानाशाही पर उतर आई है। सरकार की नाकामी का सच लिखने वाले पत्रकारों पर मुकदमा कर रही है। उन्हें फसाने की धमकी दे रही है। खबर लिखने पर मंडी में फिर एक पत्रकार पर मुख्यमंत्री ने अपने चहेतों से मुकदमा दर्ज करवाया है। लोकतंत्र में अस्थाई विपक्ष कहे जाने वाले मीडिया का इस तरह गला घोटना अत्यंत दुखद एवं शर्मनाक है।

सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर नाकाम होने के बाद अब पत्रकारों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। यह सरकार भले कोई काम न करें, लेकिन उसकी नाकामी को उजागर करने वाले पत्रकारों और सिविल सोसाइटी के लोगों को मुकदमे में फंसा कर उन्हें परेशान करने के रास्ते पर चल पड़ी है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसनीत सुक्खू सरकार की नाकामी पूरे प्रदेश के सामने आ चुकी है। हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी कराने में मुख्यमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके बाद मुख्यमंत्री यह चाहते हैं कि उनके खिलाफ सिर्फ अच्छा-अच्छा लिखा जाए, अच्छा-अच्छा बोला जाए। लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। जब सरकार काम नहीं करेगी झूठ पर झूठ बोलेगी तो पत्रकार उसे सही नहीं ठहराएगा। अब बहुत देर हो गई है सरकार की यह तानाशाही नहीं चलेगी उसकी नाकामी के खिलाफ प्रदेश में हर व्यक्ति हर वर्ग आवाज उठाएगा ।सरकार मुकदमों के दम पर न सच छिपा सकती है और न ही लोगों की आवाज दबा सकती है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार इस अघोषित इमरजेंसी के दौर से बाहर आए और लोकतांत्रिक सरकार की तरह व्यवहार करे। अपनी गारंटियों को अमलीजामा पहनाए। प्रदेश में बंद पड़े विकास के कार्यों को फिर से शुरू करें। जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दें। तानाशाही बंद करें नहीं तो वे यह भी याद रखें कि भारत में तानाशाही से चलने वाली सरकारों की क्या दशा हुई है। पत्रकारों पर मुकदमे दर्ज करना बंद करें और अब तक दर्ज हुए मुकदमों को वापस ले।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने पत्नी संग ओकओवर में किया कंजक पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शारदीय नवरात्र के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकारी निवास ओकओवर में कंजक पूजन किया। मुख्यमंत्री ने छोटा शिमला स्कूलों की बच्चियों को घर बुलाकर हलवा और पूरी परोसा। इस दौरान बच्चियों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछकर अपने स्कूल अनुभवों को भी मुख्यमंत्री ने साझा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी और कमलेश ठाकुर भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने बच्चियों से प्रदेश और देश की राजधानी का नाम पूछा। सभी ने इसका सही जवाब दिया। शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री का नाम भी बच्चियों ने बताया। हालांकि, राज्यपाल का नाम बच्चियां नहीं बता सकीं। इस दौरान बच्चियों ने



सीएम से पूछा कि क्या आप बचपन में शरारती थे, आपको टीचर से डांट पड़ती थी। जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे तो सभी शरारती होते हैं। हमारे समय में तो टीचर छोटे से डंडे से पिटाई भी करते थे। यह सुनकर बच्चियां खूब हंसीं।

# कम वोल्टेज तथा ट्रिपिंग की समस्या का शीघ्र निदान सुनिश्चित बनाएं विभाग : जगत सिंह नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में विद्युत विभाग किन्नौर के अधिकारियों की बैठक ली।

नेगी ने कहा कि वर्तमान में जिला किन्नौर में 5 विद्युत सब-स्टेशन रिकांगपिओ, सांगला, पूह, भावानगर तथा टापरी के माध्यम से जिला किन्नौर के 37 हजार 187 विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके लिए विभाग 988 किलोमीटर लंबी एचटी लाइन तथा 1159 किलोमीटर लंबी एलटी लाईन बिछाई गई है। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के लोगों की लो-वोल्टेज तथा ट्रिपिंग की समस्या का शीघ्र निदान सुनिश्चित बनाएं तथा जिला के दूर-दराज गांव तक सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 240 वोल्टेज प्रदान करें।

उन्होंने सर्दीयों के दौरान होने वाली बर्फबारी से पहले बिजली के ट्रांसफॉर्मरों व खम्बों सहित तारों के आवश्यक रख-रखाव के लिए गश्त लगाने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)



# तबादले के चौबीस घंटे के भीतर ही पुलिस मुख्यालय को बदलने पड़े तबादला आदेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पुलिस थाना गगरेट के प्रभारी इंस्पेक्टर सन्नी गुलेरिया के हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय शिमला द्वारा जारी किए गए तबादला आदेश चौबीस घंटे से पहले ही निरस्त कर दिए गए हैं। अभी तबादला आदेश जारी ही हुए थे कि गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने एक काबिल अफसर को बेवजह बदलने पर अपनी आपत्ति मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष दर्ज करवाई। जिस पर हरकत में आए हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को इन तबादला आदेशों को रद्द कर दिया। यह तीसरा मामला है जब अपने अधिकारियों के तबादले पर विधायक राकेश कालिया ने कड़ा स्टैंड लेते हुए इन्हें रद्द करवाया है।

वीरवार को हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा जिन इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए थे, उनमें इंस्पेक्टर सन्नी गुलेरिया का नाम भी शामिल था। सन्नी गुलेरिया को यहां से तबादला कर प्रथम एचपीएपी बटालियन जुन्गा में तैनाती दी गई थी। अभी तबादला आदेश फ्लैश ही हुए थे कि इसकी भनक विधायक राकेश कालिया को लग गई। पुलिस थाना गगरेट के बतौर प्रभारी बेहतरीन कार्य कर रहे इंस्पेक्टर सन्नी गुलेरिया के बेवजह तबादला आर्डर जारी करने पर विधायक राकेश कालिया ने तत्काल मुख्यमंत्री को फोन कर अपनी आपत्ति जताई। जिस पर हरकत में आए सीएमओ ने हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय को तत्काल तबादला आदेश रद करने को कहा और शुक्रवार को तबादला आदेश रद्द भी हो गए।

**दुखद** चंडीगढ़ में कार्यक्रम देने के पश्चात मंडी बस अड्डे पर पड़ा था हार्ट अटैक

# हमेशा के लिए खामोश हो गई सूरजमणि की शहनाई

**सुनील शर्मा, गोहर**

हिमाचल में बिस्मिल्लाह खां के रूप में जाना जाने वाले गोहर उपमंडल के चच्योट गांव निवासी सूरजमणि की शहनाई हमेशा के लिए थम गई। सूरजमणि चंडीगढ़ में कार्यक्रम देने के पश्चात वापस आ रहे थे तो उन्हें मंडी बस अड्डे पर हार्ट अटैक पड़ा था।

उसके पश्चात उन्हें मंडी में एक निजी अस्पताल में दाखिल किया था। सूरजमणि की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उन्हें एम्स बिलासपुर ले गए थे। हालांकि गत दिवस दिन को सोशल मीडिया पर उनकी मृत्यु की खबर वायरल हुई थी, लेकिन वह झूठ निकली। एम्स बिलासपुर में जिंदगी और मौत से जूझ रहे सूरजमणि ने शुक्रवार तड़के 2:30 बजे अंतिम सांस ली। (अनंत ज्ञान)

## बस्मिल्लाह खां कैसे बन गया सूरजमणि


हिमाचल के बिस्मिल्लाह खां सूरजमणि गोहर उपमंडल के चच्योट गांव के निवासी थे। वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी छाप छोड़ चुके हैं। शहनाई वादन सूरजमणि का पुश्तैनी कार्य था, लेकिन मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एसडी कश्यप के सानिध्य में उनकी कला को एक नया आयाम मिला और एक छोटे से गांव में शहनाई बजाने वाला हिमाचल का बिस्मिल्लाह खां बन गया और कई पुरस्कार अपने नाम कर चुके थे, पिछले कई दशकों से उनकी शहनाई प्रदेश और देश के कई बड़े मंचों पर बजती आई थी जिसे प्रदेश की कला एवं संस्कृति ही नहीं अपितु पहाड़ी लोगों की जीवन शैली भी झलकती थी।



हिमाचल की हर तीसरी म्यूजिक एल्बम में उनकी शहनाई की गूंज अवश्य होती थी। मंडी शिवरात्रि मेलों में भी सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन उनकी शहनाई की मंगल ध्वनि से होता आया है। उनके देहांत से हिमाचल ने लोक कला जगत का एक सितारा खो दिया है। शहनाई वादक सूरजमणि के देहांत की खबर को सुनकर हिमाचली गायक कलाकारों व स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने निधन पर शोक जताया

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शहनाई वादक सूरजमणि के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सूरजमणि ने देश-विदेश में अपनी कला की छाप छोड़ी। मंडी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं की शुरुआत उनकी शहनाई से होती थी। वे हिमाचल के बिस्मिल्लाह खां के नाम से विख्यात थे। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



# सेवानिवृत्ति के 16 साल बाद मिला लेफ्टिनेंट कर्नल का रैंक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर ऊना के तलमेहड़ा निवासी रघवीर सिंह को सेवानिवृत्ति के 16 साल बाद लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर पदोन्नति मिली है। ऊना जिला के छोटे से गांव तलमेहड़ा में जन्मे होनहार रघवीर सिंह की पढ़ाई भी इसी गांव में हुई।

उन्होंने सितंबर 1976 में इंडियन आर्मी सिपाही के तौर पर ज्वाइन की। अपनी लगन और मेहनत के दम पर दिसंबर 1996 में यह कमीशन प्राप्त कर लेफ्टिनेंट बने। दिनांक 31 दिसंबर 2008 को यह बतौर मेजर सेवानिवृत्त हुए, उसके बाद जबकि इन्हें ले. कर्नल



**सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका पर दिया फैसला**

पद पर होना चाहिए था। उस समय यह घोर अन्याय दुर्भाग्यवश तकनीकी खामियों के कारण, उस समय के रेजीमेंट कमिशन के अन्य सभी 204 अधिकारियों के साथ हुआ था। अंत में न्याय न मिलने के कारण इन सबको न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

एक लंबी लड़ाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने इन सभी अधिकारियों के हक में फैसला दिया और यह रिटायरमेंट के 16 साल बाद लेफ्टिनेंट कर्नल बने हैं। यह जानकारी देते पूर्व सैनिक राजिंद्र शर्मा ने बताया कि ईमानदार, समाज सेवी, दानवीर, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जिला सैनिक बोर्ड, और पूर्व प्रभारी ईसीएचएस ऊना रहे, मेजर रघवीर सिंह के हाल ही में आदेश के बाद सन् 2009 से लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक जारी होने की खबर सुनते ही पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# स्कूलों में लाइब्रेरियन है नहीं, लाइब्रेरियों की हो रही ग्रेडिंग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में लाइब्रेरी को अपग्रेड करने की तैयारी कर रही है, जिससे बच्चों, युवाओं और लोगों को इसका फायदा मिल सके। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा लाइब्रेरियों की ग्रेडिंग की जा रही है, जिसके तहत हर लाइब्रेरी का एक ग्रेड तय होगा।

हैरानी की बात तो यह है कि लाइब्रेरियों की ग्रेडिंग तो शुरू कर दी गई है, लेकिन अधिकतर लाइब्रेरियन के पद खाली है। प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में 771 लाइब्रेरियां हैं, जिनकी ग्रेडिंग होनी है जो बिना लाइब्रेरियन के चलाई जा रही हैं। लाइब्रेरी की ग्रेडिंग के लिए बकायदा पैमाना बनाया गया है जिसमें ग्रेड वन में 100 पुस्तकें, ग्रेड टू के लिए 500, ग्रेड थ्री के लिए 1000 पुस्तकें, ग्रेड फोर के लिए 1500 और ग्रेड पांच के लिए



2000 पुस्तकें होनी चाहिए। इसी के साथ बैठने की क्षमता कितनी है, कंप्यूटर टॉयलेट की सुविधा होनी चाहिए। स्कूलों में बनी लाइब्रेरियों में पुस्तकें तो हैं लेकिन उनकी देखभाल करने के लिए लाइब्रेरियन नहीं हैं। ऐसे में न तो लाईब्रेरी समय पर खुल रही है और न ही किताबों का रख रखाव सही ढंग से हो रहा है, जिससे विशेषकर बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन लाइब्रेरियों को स्कूल के अध्यापक या अन्य किसी की ड्यूटी लाइब्रेरी संभालने के लिए लगाई जाती है। ऐसे में लाइब्रेरी की ग्रेडिंग का क्या औचित्य है, क्योंकि लाइब्रेरियन न होने से युवाओं को भी लाभ नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है कि प्रदेश प्रत्येक पंचायत में लाइब्रेरी बनाने जा रही है ऐसे में यदि बिना स्टाफ के लाइब्रेरियां बनाई जाएंगी तो इसका किसी को भी लाभ संभव नहीं है। शिक्षा विभाग द्वारा करवाई जा रही ग्रेडिंग के बाद जिन स्कूलों की कोई मांग होगी उसे भी पूरा किया जाएगा।

इस बारे में उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि स्कूलों की लाइब्रेरियों को अपग्रेड करने के लिए ग्रेडिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक जिला के लगभग 50 प्रतिशत स्कूलों ने परफॉर्म भरकर दे दिया है। उन्होंने बताया जिस तरह स्कूलों की रिर्पोट आएगी बाद में उसका निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरियों में लाइब्रेरियन के पदों पर तैनात उन्हें कॉलेज में भेज दिया गया है। अब स्कूल के प्रभारी या अध्यापक ही इन्हें संभाल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पुन्नर स्कूल के छात्रों ने ली ऑन जॉब ट्रेनिंग



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर के व्यावसायिक विषय के विद्यार्थियों ने वोकेशनल शिक्षक गुरु स्वरूप की अगुवाई में तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग ली। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप सकलानी व स्टाफ द्वारा ज्ञानवर्धन किया गया व बारहवीं के विद्यार्थी ने इस दौरान यूको बैंक में अपना व्यवसायिक प्रशिक्षण शाखा प्रबंधक विक्रांत खनौरिया व उनके स्टाफ द्वारा प्राप्त किया व विषय की बारीकियों से रू-ब-रू हुए। प्रधानाचार्य अंजू लता ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी व्यवसायिक शिक्षा को अधिक महत्त्व दिया है व व्यवसायिक विषय पढ़कर बच्चे भविष्य में स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

### अवस्थी कॉलेज धर्मशाला में मनाया दशहरा



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अवस्थी शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में विजय दशमी की पूर्व संध्या पर दशहरा पर्व मनाया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अपना हुनर दिखाया। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, संगीत व लघु नाटिका प्रस्तुत कर काफी समां बांधा। इस मौके पर अवस्थी शिक्षा महाविद्यालय की अध्यक्ष कृष्णा अवस्थी व मैनेजिंग डायरेक्टर अमित भारद्वाज ने भगवान राम के जीवन को आदर्श मानकर अपने जीवन में उनकी शिक्षा को उतारने की सलाह दी। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमित चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के पर्व को कॉलेज में मनाने का हमारा उद्देश्य छात्रों को अपनी सभ्यता और संस्कृति से अवगत करवाना है। उन्होंने सभी से राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। इस मौके पर दिनेश, मोनिका, पूनम, आरती, रुचि, मेघा, ऋतु, सुरेखा उपस्थित रहे।

### बिजली उपभोक्ता 31 से पहले करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के अंतर्गत आते सभी उपभोक्ताओं के लिए 1 अक्तूबर से विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने (केवाइसी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहायक अभियंता उपमंडल चढ़ियार ओम प्रकाश ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि जैसे ही बिजली विभाग का कर्मचारी उपभोक्ता के घर बिजली का बिल देने आएगा, उस समय जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड व मोबाइल नंबर पहले से ही उपलब्ध रखें, ताकि समय अनुसार केवाईसी करवा सकें। उन्होंने कहा कि अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में बिजली के बिल में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है इसलिए इससे पहले अपने मीटर को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया को पूरा कर लें।

### तकीपुर में मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय ताकीपुर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने शिरकत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का लक्ष्य बालिकों को सशक्त तथा उनकी आवाज को बुलंद करना है। सशक्तिकरण का माध्यम शिक्षा है। जब बालिका पढ़ी-लिखी होगी तो वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगी तथा अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का भी समाधान करेगी।

### रामायण प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद मैदान कांगड़ा में चल रही रामलीला के दौरान हनुमान द्वारा अशोक वाटिका का उजाड़ना,लंका दहन, विभीषण राम, सुग्रीव मिलाप, अंगद का रावण दरबार में जाना आदि दृश्य का मंचन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के समाजसेवी जोगेश अहलूवालिया ने पहुंचकर रामायण प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा, उपाध्यक्ष राकेश मेहरा, मुकेश मेहरा, संजय कोच, मिडिया प्रभारी मनोज कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। रामलीला मंचन के दौरान हनुमान ने अशोक वाटिका को उजाड़ा और वहीं मेघनाथ द्वारा हनुमान को बंदी बना कर रावण दरबार ले जाया गया जहां हनुमान की पूछ में आग लगा दी गई जिससे हनुमान ने लंका को जला दिया।

### खैरा स्कूल में डिजिटल फ्रॉड बारे दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में शुक्रवार को वोकेशनल विषय बैंकिंग व सिक्योरिटी के बच्चों के लिए गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर सुशील कुमार ने बच्चों को ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं व डिजिटल फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से हम सतर्क रहकर बैंकिंग फ्रॉड से बच सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने बैंक के द्वारा दी जाने वाली विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं के बारे में बच्चों को बताया। प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने गेस्ट लेक्चरर का धन्यवाद किया व बच्चों को उनके द्वारा बताई गई बातों का ध्यान रखकर बैंकिंग फ्रॉड से बचने को कहा। इस अवसर पर स्कूल के सिक्योरिटी विषय के वोकेशनल ट्रेनर विरेंद्र राणा व बैंकिंग विषय की वोकेशनल ट्रेनर आरजू शर्मा उपस्थित रहे।

### मोहली में एबीवीपी ने महानवमी पर बांटा हलवा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मोहली इकाई ने महानवमी पर हलवा बांटा है। इस धार्मिक आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिषद ने कहा कि हलवे का प्रसाद सभी के लिए न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक भी बना। इकाई अध्यक्ष अमित ठाकुर ने एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ विश्वविद्यालय के सभी छात्रों की भागीदारी ने इस पवित्र पर्व को और भी खास बना दिया। भारतीय संस्कृति के पर्वों में शरद नवरात्रों का विशेष महत्त्व है। नवरात्रों के 9 दिन देवी मां की पूजा अर्चना की जाती है। विश्व का कल्याण हो ऐसी भावना के साथ देवी मां से आशीर्वाद मांगा जाता है। महानवमी के दिन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र मोहली में देवी मां का पूजन अर्चन किया गया उसके पश्चात हलवा वितरण किया गया। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज करवाई।

### भवारना स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवारना में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य अजय भाटिया ने अपने कर कमलों द्वारा किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य अध्यापक व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में आवश्यक जानकारी दी व सात दिवसीय शिविर में क्या-क्या गतिविधियां होती हैं इसकी जानकारी दी।

# निक्का, सुरेश और सुभाष को मिलेगा गुड स्मार्टियन अवार्ड

## 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचाकर बचाई कीमती जानें, मिलेगा 5 हजार का नकद पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से 'गुड स्मार्टियंस' नामक योजना आरंभ की गई है। इसमें सड़क दुर्घटना में पीड़ित को हादसे के तुरंत बाद शुरुआती एक घंटे के भीतर 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने का प्रयास करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र तथा 5000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। शुक्रवार को एनआईसी सभागार में रोड सेफ्टी तथा गुड स्मार्टियन योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि कांगड़ा जिला में गुड स्मार्टियन योजना के तहत तीन लोगों को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

इसमें समकेड़ निवासी सरदार निक्का सिंह, धमेटा से सुभाष चंद तथा आइमा से सुरेश कुमार को पांच-पांच हजार का पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की इस योजना का मकसद लोगों को सड़क हादसों में घायलों की मदद करने और दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में कमी लाना है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि योजना के मुताबिक एक गुड स्मार्टियन (नेक मददगार) के रूप में एक व्यक्ति को एक साल में अधिकतम पांच बार पुरस्कार प्रदान किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर 10 सबसे नेक मददगारों को एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत स्थानीय थाना पुलिस डॉक्टरों के सत्यापन के साथ गुड स्मार्टियन का ब्यौरा लेगी तथा निर्धारित फॉर्म भर कर जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति को भेजेगी। जिलाधीश की अध्यक्षता में बनी यह समिति पुरस्कार की अनुशंसा करेगी। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन तथा सूचना जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का रखें विशेष ध्यान : बाली

## विधायक ने परिवार सहित बज्रेश्वरी मंदिर में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

मां बज्रेश्वरी के दर पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली हिमाचल ने परिवार सहित माथा टेका और पूर्णाहुति डाली। मंदिर के पुजारियों ने उनसे विधिवत पूजा- अर्चना करवाई।

मंदिर पहुंचने पर उनका एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, मंदिर अधिकारी नीलम कुमारी, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजेश राजा, ट्रस्ट सदस्य एवं प्रदेश प्रवक्ता अशोक हिमाचली, ट्रस्ट सदस्य उमाकांत और वरिष्ठ पुजारी उमेश शर्मा ने मां की चुनरी और फोटो देकर स्वागत किया। बाली ने अधिकारियों को मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का हर तरह से ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले यात्री हमारे मंदिरों और प्रदेश की शान है और उन्हें हर तरह की सुविधा यहां मिले यह सुनिश्चित करना हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा मां का आशीर्वाद प्रदेश के समस्त नागरिकों पर बना रहे। उन्होंने मंदिर के विकास के लिए हर तरह से सहायता करने का आश्वासन दिया।

### आशीष बुटेल ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

**पालमपुर।** मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने आज शुक्रवार को पालमपुर विधानसभा क्षेत्र विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुख समृद्धि की कामना भी की। इस दौरान आशीष बुटेल ने नछिर के विंध्यवासिनी मंदिर, बस अड्डा में माता मंदिर, भरमात के माता मंदिर, राजपुर में बाबा सिद्ध भक्ति मंदिर मे पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों पर सभी प्रकार की मुलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। आशीष बुटेल ने कहा कि प्रदेश के शक्तिपीठ हर वर्ष लाखों भक्तों को आकर्षित करते हैं। तीर्थयात्रियों के अनुभव को और सुखद बनाने के लिए सरकार प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी कार्य कर रही है। सरकार के दृढ़ प्रयासों से देवभूमि हिमाचल को सभी के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसके उपरांत सीपीएस ने पड़ियारखर के शिव गेस्ट हाउस का शुभारंभ भी किया।

# जिले में लिंगानुपात सुधार पर रहेगा विशेष फोकस : उपायुक्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में लिंगानुपात में सुधार पर विशेष फोक्स किया जाए इस के लिए ग्रामीण स्तर तक लोगों को जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर्स मिशन मोड में कार्य करें। शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में 1000 लड़कों के मुकाबले 925 लड़कियों का अनुपात है। इसमें अभी भी सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या पर पूर्णतय: अंकुश लगाने का प्रावधान किया गया है तथा इस एक्ट के बारे में जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के साथ साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए इस के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों को जागरूक करें तथा मोबाइल पर पोषण आंकड़ों का आकलन करें और बच्चों की ग्रोथ को भी मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की छह माह की आयु तक स्तनपान के साथ साथ समय पर उपरी आहार की भी करें तथा आयु अनुसार पर्याप्त आहार सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से रचिता ने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम पर और महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जबकि रोमा गुलेरिया कानूनी संरक्षण अधिकारी ने पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम के बारे में जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बच्चों से संबंधित चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी दी।

## हैप्पी बर्थडे



पट्टी (पालमपुर) के संजीव गुलेरिया को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



जलग्रां (ऊना) के पवन कुमार और पूनम कुमारी को शादी की 41वीं वर्षगांठ पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### नवमी को 15000 श्रद्धालुओं ने मां के दर टेका माथा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगरकोट माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में शारदीय नवरात्र की नवमी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस जवानों को खूब पसीना बहाना पड़ा। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा रहा। लगभग 15000 श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में हवन-यज्ञ व अपने बच्चों के मुंडन संस्कार करवा रहे थे। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए थे। मंदिर अधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि अष्टमी नवरात्र की गणना के अनुसार 507128 श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में दान किया गया।

### पत्रकार पर दर्ज एफआईआर के विरोध में दिया ज्ञापन

**धर्मशाला।** धर्मशाला के पत्रकार समुदाय ने पत्रकार सुनील चड्ढा के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में एकजुट होकर उनके लिए सुरक्षा की मांग की है। यह एफआईआर कथित रूप से उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से दर्ज की गई है। सुनील चड्ढा ने हाल ही में एक विश्लेषणात्मक खबर प्रकाशित की थी, जिसमें यह सवाल उठाया गया था कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के फैसलों का हरियाणा के चुनाव परिणामों पर कोई प्रभाव पड़ा या नहीं, जहां भाजपा ने बहुमत हासिल किया। इस खबर के प्रकाशित होने के कुछ घंटों के भीतर चड्ढा के खिलाफ शिमला के एक निवासी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि चड्ढा की रिपोर्ट कांग्रेस नेताओं की छवि को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लिखी गई थी। इस एफआईआर की जानकारी तुरंत सोशल मीडिया पर फैल गई, जिससे चड्ढा के परिवार में भय और तनाव का माहौल बन गया। पत्रकारों ने पत्र लिखकर पायुक्त हेमराज बैरवा को सौंपा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को यह संदेश देने की मांग की गई कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए।

### मीडिया के खिलाफ शिकायत सरकार की तानाशाही : चक्षु

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एवं एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि मीडिया के खिलाफ शिकायत से प्रदेश की कांग्रेस



सरकार की तानाशाही एक बार फिर सबके सामने आ गई है। विश्व चक्षु ने कहा कि इस तरह की हरकतें देवभूमि हिमाचल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब कांग्रेस की सुक्खू सरकार मीडिया के विश्लेषण-खबर लिखने पर रोक लगाने की नई व्यवस्था परिवर्तन कर रही है, जिसका प्रदेश की जनता व भाजपा कड़े शब्दों में विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित व्यक्ति की ओर से एफआईआर दर्ज करवाई गई है, जबकि यह सारा खेल सरकार की शह पर ही खेला जा रहा है। भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने हिमाचल सरकार द्वारा हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने पर प्रकाशित विश्लेषण के सिलसिले में मीडिया हाऊस पर दर्ज की गई एफआईआर का तीखा विरोध किया है।

# देहर खड्ड में मिला व्यक्ति का शव

## हवाल के राकेश कुमार के रूप में हुई मृतक की पहचान, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अनिल छांगू, जवाली**



पुलिस थाना जवाली के अधीन मिनी हरिद्वार के नजदीक सुनेहड़ मनभरी देहर खड्ड में शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद हुआ, जिससे इलाके में सनसनी का माहौल बन गया। मृतक युवक की पहचान राकेश कुमार (42) पुत्र बख्शी राम निवासी हवाल के रूप में हुई है। उक्त युवक गरीब परिवार से है और मेहनत-मजदूरी करता था।

जानकारी अनुसार शुक्रवार को सुबह लोगों ने देहर खड्ड में पानी के बीच एक शव को देखा तथा इसकी सूचना पुलिस थाना जवाली में दी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस मौका पर पहुंची तथा शव को पानी से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर अस्पताल भेज दिया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि देहर खड्ड में हवाल के एक युवक 42 वर्षीय राकेश कुमार का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है तथा पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर अस्पताल भेज दिया है। और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### टीहरी स्कूल के छात्रों ने जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक माठशाला टिहरी में प्रधानाचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में वन, अग्नि एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हंस फाउंडेशन के खंड समन्वयक संदीप चौहान और समन्वयक स्टाफ के सुरेंद्र कुमार, कुसुमलता, साहिल ठाकुर, पंकज शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से वन संरक्षण और अग्नि निवारण के महत्व को रेखांकित किया।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा और कंजक पूजन पर्व

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



सूरजपुर मोहतट्ली में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चेयरमैन रणवीर सिंह, प्रधानाचार्य अनुमीत कौर, सेक्रेटरी कंवलजीत सिंह की अध्यक्षता में दशहरा एवं कंजक पूजन का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम आरती के साथ कंजक पूजन का कार्यक्रम किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी की नन्हीं-गुन्नी छात्राओं को पूजा गया और चेयरमैन और प्रधानाचार्य ने उनसे आशीर्वाद भी लिया। उसके बाद रामायण की लघु कहानी कठपुतलियों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। बाद में छात्राओं ने रामायण के दृश्य सुंदर ढंग से प्रस्तुत किए गए। सारा प्रागंण श्रीराम की जय-जयकार से गूंज उठा। बच्चों ने इन झांकियों का भरपूर आनंद लिया। अंत में प्रधानाचार्य ने दशहरे के त्योहार की बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया और सबको दुगाष्टमी और दशहरे की बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ में नशे के खिलाफ निकाली रैली

**बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में नशा मुक्ति क्लब और एनएसएस इकाई ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल के दिशा-निर्देश में सारथी जन कल्याण एजुकेशनल एवं चेरिटेबल ट्रस्ट के साथ मिलकर चोबीन चौक से लेकर एसडीएम ऑफिस तक नारे लगाते हुए एक रैली निकाली। इस अवसर पर प्रो वीरेंद्र सिंह, डॉ. सुलक्ष्णा शर्मा, प्रो अमन राणा और प्रो. सुनीता राणा ने विद्यार्थियों का रैली के दौरान मार्गदर्शन किया और भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

### युवक पर रामलीला की स्टेज पर बेअदबी करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले के भोआ क्षेत्र के गांव गज्जू जगीर में एक युवक पर रामलीला की स्टेज पर बेअदबी करने का गांववासियों ने आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि गांव में एक महिला की मौत हो जाने पर गत दिवस एक दिन के लिए रामलीला मंदिर में करवाना ठीक न समझते हुए बंद रखा, लेकिन शाम के समय उक्त मंदिर की स्टेज पर छोटे बच्चे जो रामलीला में कलाकारी करते हैं बैठे हुए थे और तभी एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया और उसने रामलीला की स्टेज पर जाकर नुकीली वस्तु से पर्दे फाड़ते हुए बेअदबी की। वहीं, युवक उक्त बच्चों को जबरदस्ती रामलीला करने के लिए कहता है और जब बच्चों ने मना कर दिया तो उक्त युवक पर्दे फाड़ फरार हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। लोगों ने पुलिस थाना तारागढ़ में शिकायत कर दी है।

**व अदालत नायव तहसीलदार सहायक द्वितीय श्रेणी पंचरुखी, जिला कांगड़ा।**

किस्म मुकदमा मुकदमा नं. तारीख पेशी
37/NT/24 26.11.24

**अश्वनी कुमार आदि**
**बनाम**
**सुनील कुमार आदि**

**समन बनाम:** 5.(b) कुलदीप पुत्री व 5.(c) लता 5.(d) गीता पुत्रियां सीता देवी पुत्री राणू 9. वीना देवी पुत्री घपना 10. बेबी पुत्री केसरी देवी पुत्र घपला 11. गीता देवी 12. पार्वती देवी पुत्रियां परस राम पुत्र चिपलु समस्त निवासीगण गांव ब्रोहल डाकघर व उपतहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**विषय :-** भूमि तकसीम खाता नं. 160 मिन खतौनी नं. 260 मिन खसरा किता-15 रकवा तदादी 00-87-88 हैक्ट. स्थित महाल ब्रोहल उप तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबंदी वर्ष 2017-18।

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादीगण को कई बार समन किए गए परंतु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे किसी को कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 26/11/2024 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 08/10/2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### बौंण वीरगढ़ में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** गोगा जाहरवीर मंदिर बौंण वीरगढ़ में नवरात्रि के उपलक्ष्य में 10 से 12:30 बजे तक हवन-यज्ञ करवाया गया, उसके तुरंत बाद पूर्णाहुति दी गई। इस बीच मंदिर के पुजारी ने गोगा जाहरवीर से संगत के भले के लिए प्रार्थना की। बहुत से श्रद्धालुओं ने अपने लिए बाबा जी से मन्नत मांगी। जिन श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी हुई थी उन्होंने श्रद्धानुसार अपनी ओर से बाबा जी को भेंट अर्पित की। इस दौरान भजन-कीर्तन शाम तक चलता रहा। दोपहर को भोजन की व्यवस्था भी थी। आस-पास के बहुत से लोगों ने बाबा जी के दरबार में हाजिरी लगवाई।

**जांच-पड़ताल**

## कई महकमों ने किया लाखों रुपए का काम, बावजूद इसके नहीं रुक रहा डल झील का रिसाव

# करोड़ों खर्च कर भी क्यों नहीं सुधरे हाल, अब इसकी भी होगी पड़ताल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

राजस्थान से लाई गई मिट्टी के अलावा डल झील के जख्मों को भरने के लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च करने के बाद भी रिसाव जारी है। आनन-फानन में मछलियों की जान पर बनी आफत के बाद क्विंटलों मछलियां सुरक्षित पानी में पहुंचाने के बाद अब प्रशासन पूर्व में हुए करोड़ों के कामों की पड़ताल करेगा। इसके चलते करीब आधा दर्जन विभागों से डल झील का रिसाव रोकने के लिए किए गए कार्यों तथा बजट की रिपोर्ट तलब की गई है। धर्मशाला के नड्डी स्थित डल झील के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने कदमताल तेज कर दी है। करीब एक दशक से झील पर अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। हमेशा ताजे पानी से लबालब रहने वाली यह पवित्र झील एक दशक से रिसाव की समस्या से जूझ रही है। इस समस्या से पार पाने के लिए जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, फोरेस्ट, पंचायती राज विभाग आदि विभागों ने अपने-अपने स्तर पर प्रयास किए हैं, जिस पर लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसलिए प्रशासन ने सभी विभागों से रिपोर्ट तलब है कि इस झील के अस्तित्व को बचाने के लिए अब तक किस-किस तकनीक का इस्तेमाल किया जा चुका और इस कितना खर्च हो चुका है। सभी विभागों की रिपोर्ट आने के बाद यह पता चल पाएगा कि अब तक किस-किस विभाग ने कौन-कौन सी तकनीक उपयोग में लाई है। सारी रिपोर्ट्स की गहन स्टडी करने के बाद पर्यावरणविदों से भी राय ली जाएगी। इसके अलावा झीलों के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने जुटी दक्षिण भारत की एक एनजीओ से भी मदद लेने का प्रशासन ने प्लान तैयार किया है।

गौर हो कि मिनी मणिमहेश से प्रसिद्ध मैक्लोडगंज की नड्डी स्थित प्राचीन डल झील लगातार रिसाव से सूखती जा रही है। यह झील पिछले डेढ़ दशक से अपने आस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। (अंनत ज्ञान)



> डल झील का रिसाव रोकने के लिए करीब आधा दर्जन विभागों ने अपने स्तर पर काफी प्रयास किए हैं, लेकिन रिसाव नहीं रुक पाया है। इसलिए अब तक रिसाव रोकने के लिए किए गए कार्यों तथा खर्च हुए बजट की रिपोर्ट मांगी गई है, ताकि पता चल सके कि अब तक कौन-कौन सी तकनीक इस्तेमाल की जा चुकी है। यह झील लोगों की आस्था से भी जुड़ी है, इसलिए प्रशासन का प्रयास है कि इसके प्राकृतिक स्वरूप को यथावत रखा जाए।
>
> **-संजीव कुमार भोट,एसडीएम, धर्मशाला**

# विजयदशमी पर्व

## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## आभार

विजय दशमी पर्व के शुभअवसर पर
अनंत ज्ञान परिवार की ओर से समस्त प्रदेशवासियों
एवं समस्त विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं
एवं विशेषांक को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार

**अजय पाल**
संवाददाता
अनंत ज्ञान
मो. 89881-85425

---

**विजयदशमी पर्व**
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**NEW NANDA JEWELLERS PALAMPUR**



Grand Plaza, Shop No. 30-31 Palampur, MOB. 91293-51290

---

**विजयदशमी पर्व**
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**सदा शिव स्टोन क्रशर**
गांव व डाकघर कूहना, तहसील रक्कड़
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)



देवेंद्र सिंह
प्रोप.

---

**ग्राम पंचायत अप्पर ठेहड़ू**
विकास खण्ड लम्बागांव
की तरफ से
**राज्यस्तरीय दशहरा उत्सव**
की हार्दिक शुभकामनाएं

**शेखर सिंह**
बीडीओ जयसिंहपुर

**विनोद कुमार**
प्रधान ग्राम पंचायत अप्पर ठेहड़ू

---

**विजयदशमी पर्व**
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

Discipline ! Struggle ! Goal !

**B.K. Public SR. SEC. SCHOOL**
JAISINGHPUR DISTT. KANGRA (H.P.)

**ADMISSION OPEN**
Affiliated to HP Board of School Education, Dharamshala
**Nursery to 10+2 (Science & Commerce)**

**Salient Features**
- NEP-2020 Based Curriculum.
- Highly Qualified & Experienced Faculty
- Affordable Fee Structure.
- Special Focus on Slow Learners.
- Proper Care For Play Way Kids by trained Teacher with Attendant (Nanny).
- Excellent board Results.
- Short Span or time for Nursery Kids.
- Safe & Secure Environment for all the Bus Commuters.
- Special Discount for Weaker Sections (IRDP & BPL)
- Special Assistance fo JNVST (Navodaya) & Sainik School Entrance Examination.
- Sports Participation in different Games up to National Level.
- Focus on both Scholastic as well co-Scholastic Development of the Child.

**30 Years of Legacy in Value Based Education.**

B.S. GULERIA (Chairman) Contact: 9816166820
VIJAY GULERIA (M.D.) Contact: 8574700009

---

हिमाचल प्रदेश
लोक निर्माण विभाग
मंडल शाहपुर
की तरफ से
**विजयदशमी पर्व**
की समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**अंकज सूद**
अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण
विभाग मंडल शाहपुर

**विपुल पुंज**
सहायक अभियंता लोक निर्माण
विभाग मंडल शाहपुर

---

**विजयदशमी पर्व**
की समस्त
प्रदेशवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं

**ऊषा शर्मा**
प्रधान
नगर पंचायत
शाहपुर

---

**विजयदशमी पर्व**
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

**सिद्धीविनायक स्टोन क्रशर**
अमरोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)



प्रो. हरीश शर्मा
विशाल शर्मा

---

**हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल जयसिंहपुर**
के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से
राज्य स्तरीय जयसिंहपुर मेले के शुभअवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**मंडल जयसिंहपुर विकास के पथ पर:**
प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएं

5 नंबर लंबाई 34.796 किलोमीटर (32.04 करोड़ रुपए)
नाबार्ड के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएं
5 नंबर लंबाई 17.375 किलोमीटर (28.27 करोड़ रुपए)
इंडोर स्टेडियम जयसिंहपुर (8.52 करोड़ रुपए)
टारिंग 36.610 किलोमीटर (5.30 करोड़ रुपए)

**ई. विजय कुमार वर्मा**
अधिशाषी अभियंता
हि.प्र.लो.नि.वि. मंडल जयसिंहपुर

---

हिमाचल प्रदेश जलशक्ति विभाग
मंडल जयसिंहपुर की तरफ से
**विजयदशमी पर्व**
की समस्त कर्मचारियों एवं प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं

---

**सुखविंद्र सिंह सुक्खू**
माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)

**मुकेश अग्निहोत्री**
उप मुख्यमंत्री (हि.प्र.)

**यादविंदर गोमा**
आयुष, कानून, युवा सेवाएं
एवं खेल मंत्री

**तीसरी सांस्कृतिक संध्या**
12 अक्टूबर 2024
मुख्य अतिथि का आगमन

**मुख्य आकर्षण**
पंजाबी गायक शिवजोत
गोरव कोंडल
हास्य कलाकार की प्रस्तुति

**विशेष आकर्षण**
मिस जयसिंहपुर

**खेल प्रतियोगिताएं**

| पुरुषों के लिए | महिलाओं के लिए |
|---|---|
| वॉलीबाल | रंगोली प्रतियोगिता |
| कबड्डी | म्यूजिकल चेयर |
| बेडमिंटन | चम्मच दौड़ |
| बास्केटबॉल | रस्सा कस्सी |

बच्चों के लिए
बेबी शो
चम्मच रेस
थ्री लेग रेस

**राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव समिति**
**जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

---

**सुखविंद्र सिंह सुक्खू**
माननीय मुख्यमंत्री
(हि.प्र.)

**मुकेश अग्निहोत्री**
उप मुख्यमंत्री
(हि.प्र.)

**यादविंदर गोमा**
आयुष, कानून,
युवा सेवाएं
एवं खेल मंत्री

**जसवंत डडवाल**
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस
जयसिंहपुर

# राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव जयसिंहपुर
## की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सुमन कुमारी, ज्योति, रजनी, अनीता कटोच, लता देवी, कंचन धीमान
मीनाक्षी, मीना देवी, नीलम ठाकुर, सुरेखा देवी, हेमा, नीलम देवी

जारीकर्ता:- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर

## न्यूज ब्रीफ

### रामनवमी पर निकाली भगवान श्रीराम की झांकी



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में रामलीला मंचन के दौरान श्री राम क्लब बड़ा द्वारा राम नवमी पर निकाली गई प्रभु श्री राम ज़ी की झांकी

### विद्यार्थियों ने किया रामलीला का मंचन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महाअष्टमी और रामनवमी के उपलक्ष पर परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल ककड़ियार के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रामायण के अन्य पात्रों तथा मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का बहुत ही सुंदर मंचन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सभी लोगों के लिए बहुत बड़े आदर्श हैं। जबकि, मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नयी पीढ़ी को इनके बारे में तथा भारत की समृद्ध संस्कृति की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इसी के मद्देनजर स्कूल में रामलीला और मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का मंचन करवाया गया।

### महाअष्टमी पर जिले के मंदिरों में लगे भंडारे



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शारदीय नवरात्र के दौरान शुक्रवार को महाअष्टमी मनाई गई। इस दौरान लोगों ने कन्या पूजन किया और उन्हें प्रसाद के साथ गिफ्ट भी भेंट किए। महाष्टमी पर जिले के कई मंदिरों में भंडारे भी आयोजित किए गए। माता झनियारी देवी मंदिर में भी हमीरपुर गैस एजेंसी के मालिक हरीश नंदा द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने माता के दर्शन किए और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दिनेश प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें कक्षा छठी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रस्साकशी, वॉलीबाल, कबड्डी आदि प्रमुख खेल रहे हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी निम्नलिखित हैं। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर दिनेश, रिदिमा रहे, द्वितीय स्थान में हिमाशि, अर्जित रहे व तृतीय स्थान पर कार्तिक, वंशिका रहे, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर हिमाशी, अरमान रहे व द्वितीय स्थान पर अदिति, उत्सव रहे, तृतीय स्थान पर दीक्षा, नक्ष रहे तथा 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर वंशिका, शानु, तुषार, अक्षित रहे, द्वितीय स्थान पर प्रियांशी, हर्षिका, रक्षित, शुजल रहे, तृतीय स्थान पर सौरभ, नकुल, काजल, प्रिया रहे व वॉलीबाल में कल्पना सदन, इंदिरा सदन विजेता और सरोजनी सदन, लक्ष्मी सदन उपविजेता रहे। प्रधानाचार्य रविंद्र पुरी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्याथियों को प्रोत्साहित किया तथा पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# खाद्य आपूर्ति विभाग के नोटिसों से डिपो संचालकों में मचा हड़कंप

## सिविल सप्लाई में हुए अनाज फर्जीवाड़े का मामला, हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा रही संचालक समिति

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल के कई जिलों में बगैर डिमांड के डिपो संचालकों को भेजे गए अनाज के फर्जीवाड़े के मामले को लेकर डिपो संचालकों में विभाग के नोटिस मिलने के बाद जहां एक ओर हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, डिपो संचालक अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर हो रहे हैं।

उधर, विभाग के अधिकारी डिपो संचालकों से कोर्ट-कचहरी का दरवाजा खटखटाने पर परेशान हो रहे हैं और उन पर कोर्ट में नहीं जाने का दबाव बनाने में जुट गए हैं।



डिपो संचालक को भेजा गया नोटिस।

डिपो संचालकों और विभाग के अधिकारियों के दरमियान इस फर्जीवाड़े को लेकर तनातनी का माहौल तैयार हो गया है।

गड़बड़झाला करोड़ों रुपए का बताया जा रहा है और अभी तो जांच शुरू हुई है, लेकिन जो कुछ सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के दरमियान काफी लंबे समय से फर्जी बिल काटकर केंद्र सरकार से आने वाले मुफ्त के राशन पर जिन्होंने कमाई की है, उस पर सिविल सप्लाई और विभाग की भीतरी 'चूलें' हिल चुकी हैं।

**डिपो संचालकों पर गिराई जा रही गाज :** हिमाचल डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि का कहना है कि गड़बड़झाला सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सौजन्य से जिन खामियों की बदौलत हुआ है, इसकी गाज बेवजह ही नोटिस जारी करके डिपो संचालकों पर गिराई जा रही है। गड़बड़झाले का 'ठीकरा' उन पर फोड़ने का बेवजह ही प्रयास किया जा रहा है। सुनवाई कोई हो नहीं रही, इसीलिए अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया गया है। बहुत जल्द संबंधितों को नोटिस जारी हो जाएंगे।

**गड़बड़ी की जांच जारी :** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम पहले ही कह चुके हैं कि जहां भी गड़बड़ी हुई है, उसकी जांच जारी है। गड़बड़ झाला कितना हुआ है, कितने करोड़ का है? इस डाटे को कंपाइल किया जा रहा है। कुछ दिनों में स्थिति सामने आ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### क्यों जाना पड़ रहा हाईकोर्ट

दरअसल फर्जीवाड़ा तो हो चुका है, जांच में जो भी निकलेगा, उसका पता कब चलेगा और दोषी कौन होगा? यह तो बाद की बात है, लेकिन असल समस्या यह है कि जिन डिपो संचालकों के पास डिमांड के बगैर उनके नाम बिल काटे गए, वह अनाज उनके डिपो में तो आया नहीं। फिर संबंधित विभाग ने इस अनाज को डिपो तक पहुंचाने के लिए जो भाड़ा लिया है, वह भी घोटाला है। तब विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसकी छानबीन क्यों नहीं की। डिपो संचालक के पास संबंधित ट्रांसपोर्टेशन की 'पहुंच' पर सिग्नेचर होते हैं। वे कहीं हैं नहीं। यही असल में इस सारे फर्जीवाड़े की असलियत है।

# बड़सर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्तियों में घोटाले का आरोप

**एसके ठाकुर, बड़सर**

▶ भाजपा नेता बोले-प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो करेंगे आंदोलन

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और वर्करों की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुखदेव राणा, महामंत्री गुरदेव, महामंत्री मुकेश बन्याल, मीडिया प्रभारी विकास पटियाल, जिला परिषद सदस्य राजेश मांगा, किसान मोर्चा अध्यक्ष जगन्नाथ बन्याल, बीडीसी सदस्य सुरजीत, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कमलेश ढिल्लों, अनुसूचित जाति के मंडल अध्यक्ष राम रत्न, मंडल उपाध्यक्ष संजय बन्याल और मंडल उपाध्यक्ष आनंद ठाकुर ने संयुक्त रूप से इन अनियमितताओं की कड़ी निंदा की और इसे एक घोटाला करार दिया है।

भाजपा नेताओं का आरोप है कि कुछ नियुक्तियां नियमों को दरकिनार कर की गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया है कि आखिर किन दबावों के चलते पात्र लोगों की अनदेखी कर अयोग्य लोगों को नियुक्त किया गया। इन नेताओं ने यह भी दावा किया कि कई लोगों के आय प्रमाण पत्रों में हेरफेर कर उन्हें अपात्र होते हुए भी लाभान्वित किया गया है।

### विजिलेंस जांच की मांग

भाजपा के नेताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र विजलेंस जांच होनी चाहिए, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता, तो भाजपा आने वाले समय में एसडीएम कार्यालय का घेराव करेगी और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां सुनिश्चित करे। हम इस घोटाले के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे और जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी करेंगे।

**आय प्रमाण पत्र में हेराफेरी का आरोप :** विशेष रूप से राजस्व अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि कुछ लोगों, जो बड़े संपन्न परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, उनके आय प्रमाण पत्र में मात्र 50,000 रुपए की वार्षिक आय दिखाकर उन्हें अयोग्य होते हुए भी सरकारी लाभ दिलाया गया है। यह स्पष्ट रूप से पात्र लोगों के साथ अन्याय है। (अनंत ज्ञान)

### कोल्हू सिद्ध के पास एनएच निर्माण कंपनी की बड़ी लापरवाही

# चलती कार पर गिरे पत्थर शीशा टूटा, व्यक्ति हुआ घायल

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

हमीरपुर-अवाहदेवी-सरकाघाट वाया टौणी देवी बन रहे एनएच 3 पर शुक्रवार करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। गनीमत यह रही कि पहाड़ी से गिरा पत्थर गाड़ी के शीशे तोड़ व्यक्ति की बाजू से टकराया, अगर कहीं सिर से लगा होता तो जान भी जा सकती थी।

ढांगू निवासी आचार्य संजीव शर्मा ने बताया कि वो पाठ करने के लिए समीरपुर जा रहे थे। कोल्हू सिद्ध के पास पहाड़ी पर एनएच के लिए बड़ी पोकलेन मशीन से कटान हो रहा है व उन्हें सड़क से गुजरने का इशारा किया गया, जिस पर वह गाड़ी लेकर गुजर रहे थे, तभी पत्थर उनकी गाड़ी पर गिरने लगे। इससे उनके उनके दोनों बाजुओं मे चोट लगी और गाड़ी का शीशा चकनाचूर हो गया। हैरानी कि बात है कि हाईवे बना रही कंपनी के पास ट्रैफिक रोकने व चलाने के लिए न तो लाल व हरे रंग के सिग्नल है और न ही ट्रैफिक रोकने वाले मजदूरों के पास वर्दी। मौके पर पहुंचने पर यह बात सामने आई कि हाथों से इशारा किया गया था, लेकिन पोकलेन ऑपरेटर ने इशारा देखा ही नहीं। कंपनी की इस लापरवाही से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

इस बारे एनएच निर्माणं कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि जो भी नुक्सान हुआ है, उसकी भरपाई कि जाएगी और सिग्नल भी मजदूरों को दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर शहर में नहीं जलेंगे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले

## हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद स्कूल मैदान में आयोजन बंद होने के चलते नहीं हो रहा तीन सालों से दशहरा पर्व

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जहां 12 अक्तूबर को पूरे भारत में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, लेकिन हमीरपुर शहर में दशहरा पर्व मनाने के लिए कोई तैयारी तक नहीं है क्योंकि हमीरपुर में पिछले 3 सालों से दशहरे का आयोजन नहीं किया जा रहा है। प्रदेश हाईकोर्ट के निर्णय के बाद स्कूल के मैदानों में सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होने के चलते तीन सालों से हमीरपुर शहर में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले नहीं जलाए जाते हैं।

हालांकि, यहां पर राम नाटक क्लब के द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन होता है, लेकिन पुतले नहीं जलते हैं। वहीं, शहर के व्यापारियों और लोगों ने कहा कि हमीरपुर में भी अन्य शहरों की भांति दशहरे का आयोजन किया जाना चाहिए। लोगों का यह भी कहना है कि कई वर्षों से तो यहां पर हमीर उत्सव का भी आयोजन नहीं किया जा रहा है। लोगों ने सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है हमीरपुर में भी दशहरे का आयोजन किया जाना चाहिए। 3 वर्ष पहले तो हर वर्ष दशहरे का आयोजन किया जाता था, जिसमें हजारों संख्या में लोग भाग लेते थे। शहर में नहीं किया जा रहा है।



स्कूल मैदान में दशहरा पर्व नहीं मनाए जाने से हर कोई दुखी है।

### हमीरपुर में हो दशहरे का आयोजन

वहीं, दुकानदार सुभाष वर्मा और प्रवीन ने बताया कि हमीरपुर शहर में पिछले 3 से 4 वर्षों में दशहरे का आयोजन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये हमारा धार्मिक त्योहार हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि हमीरपुर में भी दशहरे का आयोजन किया जाना चाहिए।

**मैदान में नहीं हो रहे कार्यक्रम :** दशहरा कमेटी हमीरपुर के पूर्व प्रधान दीप बजाज का कहना है कि हमीरपुर शहर का दशहरा सबसे बड़ा पर्व मनाया जाता था और तीन सालों से अब हाईकोर्ट के आदेशों के बाद बाल स्कूल के मैदान में गतिविधियां नहीं हो पा रही हैं। बाल स्कूल मैदान में कोरियन ग्रास लगाए जाने से भी मैदान में कोई कार्यक्रम नहीं हो पा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### प्रशासन दे इजाजत

राम नाटक कला मंच हमीरपुर के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बताया कि 1950 से रामलीला को हमीरपुर में करवाया जा रहा है और 2000 वर्ष से रामलीला से जुड़े है, लेकिन तीन सालों से स्कूल मैदान में अनुमति नहीं मिलने से दशहरा नही मनाया जा पा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि दशहरा पर्व बनाने के लिए प्रशासन को आज्ञा देनी चाहिए।

### रावण और अंगद के संवाद की सराहना

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में श्री राम क्लब बड़ा द्वारा मंचित की जा रही रामलीला के दौरान आठवें नवरात्र पर रावण एवं अंगद का संवाद बहुत ही आकर्षक रहा, जिसकी सबने खूब सराहना की गई। इस अवसर पर क्लब के सह निदेशक अजय शर्मा एवं महासचिव सुखदेव पटियाल ने बताया कि क्लब इस वर्ष भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। दिन में निकाली जाने वाली भगवान श्रीराम, माता सीता, दुर्गा माता, विश्वकर्मा, विष्णु भगवान, शिव पार्वती की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। लगभग 20 फुट रावण के पुतले को आग के हवाले किया जाएगा। रात को राम को राजतिलक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की मांग पर इस बार श्री राम क्लब बड़ा द्वारा राम राज्य के दो अतिरिक्त ड्रामे मंचित किए जाएंगे।



श्री राम क्लब के सह निदेशक और महासचिव।

# 100 मीटर में प्रज्ञा वशिष्ट की दौड़ सबसे तेज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के सिंथेटिक ट्रैक में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय अंडर-19 छात्र-छात्राओं की एथलीट मीट के दूसरे दिन कई रोचक मुकाबले हुए। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की प्रज्ञा वशिष्ट प्रथम, ब्लू स्टार स्कूल की तारिका दूसरे, सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमरोह की चाहत तीसर स्थान पर रही।

200 मीटर दौड़ में ब्लू स्टार स्कूल की तारिका प्रथम, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की प्रज्ञा वशिष्ट दूसरे, सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमरोह की चाहत तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट की अंकिता शर्मा प्रथम, ब्लू स्टार स्कूल की सृष्टि शर्मा दूसरे, हाई स्कूल नरेली की आकृति तीसरे स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट की अंकिता शर्मा प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलडूक की मन्नत दूसरे, ब्लू स्टार स्कूल की सृष्टि शर्मा तीसरे और हाई स्कूल नरेली की शिवानी शर्मा ने चौथा स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ में हाई स्कूल नरेली की शिने प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलडूक की मन्नत दूसरे, सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुठेड़ा की शगुन तीसरे स्थान पर रही।



प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते गणमान्य।

लड़कों की 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल का आर्यन प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुठेड़ा का अतुल शर्मा द्वितीय, उच्च पाठशाला चौकी का पंकज खरयाल तीसरे स्थान पर रहा। लॉग जंप में सीनियर सेकेंडरी स्कूल समीरपुर का अमर प्रथम, हिम अकादकी पब्लिक स्कूल हीरा नगर का आर्यन दूसरे और सेवन स्टार स्कूल का आयुष तीसर स्थान पर रहा। हाई जंप में भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का अक्षित कुमार प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंदड़ू का शुभम कुमार दूसरे, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल आर्यन कौंडल और सीनियर सेकेंडरी स्कूल झिरालड़ी का केशव शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

ट्रिप्पल जंप में भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का अभिषेक कुमार पहले, हाई स्कूल नरेली का अरक्षित शर्मा दूसरे और हाई स्कूल गलोड़ का कनिष शर्मा तीसरे स्थान पर रहा। शॉट पुट में सेवन स्टार स्कूल बणी का लवनीत प्रथम, टिविंकल स्टार स्कूल का पियुष दूसरे और सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कृष तीसरे स्थान पर रहा। 100 मीटर रिले दौड़ में सुपर मैग्नेट स्कूल प्रथम, ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल दूसरे और हिम अकादमी पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

# कल हमीरपुर में आयोजित होगी 15 किलोमीटर की ओपन मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** माउंटेन टॉर्क मास्टर एसोसिएशन द्वारा 13 अक्तूबर को रन हमीरपुर मैराथन 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला हमीरपुर के अलावा अन्य प्रदेशों के एथलीट भी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता किसी भी आयु का प्रतिभागी भाग ले सकता है। इसके लिए अलग-अलग कैटेगरी बनाई गई है। यह मैराथन दौड़ के लिए 13 अक्तूबर को ही सुबह 5 बजे पंजीकरण किया जाएगा और यह दौड़ सुबह 7 बजे गांधी चौक से शुरू होगी। इस मैराथन दौड़ का रूट गांधी चैक से भोटा चैक, दोसड़का, रोटरी चैक से बाईपास, बाईपास से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, फिर नादौन चैक होते हुए गांधी चैक में समाप्त होगी। माउंटेन टॉर्क मास्टर एसोसिएशन के प्रधान इंजी. हरदेव सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पहले स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 3100 रुपए, दूसरे को 2100 रुपए और तीसरे प्रतिभागी को 1100 रुपए और चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 500-500 रुपए पुरस्कार में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया इससे पहले संस्था ने बाइक राइड भी करवाई जिसमें पहली बाइक राइड हमीरपुर से कोलडैम और दूसरी हमीरपुर से धर्मशाला के लिए करवाई गई थी।

# खास गलोड़ गांव में श्मशानघाट के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किए 5 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र की खास गलोड़ पंचायत के इसी गांव के श्मशानघाट के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। शहीद रोहिन ठाकुर के गांववासी श्मशानघाट तक गाड़ी से आवागमन कर सकें, इस पर गांववासियों ने अब सहमति जताई है। पिछले दिनों गांववासियों ने इस श्मशानघाट का मुद्दा पंचायत प्रधान संजीव कुमार शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष रखा था और श्मशानघाट की अपनी समस्या को पंचायत के आम कोरम में भी रखा गया था। पंचायत प्रधान संजीव शर्मा जो खुद भी दिव्यांग हैं और बिना गाड़ी से आवागमन नहीं कर सकते हैं, उन्होंने भी लोगों की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष शिमला में अपनी मुलाकात के समय बताया था। मुख्यमंत्री ने लोगों की इस जायज मांग पर तुरंत 5 लाख रुपए की राशि इस श्मशानघाट के लिए स्वीकृत कर दी। पंचायत प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और अपने विधानसभा क्षेत्र में भी विकास की रफ्तार लगातार जारी है। विदित रहे कि इसी गांव से कुछ वर्ष पहले रोहिन ठाकुर शहीद हुए थे, जब उनकी पार्थिव शरीर को जब श्मशानघाट के में ले जाया जा रहा था तो उस समय हजारों की भीड़ उमड़ी थी, जहां पुराना श्मशानघाट था, वह जगह बहुत तंग थी और लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा था। अब श्मशानघाट को अन्य चयनित स्थान पर बनाने की भी ग्रामीणों ने सहमति बनाई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्थानीय पंचायत प्रधान संजीव शर्मा का इस पुण्य कार्य के आभार व्यक्त किया है।

# सभी सहकारी समितियों के सदस्यों को बैठक का मानदेय जरूर मिलना चाहिए

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** हिमाचल प्रदेश सहकारी समितियों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है जिसमें एक एए श्रेणी, दूसरी ए श्रेणी, तीसरी बी व चौथी सी और पांचवीं डी। इस प्रकार इनका वर्गीकरण किया गया है। इनकी जो प्रबंधन समीतियां हैं, उन समितियों में 5, 7 और 9 सदस्य हो सकते हैं, जिनको प्रत्येक बैठक का भत्ता श्रेणी अनुसार 400 रुपए, 500 रुपए, 600 रुपए तथा 700 रुपए तक मिलते हैं, जैसे एए और ए श्रेणी को 700 रुपए, बी श्रेणी वाली सहकारी समिति को 600 रुपए, सी श्रेणी को 500 रुपए तथा डी श्रेणी वाली सहकारी समिति के सदस्यों को 400 रुपए मिलते है, परंतु अभी भी बहुत सारी सभाओं में बैठक का यह भत्ता कमेटी के सदस्यों को नहीं दिया जाता। हालांकि यह हिमाचल प्रदेश रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित है परंतु फिर भी कई सहकारी समितियों में मेनेजिंग कमेटी के सदस्यों को नहीं दिया जाता है। अब कई सदस्य सहकारी समिति के नियमों को नहीं जानते हैं। कई बार सचिव भी उनको गुमराह कर देते हैं क्योंकि प्रबंधन समितियों का कार्यकाल केवल 5 बर्ष का ही होता है। हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव सोसायटी मेनेजमैंट कमेटी के प्रधान डॉ. यशवंत सिंह राणा ने कहा कि प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों को श्रेणी अनुसार भत्ता मिलना चाहिए। सचिवों को भी नकारात्मक रोल नहीं निभाना चाहिए। प्रधान डॉ. यशवंत सिंह राणा ने कहा कि जहां जहां बैठक का यह भत्ता नहीं दिया जाता है तो उसकी शिकायत रजिस्ट्रार से की जाएगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश रजिस्ट्रार से निवेदन किया है कि जो प्रदत शेयर है, सरकार का भी प्रदत शेयर 50 प्रतिशत होना चाहिए ताकि सहकारी समितियों के कर्मचारियों को स्थाई रूप से वेतन दिया जा सके।

**प्रेस कान्फ्रेंस** 7 से 9 नवंबर को गौतम कॉलेज में आयोजित होगा अधिवेशन

# एबीवीपी का 45वां वन राज्य अधिवेशन हमीरपुर में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हिमाचल इकाई का 45वां राज्य अधिवेशन अगले महीने हमीरपुर में होगा। तीन दिन तक चलने वाले इस अधिवेशन में कई नेता हिस्सा लेंगे। अधिवेशन गौतम कॉलेज के परिसर में 7, 8 और 9 नवंबर को आयोजित होगा। यह अधिवेशन हिमाचल प्रदेश के छात्रों के लिए एक विशेष अवसर होगा, जिसमें प्रदेशभर के 19 संगठनात्मक जिलों और 8 विभागों की सभी इकाइयों से 1000 से अधिक छात्र नेता हिस्सा लेंगे। अधिवेशन 'लघु हिमाचल' के रूप में देखा जाएगा, क्योंकि इसमें प्रदेश के हर कोने से छात्र नेता एक मंच पर एकत्रित होंगे।

अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य छात्र नेतृत्व का विकास करना, राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका को सुदृढ़ करना और समाज सेवा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। शुक्रवार को यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बताया कि यह अधिवेशन हमारे प्रदेश के छात्र नेताओं के लिए एक अनूठा अवसर है, जहां वे अपने नेतृत्व कौशल को निखार सकते हैं। समाज व राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक प्रभावी ढंग से समझ सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के 19 संगठनात्मक जिलों और 8 विभागों से छात्र नेताओं का इस अधिवेशन में भाग लेंगे।





प्रेसवार्ता के दौरान पोस्ट विमोचन करते हुए परिषद के पदाधिकारी।

### अधिवेशन में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

तीन दिवसीय अधिवेशन में छात्र-नेताओं के लिए कई सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां वे अपने अनुभव साझा करेंगे और नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और सामाजिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चर्चा करेंगे। इसके साथ ही परिषद की भविष्य की योजनाओं और पहलों पर भी गहन विचार-विमर्श किया जाएगा, जो हिमाचल प्रदेश के छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी। 2012 के बाद हमीरपुर में यह अधिवेशन फिर हो रहा है राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि होंगे।

**नई कार्यकारिणी भी घोषित होगी :** इस अधिवेशन का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी इसी में होगी।

**45 फीसदी स्टूडेंट फीमेल होंगे :** नेगी का दावा है कि इस अधिवेशन में 1000 के करीब सदस्य हिस्सा लेंगे, जिसमें 45 फीसदी स्टूडेंट फीमेल रहेंगे। राष्ट्रीय नेता आशीष चौहान भी इसमें हिस्सा लेंगे। उन्होंने छात्र संगठन के चुनावों को लेकर भाजपा-कांग्रेसको नसीहत दी है कि वे अपनी राजनीति विधानसभा तक ही रखें और छात्र राजनीति से जुड़े हुए मुद्दों को छात्रों पर छोड़ दें। (अनंत ज्ञान)

### सामाजिक मुद्दों पर होगी चर्चा

अधिवेशन के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें शैक्षिक सुधार और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इन सत्रों में विशेषज्ञ वक्ता छात्रों को मार्गदर्शन देंगे और उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ाने में मदद करेंगे।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी आयोजित

इस अधिवेशन का एक और प्रमुख आकर्षण स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन और प्रदेश स्तरीय पुरस्कारों का वितरण होगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के छात्र भाग लेंगे और इसके विजेताओं को अधिवेशन के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति और विवेक को बढ़ावा देना है, ताकि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# शिमला बार एसोसिएशन की रोमांचक जीत, बना विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर /चंडीगढ़।**

▶ हमीरपुर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

लॉन्चिंग पैड क्रिकेट अकादमी मोहाली में शुक्रवार को हमीरपुर बार एसोसिएशन के द्वारा 15वें लाला छबील दास क्रिकेट लॉयर मैमोरियल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में हिमाचल की विभिन्न बार एसोसिएशनों से जुड़ी आठ टीमों ने हिस्सा लिया।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शिमला बार एसोसिएशन और हमीरपुर बार एसोसिएशन के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर बार एसोसिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन का लक्ष्य दिया। शिमला बार एसोसिएशन ने इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को 2 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया और अत्यंत रोमांचक मैच जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। इस कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर शिमला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा थे, जबकि हमीरपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। हमीरपुर बार एसोसिएशन के खिलाड़ी कुशल शर्मा को मैन ऑफ सीरीज का खिताब मिला।





विजेता टीम मुख्य अतिथि के साथ।

"जब मैं बोलना चाहता हूं तो लोग सुनते नहीं, जब लोग चाहते हैं, कि मैं बोलूं तो मेरे पास बोलने को कुछ नहीं होता। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# जयंती पर बवाल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बन रहे जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर यानी जेपीआईसी को लेकर राज्य की वर्तमान योगी सरकार और विपक्षी समाजवादी पार्टी आमने-सामने आ गई है। हालांकि, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर बवाल पहली बार नहीं मचा है, बल्कि पिछले दो साल से यूपी की राजधानी लखनऊ सियासी अखाड़ा बन रही है। जय प्रकाश नारायण की जयंती से पहले लखनऊ में जमकर सियासी ड्रामा हुआ, जिसकी चर्चा देशभर में हो रही है। सभी सवाल उठा रहे हैं कि क्या ऐसे मौके पर बवाल करना उचित था? लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल कौंध रहे हैं। दरअसल, यह बवाल तब शुरू हुआ, जब सपा प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जेपी सेंटर में जाकर जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना चाहा और उन्हें योगी सरकार और लखनऊ प्रशासन ने अंदर जाने से रोक दिया। ऐसे में इस घटनाक्रम ने तूल पकड़ लिया। लखनऊ प्रशासन की तरफ से कहा गया कि सपा प्रमुख के लिए जेपी सेंटर जाना सही नहीं है, क्योंकि वहां निर्माण कार्य जारी है। हालांकि, जेपीआईसी अखिलेश यादव की सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर की ही तरह बनाया जाना था।

इसका निर्माण 2013 में सपा सरकार में ही शुरू हुआ था। साल 2016 तक इस परियोजना पर 813 करोड़ रुपए खर्च हो चुके थे। मुख्यमंत्री रहते हुए, अखिलेश यादव ने जेपी की जयंती पर 11 अक्तूबर 2016 को इसके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया था। इस परिसर में समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा लगी है। परिसर का करीब अस्सी प्रतिशत तक निर्माण 2017 तक पूरा हो चुका था, लेकिन योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही काम बंद कर दिया। जेपीआईसी को जय प्रकाश नारायण की जयंती से पहले आधी रात को योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से सील करना कई सवालों को जन्म दे गया है। इस घटाक्रम की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव वीरवार देर रात जेपीआईसी पहुंच गए थे। अखिलेश यादव प्रदेश सरकार पर जेपीआईसी को बेचने की कोशिश करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि सरकार आखिर क्या छुपाने की कोशिश कर रही है। योगी सरकार ने पिछले साल भी अखिलेश यादव को वहां जाने से रोका था। तब उन्होंने इस परिसर का ऊंचा गेट लांघकर जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था, लेकिन इस दफा उन्हें माल्यार्पण करने से रोक दिया गया है। निश्चित रूप से इसके कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं और समाजवादी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सरकार ने सपा प्रमुख के आवास के बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है। जय प्रकाश नारायण की गिनती महान स्वतंत्रता सेनानियों में होती है तथा वह जाने माने राजनेता थे।

देश की आजादी के दौरान हुए आंदोलनों में भी जय प्रकाश नारायण की अहम भूमिका रही है। उन्हें मुख्य तौर से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विरोध के लिए जाना जाता है। जेपी ने इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की खिलाफत की थी। उन्होंने आपातकाल का जमकर विरोध किया था, जिसको लेकर प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने जेपी को गिरफ्तार भी करवा दिया था। उन्होंने इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष का नेतृत्व किया। जेपी के आंदोलन का असर यह हुआ कि साल 1977 में जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व से ही विपक्ष एकजुट हुआ और इंदिरा गांधी को चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा था। जय प्रकाश नारायण की जयंती पर मचे बवाल को शांत करने के लिए लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की जानी चाहिए। विभिन्न समूहों और व्यक्तियों के बीच संवाद और समझ बढ़ाने का प्रयास करने से निश्चित रूप से इस बवाल को रोका जा सकता है। नेताओं को शांति और संयम का संदेश देना चाहिए और लोगों को एकजुट करना चाहिए। बवाल की वजह को समझने और उसकी जड़ तक जाने का प्रयास करना चाहिए। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जय प्रकाश नारायण एक महान नेता थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उन्हें लोकनायक के नाम से जाना जाता है इसलिए उनकी जयंती पर लोगों को उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद करना चाहिए और उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। बेवजह का बवाल किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रशासक और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष

**शिवराज** विश्वनाथ पाटिल एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, वर्तमान पंजाब राज्य के राज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष हैं। शिवराज पाटिल सर्वसम्मति से दसवीं लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे जिसका गौरव बहुत कम लोगों को ही प्राप्त हुआ है। अपने उदार दृष्टिकोण, सौम्य स्वभाव और अनुकरणीय धैर्य व सदैव निष्पक्षता बरतने के गुण के कारण सभा की कार्यवाहियों को चलाने में वह उत्कृष्ट संचालक साबित हुए। ये प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में गृह मंत्री भी रहें है। शिवराज पाटिल का जन्म महाराष्ट्र राज्य के लातूर जिले के चाकूर गांव में हुआ था। उन्होंने ओसमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात् उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय में विधि का अध्ययन किया। विधि में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त करने के बाद, पाटिल ने प्राध्यापक के रूप में जीवन शुरू किया और लगभग छह महीने तक अध्यापन कार्य किया। उसके बाद उन्होंने अपने गृह-नगर लातूर में वकालत शुरू करने का निर्णय किया। कुछ ही दिनों बाद उनका ध्यान सार्वजनिक जीवन की ओर आकर्षित हुआ। शिवराज पाटिल पहली बार 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में लातूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। वह उसी निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं लोकसभा में क्रमश: 1984, 1989, 1991, 1996 और 1998 में पुनर्निर्वाचित हुए। ■



शिवराज विश्वनाथ पाटिल
जन्म : 12 अक्तूबर, 1935

## अपनी बात

**श्रद्धांजलि** -रतन टाटा स्वर्गीय रतन टाटा जी के निधन से देश ने एक विशिष्ट व्यक्तित्व वाला, सच्चा देशभक्त खो दिया है, जिसमें असाधारण प्रतिभा विद्यमान थी। वह दिल से बहुत उदार थे और एक सच्चे देश भक्त थे। मुझे याद है कि जब हम एक समारोह में मिले, तो मुझे देखते ही वह मुस्करा दिए और उन्होंने मेरा हाथ पकड़कर कहा 'शहनाज , तुमने आयुर्वेद को विश्व स्तर पर पहुंचाया है और मैंने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दी है' रतन टाटा जी को में जब भी मिलती थी, तो वह मेरे दिल में अपनी सादगी, दरियादिली और नेकनीयती की एक गहरी छाप छोड़ देते थे। वह भारतीय मूल्यों और आदर्शों में धवजवाहक थे, जिन्होंने विश्व मानचित्र पर भारत की छवि को उभारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, उन्होंने देशवासियों के दिल में एक गहरी छाप छोड़ी है और देश के लोग जमीन से जुड़े देशभक्त को हमेशा दिल की गहराइयों से याद करेंगे, उन्होंने विश्व मानचित्र पर भारतीय उद्योगों को पहचान दिलाई और पूरे विश्व को भारत के उद्योगों और उद्यमियों की क्षमता से रू-ब-रू करवाया कि कैसे भारत स्वतंत्र रूप से विश्व की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सकता है और भारतीय उत्पादों को विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान दी।

**शहनाज हुसैन**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारत की ऐतिहासिक तिथियों को बदलने का अभियान

आज पंचाग निर्माता शक तथा संवत्सर का अर्थ भूल गए हैं। जब तक बिना कम्प्यूटर पंचाग गणना होती थी, शालिवाहन शक तथा विक्रम संवत लिखा जाता था। आजकल शक संवत लिखते हैं, जिसका कोई अर्थ नहीं होता है। प्राय: सभी ज्योतिषी युधिष्ठिर शक का उल्लेख करते हैं। युधिष्ठिर निश्चित रूप से शक जाति के नहीं थे। पर सभी शकों को शालिवाहन शक मानते हैं तथा इसे विदेशी शक राजा का मानते हैं। इसके लिए राजतरंगिणी से गोनंद वंश का 43वां राजा कनिष्क खोजा, जिसका काल 1292-1272 ईपू है। उसे शक घोषित कर उसका तथा उसके अभिलेखों का काल 78 ई घोषित कर दिया। बैक डेट से धारा 370 जारी कर कश्मीर राजा को विदेशी शक बनाया तथा कहा कि उसने मृत्यु के 1350 वर्ष बाद शालिवाहन के नाम से शक आरंभ किया। सूर्य सिद्धांत गणना के अनुसार अयनांश 27 अंश से अधिक नहीं हो सकता है। किंतु कलि आरंभ का शून्य अयनांश मानने पर प्राय: 30 अंश अयनांश हो गया, जिसके कारण ऋतु चक्र डेढ़ मास पीछे हो गया।

अत: अयनांश 27 अंश से अधिक होने पर संवत्सर चक्र को डेढ़ मास पीछे कर नया संवत आरंभ हुआ। इसका प्रमाण है कि गणना अनुसार शुक्ल पक्ष के बदले विक्रम संवत में कृष्ण पक्ष से मास आरंभ होता है। पर अधिक मास गणना के लिए सूर्य सिद्धांत अनुसार शुक्ल पक्ष से ही मास आरंभ हुआ। इस संशोधन के अनुसार ज्योतिर्विदा भरण में महापात की गणना 3068 संवत ईपू 34 के लिए ठीक होगी, जो कालिदास द्वारा निर्माण काल लिखा है। नया संवत के लिए सैद्धांतिक आधार आवश्यक था। इसके लिए वराहमिहिर ने पंच सिद्धांतिका में सूर्य सिद्धांत को सबसे शुद्ध प्रमाणित किया तथा अयनांश परिवर्तन की चर्चा की। नए संवत की गणना के लिए नेपाल राजा अवंतिवर्मन के पुत्र जिष्णुगुप्त आए।

उन्होंने 6 मास शासन कर राज्य छोड़ दिया तथा वराहमिहिर के साथ शोध करने लगे। समकालीन रूप में कालिदास तथा वराहमिहिर दोनों ने उनका उल्लेख किया है। वराहमिहिर, कालिदास तथा जिष्णुगुप्त तीनों ने लिखा है कि वे 612 ईपू के शक अनुसार गणना कर रहे हैं। नेपाल राजा अवंतिवर्मन के पुराने अभिलेखों में इसी शक का प्रयोग है जिसके अनुसार दो अधिक मासों की गणना भी ठीक बैठती है। अवंतिवर्मन के अभिलेखों में विक्रम संवत के अनुसार तिथि है। इन तीनों द्वारा प्रयुक्त शक मानने पर सभी प्रकार से बारहस्पत्य संवत्सर की गणना एक ही आती है। सभी शकों को केवल शालिवाहन शक मानने पर तीन प्रकार के संवत्सर आएंगे। ब्रह्मगुप्त के अनुसार शक मानने पर उनके ग्रंथ का काल 62 ईपू आता है जिसके 5 वर्ष बाद विक्रम संवत आरंभ हुआ। इसी पुस्तक के अनुसार 622 ई में हिजरी सन की गणना हुई। अत: खलीफा अल मंसूर के समय ब्राह्म स्फुट सिद्धांत का अनुवाद अल-जबर उल-मुकाबला के नाम से हुआ।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ग्रंथ के गणितीय भाग का नाम इसी से अलजबरा हुआ। शालिवाहन शक में गणना से इसकी तिथि 628 ई अर्थात हिजरी सन के 6 वर्ष बाद होगी। ग्रंथ लिखने के 6 वर्ष पूर्व इसका पालन कैसे हो सकता है। राजशेखर ने काव्य मीमांसा में तीन कालिदासों का उल्लेख किया है। तीनों ने अपने समय का स्पष्ट निर्देश भी किया है। नाटककार ने अग्निमित्र को समकालीन कहा है। ज्योतिर्विदाभरण के कालिदास ने अपने को विक्रमादित्य का आश्रित कहा है। इसी से पता चलता है कि उन्होंने तीन महाकाव्य भी लिखे थे।

रघुवंश, मेघदूत या कुमार संभव में कहीं भी कवि का नाम नहीं है। चिद्गगन चंद्रिका के कालिदास ने अपने को भोजराज का समकालीन कहा है, जो शालिवाहन की 10 पीढ़ी बाद हुए थे। इसके अतिरिक्त श्रीहर्ष के समय (456 ईपू में उनका शक) मातृगुप्त थे, जिनका वर्णन राजतरंगिणी में है तथा लिखा है कि उनको भी कई लोग कालिदास कहते थे। अत: आज का पंचाग क्या सही है इसे जानना जरूरी है, जो अधिकांश रूप से कंप्यूटर से तैयार किए जा रहे हैं, जबकि इसकी गणना समय, स्थान व शक से होती है। इसे 1957 में भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर (जिसे 'शक कैलेंडर' के रूप में भी जाना जाता है) के युग के रूप में अपनाया गया था। शक संवत 78 ई. का वसंत विषुव है।

आधिकारिक शक कैलेंडर का वर्ष हर साल 22 मार्च की ग्रेगोरियन तिथि से जुड़ा होता है, सिवाय ग्रेगोरियन लीप वर्ष के जब यह 21 मार्च से शुरू होता है। आजकल नासा के कैलेंडर सॉफ्टवेयर द्वारा भारत की ऐतिहासिक तिथियों को बदलने का अभियान चला है। पर वह गणना दीर्घ काल में सही नहीं है। इसके अनुसार महाभारत काल की गणना में 3 दिन तथा रामायण काल (4500 ईपू) में 7 दिन तक की भूल संभावित है, उसी सॉफ्टवेयर के वर्णन अनुसार सूर्य सिद्धांत गणना 12,000 वर्ष के चक्र के लिए शुद्ध है, जिस चक्र में ब्रह्मगुप्त तथा भास्कराचार्य ने बीज संस्कार का वर्णन किया है। ब्रह्मगुप्त एक प्राचीन भारतीय गणितज्ञ और खगोलशास्त्री थे जो 7वीं शताब्दी ई. में रहते थे।

ब्रह्मगुप्त के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक था। शून्य को एक संख्या के रूप में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना और शून्य से संबंधित गणितीय संक्रियाओं के लिए उनके नियम के वर्णन अनुसार गणना करना इसकी कोई भी पश्चिम विज्ञानियों ने इसकी व्याख्या नहीं की है। भास्कराचार्य के स्वोपज्ञ भाष्य में लिखा है- आगम एव प्रमाणं, नान्यथा वक्तुं समर्थ:। अर्थात् पह पद्धति प्राचीन काल से चल रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# नवरात्र का वास्तविक अर्थ बहुत गहरा, सीख देता है दशहरा

मां दुर्गा के पावन नवरात्र हमें भक्ति व जोश से भर देते हैं मान्यता है कि इन नौ दिनों में सात जना की गई पूजा, व्रत, दान हर कामना पूर्ण कर देते हैं। हमारे शास्त्रों में दो वर्ष, दस वर्ष आयु की कन्या को क्रमश: कौमारी, निमूर्ति कल्याणी रोहिणी, कालिका, चंडिका, शाम्भवी, दुर्गा, सुभद्रा कहा गया है। कन्या पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होती है।

नवरात्र के भदि वास्तविक अर्थ पर गौर करें, तो इसमें गहरा संदेश भी छिपा है। केवल अन्न न खाकर इचफल आदि लेना, मंदिरों में पूजा पाठ करना ही काफी नहीं है, बल्कि यह तो इस संदेश का अंश मात्र है। वास्तविक व्रत तो वह है, जिसमें नौ दिनों तक कोई बुराई, गलत विचार, नशा जैसी चीजें हमारे भीतर प्रवेश न कर सक समुद्र मंथन के समय जब हलाहल विष निकला के सभी भागने लगे। भोले शिव ने यह विष मुंह में डालकर कंठ में ही रोक लिया, उनका कंठ नीला हो गया, तभी शिव का नाम नीलकंठ हो गया। शिवने भी यहीं संदेश दिया कि बुराई विष के समान है उसे भीतर मत जाने दो। विचार स्वच्छ रखो।



लेखक : मुकेश विग
ठोडो ग्राउंड मोड़, सोलन

पाप, जुल्म, हिंसा, अत्याचार यदि आज भी बढ़ रहे हैं, तो मतलब साफ है कि हम अभी भी सच्ची पूजा, व्रत, सोच को अपनाने में पूरी तरह कामयाब नहीं हुए हैं। नशा, भ्रूण हत्या उत्पीड़न, कत्लेआम से जब तक पूर्ण निजात नहीं पा लेते हमारी पूना, व्रत औपचारिकता ही बनकर रह रावण से बड़ा विद्वान कोई न हुआ, बंगा उसकी एक ही भूल ने उसके परिवार का अंत कर दिया। दिवाली रौशनी है, अपने भीतर के अंधकार को अहंकार को निकालने का पूर्व है। श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का पर्व है। नवरात्र के नौ दिन ही क्यों हर दिन भी हमारे विचार ऊंचे दर्जे के होने चाहिए। यदि हम ऐसा कर पाते है, तो इससे बड़ी पूजा कोई नहीं हो सकती शक्तिपीठों पर जाएंगे। दशहरा भी बुराई पर विजय का प्रतीक है।

रावण का पुतला भी हर साल हम जलाते हैं। खुशियां मनाते हैं। बुराई तो फिर भी खत्म नहीं हो रही, क्योंकि एक रावण हमारे भीतर भी है उसके खात्मे के बिना दशहरे की खुशी मनाने का कोई अर्थ नहीं, भीड़ ज्यादा होने से हादसे भी होते हैं इन्हें भी हम ही रोक सकते हैं। अपने मन व आचरण को सुधार कर उसे भी शक्तिपीठ बना सकते हैं, क्योंकि मन पर काबू पाना हम उसके नहीं बल्कि उसे अपना गुलाम बना सकते हैं, सम्मान व विजय पा सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### दशहरा

राकेश डोगरा

*भीड़ लगी है आज सब जगह पुलिस का पहरा है,*
*आज विजय दशमी है बंधु आज दशहरा है।*
*वह देखो श्रीराम जी ने अग्निवाण चलाया,*
*रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण तीनों को जलाया।*
*पटाखे, आतिशबाजियों से गूंजा नभ सारा है,*
*आज विजय दशमी है बंधु आज दशहरा है।*
*जिसका मन जपता रहता है हर पल जय श्रीराम,*
*उस वीर का नाम है बंधु राम भक्त हनुमान।*
*रावण की सेना को जिसने चुन-चुनकर मारा है,*
*आज विजय दशमी है बंधु आज दशहरा है।*
*मर्यादा में रहना सबको बता गए हैं राम,*
*लेकिन उनके पदचिन्हों पर कहां चलता इंसान।*
*इस युग में धन, बल के आगे सच भी हारा है।*
*हे राम अवतरित हो तुम्हें पुन: पुकारा है।*

# समाजसेवा के लिए समर्पित सिरमौर की प्रसिद्ध संस्था शंखनाद

जैसा कि वर्तमान में देखने एवं सुनने को मिलता है कि हरेक व्यक्ति कहीं न कहीं अपने निजी जीवन और व्यक्तिगत स्वार्थ तक सीमित होता जा रहा है, जिसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है। वर्तमान में जिस प्रकार लोगों में एक सामाजिक सरोकार और सेवा भाव कम होता जा रहा है जो एक बड़ी चुनौती एवं चिंता का विषय माना जाता है, क्योंकि समाज में हर वर्ग के लोग मौजूद रहते हैं, जिसमें कोई साधन संपन्न तो कोई बहुत ही जरूरतमंद लोगों का जीवन माना जाता है। पूर्व के दशकों में समाज में मिलजुलकर समाजसेवा में लोगों का खासा रुझान देखने को मिलता था, परंतु वर्तमान में यह स्थिति बिलकुल भिन्न है, परंतु फिर भी अगर हम जानकारी लेने का प्रयास करें, तो देव भूमि हिमाचल प्रदेश में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक संस्थाओं ने मानवता के लिए बहुत ही सराहनीय प्रयास किए हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार की सेवाएं शामिल हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम आप सभी को जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन की एक प्रसिद्ध सामाजिक संस्था से जागरूक करने का प्रयास करेंगे, जिन्होंने वर्ष 2015 से समाज एवं मानवता के लिए निस्वार्थ भाव के साथ समर्पित होकर वर्तमान तक कार्य करती जा रही है। वह सामाजिक संस्था है (शंखनाद मीडिया) शंखनाद मीडिया के संस्थापक डॉ श्रीकांत प्रसाद (अकेला) है, जिन्होंने वर्ष 2015 में इस संस्था का शुभारंभ किया और जनता के लिए अनेक क्षेत्रों में कार्य करने का प्रयास किया, शंखनाद मीडिया सामाजिक संस्था के साथ साथ एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में एक न्यूज पोर्टल पर भी कार्य कर रहा है, जहा विभिन्न प्रकार की जानकारी एवं जागरूकता मिलती रहती है, तो वहीं शंखनाद मीडिया शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में हमेशा जिला सिरमौर में अग्रणी भूमिका में नजर आती है, जिस शंखनाद संस्था से क्षेत्र के जाने-माने बुद्धिजीवी एवं शिक्षाविद जुड़े हुए हैं। जिनके अनुभव अनुसार और मार्गदर्शन में शंखनाद मीडिया दिन प्रतिदिन समाज सेवा में अपनी अलग पहचान स्थापित करता जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर शंखनाद मीडिया की एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका शंखनाद मीडिया सामाजिक संस्था दशकों से ऐसे होनहार और बहु प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित करने का प्रयास कर रहा है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रयास किए हैं और जो प्रयास वर्तमान में भी जारी है, शंखनाद मीडिया अभी तक हिमाचल प्रदेश के ऐसे अनेक होनहार व्यक्तित्व को समाज के बीच लाने का प्रयास कर रही है जिन सैकड़ों महान व्यक्तित्व के कार्य से समाज कहीं न कहीं अभी तक अनभिज्ञ था, उनकी समाज के लिए बेहतरीन सेवाएं एवं उनको उचित सम्मान देने के लिए शंखनाद मीडिया ऐसी सैकड़ों विभूतियों को सम्मानित करने का बखूबी प्रयास कर रही है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक

शंखनाद मीडिया वर्ष में दो बार ऐसे अनेक क्षेत्रों में बेहतरीन सेवाएं देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करती है। जिसमें एक समय में, कला, संस्कृति, पर्यावरण, लेखन इत्यादि तो वहीं अगले पड़ाव में पत्रकारिता, समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा इत्यादि के क्षेत्रों में शंखनाद मीडिया सामाजिक संस्था सम्मानित करने का प्रयास कर रही है। जिस सामाजिक संस्था के विभिन्न सामाजिक कार्यों की जनता भूरी भूरी प्रशंसा भी करतीं हैं, शंखनाद मीडिया के संस्थापक एवं निदेशक डॉ श्रीकांत प्रसाद (अकेला) एक प्रसिद्ध समाजसेवी होने के साथ-साथ बहुप्रतिभा के धनी व्यक्तित्व है, जो वर्तमान में नाहन एबीएन स्कूल में बतौर शिक्षक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिन डॉ श्रीकांत प्रसाद (अकेला) कांत को एक बेहतरीन लेखक, पर्यावरणविद् कवि और साहित्यकार, विश्लेषक, इत्यादि के लिए जिला सिरमौर ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश में सम्मानित व्यक्तित्व माने जाते हैं।

डॉ श्रीकांत प्रसाद (अकेला) मूलत: उत्तराखंड के गढ़वाल से संबंध रखते हैं, जो सदैव अपनी पहाड़ी संस्कृति सभ्यता के पक्षधर रहे हैं और अपनी कविताओं और लेखन में हमेशा समाज को इन सभी विशेषताओं से जागरूक करवाते रहते हैं, डॉ श्रीकांत प्रसाद (अकेला) ने अभी तक विभिन्न विधाओं में पुस्तकें भी लिखी है। जिनकी अनेक पुस्तकें बहुत लोकप्रिय हुईं और विभिन्न विषयों पर मास्टर डिग्री प्राप्त की है जैसे पत्रकारिता, गणित इत्यादि,तो वहीं डॉ श्रीकांत प्रसाद (अकेला) एक शांत स्वभाव और मृदुभाषी के धनी व्यक्तित्व मानें जाते है। जिनके बारे में कदाचित जितना लिखा जाए, पढ़ा जाएं, समझा जाएं शायद उतना कम ही होगा। तो वहीं शंखनाद मीडिया सामाजिक संस्था के कार्यक्रमों में हिमाचल प्रदेश के अनेक उच्चाधिकारी, वरिष्ठ साहित्यकार, वरिष्ठ समाजसेवी, उच्च शिक्षाविद इत्यादि अनेक महान व्यक्तित्व मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हैं, जिसमें से वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार जी जैसे महान व्यक्तित्व ने भी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करके शंखनाद संस्था का मान बढ़ाया था।

जिन तमाम महानुभावों के मार्गदर्शन और अनुभव के साथ शंखनाद मीडिया दिन प्रतिदिन समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करता जा रहा है। तो वहीं सम्मानित व्यक्तित्व को समाज में ऐसे अनेक मंचों से और अधिक समर्पित होकर काम करने का जज्बा एवं ऊर्जा मिलती है, तो वहीं अन्य युवाओं एवं समाज में भी ऐसे अनेक विभूतियों के सेवाभाव और हुनर से समाज को भी कहीं न कहीं जागरूकता एवं प्रेरणा मिलती रहती है, ताकि समाज में विभिन्न कुरितियों एवं समस्याओं से कहीं न कहीं राहत मिल सके, ऐसी अपेक्षा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की रहती है। इस प्रकार जिला सिरमौर में शंखनाद मीडिया सामाजिक संस्था समाज में अपनी अलग पहचान और उम्मीद बनकर अपनी अहम भूमिका अदा कर रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खेतीबाड़ी, पशुपालन से मुंह मोड़कर उचित मूल्यों की दुकानों की तरफ युवा पीढ़ी

केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार बुजुर्गों की पालनहार बनकर आमने आई है। सरकार 70 साल की उम्र पार करने वाले बुजुर्गों का 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत किए जाने का कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लेकर आई है। आयुष्मान योजना के तहत 4.5 करोड़ परिवारों के 6 करोड़ बुजुर्गों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। आयुष्मान भारत योजना में किए नए सुधार के चलते अब बुजुर्गों की स्थिति कैसी भी हो उन्हें स्वास्थ्य लाभ अवश्य मिलेगा। इससे पूर्व आयुष्मान योजना में सभी वर्ग के बुजुर्गों को शामिल नहीं किया गया था। पात्र लाभार्थियों को अब एक अलग से योजना का कार्ड जारी किया जाएगा।

70 साल और उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग पहले से ही योजना में शामिल परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। बुजुर्गों को 5 लाख रुपए प्रति वर्ष का अतिरिक्त टाप कवर मिलेगा, जिसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों से सांझा नहीं करना होगा, जो 70 वर्ष की आयु के हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन बसता है। भारत ने यह बात दुनियां को सदियों पहले योग की उत्पति करके बता दी थी। योगासन प्रक्रिया जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का नाम योग कहलाता है। हिंदू, जैन, बौद्ध धर्म में योग के अनेक संप्रदाय हैं। सर्व प्रथम योग शब्द का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता तदोपरांत उपनिषदों में आया। योग शब्द की उत्पति संस्कृत शब्द यूज से हुई, जिसका अर्थ एकजुट या एकीकृत करना है। योग शरीर और मन द्वारा आपसी सामंजस्य बैठाकर की जाने वाली क्रियाओं का नाम है। योग प्राचीन पद्धति द्वारा शुरू किया गया शारीरिक क्रिया क्लापों का नाम है। इस पद्धति को अपनाए जाने से आम जनमानस दीर्घायु बन सकते हैं। ऋषि, मुनि इसी वजह से कठोर तपस्याएं करके यश को प्राप्त करते थे। भारत की योग पद्धति को विश्व देशों ने अपनाया जिस वजह से प्रत्येक वर्ष 21 जून योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर (कांगड़ा)

आज भारत सहित विश्व देशों में योग केंद्र चलाकर लोगों को निरोग रखने के सफल कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

भारत ने विश्व को स्वस्थ रखने की मुहिम सदियों पहले छेड़ी ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आधुनिक काल में स्वामी विवेकानंद ने शिकागों के धर्म संसद में अपने ऐतिहासिक भाषण में योग का उल्लेख कर समस्त विश्व को इससे परिचित करवाया था। इसके अलावा बहुत सारे योग गुरुओं ने इसे दुनियां में पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 11 दिसंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। 193 देशों में 173 देशों ने भारत के इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई थी। यूएन ने योग की महता को स्वीकारते हुए यह माना कि योग मानव स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सूफी संगीत के विकास में भारतीय योग अभ्यास का काफी प्रभाव जिसमें आसन और प्राणायाम दोनों सम्मिलित हैं।

11वीं शताब्दी की शुरुआत में फारसी विद्वान अल बिरुनी ने भारत का दौरा करके सोलह वर्ष जहां व्यतीत किए। उनकी मदद से कई महत्वपूर्ण संस्कृत कार्यों को अरबी और फारसी भाषाओं में अनुवाद किया जिसमें पतंजलि योगसूत्र का उदय हुआ। यप, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि को पतंजलि में अष्टांग कहा जाता है। योग विज्ञान दिन में चार हिस्सों में बांटा गया है। ब्रह्म मूहर्त, सूर्योध्य, दोपहर और सूर्यास्त इनमें से ब्रह्म मूहर्त और सूर्योदय को योग के लिए सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। सुबह समय पर्यावरण बिलकुल स्वच्छ होने की वजह से स्वास्थ्य को अधिक लाभ मिलता है। योग अभ्यास से शरीर लचीला बन जाता और रक्तचाप सामान्य रहता है। कोरोना वायरस महामारी दौर में लोगों में अपने स्वास्थ्य प्रति सजग रहने की जागरूकता बड़ी है। अधिकतर लोग सुबह शाम सैर, योग और दौड़ लगाकर अपना स्वास्थ्य उत्तम रखने में जुटे हुए हैं। बढ़ती जनसंख्या के चलते आजकल बीमारियां भी बहुत अधिक बड़ी हैं।

सरकारी अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं का डिंडौरा पीटने से कहीं बेहतर की हम लोग अपने स्वास्थ्य की स्वयं सही देखभाल करें। इंसान जब तक जागरूक नहीं होंगे। तब तक कोई भी सरकार सही स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने में कामयाब नहीं हो सकती है। सरकारी अस्पतालों में दवाइयां अगर मुफ्त में भी मिलें लोगों को इन्हें सोच समझकर ही खाना चाहिए।बदलते सामाजिक परिवेश चलते लोगों ने अपना सब कुछ बदल दिया है। एक समय ऐसा रहा की लोग सुबह उठकर सैर ही नहीं करते थे, खेतों में कड़ी मेहनत भी करते थे। मेहनत करके शरीर से पसीना बहाना लोगों की रोजमर्रा आदत होती थी। गांवों, स्कूलों में अक्सर युवा कई खेलों में भागीदारी लेकर अपने स्वास्थ्य को सही रखने में रुचि लेते थे। आज हालात ऐसे बन चुके कि लोगों ने खेतीबाड़ी, पशुपालन से मुंह मोड़कर उचित मूल्यों की दुकानों तरफ कर लिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव में कुत्ते घूमाने का समय हो तय

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन क्षेत्र के घनी आबादी वाले गांव महादेव में बेसहारा गाय -सांडों एवं कुत्तों के बढ़ने से कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही पालतू कुत्तों को सार्वजनिक रास्तों आदि पर किसी भी समय टहला दिया जाता है, जिससे नोचने-काटने की आशंका हर समय बनी रहती है। इससे विद्यार्थी कर्मचारी किसान खेतिहर मजदूर आदि डरे सहमे रहते हैं, क्योंकि कोयला माता मंदिर वाले रास्ते आसपास धार्मिक स्थल एवं लघु उद्योगों सहित स्कूल तथा अन्य कई सरकारी संस्थान हैं। लोगों का कहना है कि पूर्व में भी यहां कई भयावह घटनाएं घट चुकी हैं, इसलिए और बची -खुची कसर कहीं ये पालतू जानवर न पूरी कर दे। अतः जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है कि पालतू कुत्तों से जुड़े लोगों के लिए कुत्ते टहलाने का समय व स्थान तय किया जाए। लोगों ने सरकार व प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि कुत्ते टहलाने वालों के लिए समय सीमा तय करने के साथ-साथ स्थान एवं एक ऐसा समय तय करें जिससे परेशानी न होने पाए।

### सामान्य वर्ग कल्याण समिति के चुनाव 13 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश के 2024 से 2027 के लिए त्रैमासिक चुनाव 13 अक्तूबर को विश्वकर्मा मंदिर में 11.30 बजे होंगे। सभी सामान्य वर्ग के डैलीगेट चुनाव में भाग लेंगे। इसमें शक्ति चंद चौहान व महाल चंद चौहान बतौर मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। महासचिव भूपेंद्र सैन ने बताया कि सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश में 10 हजार नए सदस्य बनाएगी, ताकि आरक्षण को आर्थिक आधार पर संचालित करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग कल्याण समिति के सदस्य आरक्षण के दुष्परिणामों को घर घर जाकर बताएंगे।

### देवी बगलामुखी सेहली में हुआ हवन यज्ञ



**अनंत ज्ञान, मंडी।** तुंगल क्षेत्र की शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में कन्या पूजन किया गया। तदोपरांत मंदिर में हवन-पाठ भी किया गया। माता के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि हर वर्ष दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन कर हवन-पाठ किया जाता है। सैकड़ों लोगों ने पूर्णाहुति प्रक्रिया में भाग लिया। हवन-पाठ में पंडित प्रदीप शर्मा, अभिनव, अक्षित, अभिषेक, शुभम, नमन, ललित व अनुज शर्मा ने भाग लिया। दुर्गा अष्टमी के दिन मां के मंदिर में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### ऑपरेट कर गाय के पेट से निकाला मरा हुआ बच्चा



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मोबाइल वेटनरी 1962 एंबुलेंस टीम जंजैहली ने गाय के पेट से शल्य चिकित्सा कर मरे हुए बच्चे को बाहर निकाला गया। बता दें कि जंजैहली में शिल्ही बाग में एक गाय के पेट में बच्चे के मरने से गाय ही हालत बहुत ही दयनीय हो गई। पशु मालिक तेज सिंह ने इसकी सूचना पशुपति डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा संचालित 1962 मोबाइल वेटनरी एंबुलेंस टीम को दी। सूचना मिलते ही टीम ने घटनास्थल पर पहुंची तो स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शल्य चिकित्सा का निर्णय लिया गया। दोजहद के बाद डॉ. तरुण, कौशल, घनश्याम, वेटनरी आफिसर जंजैहली हॉस्पीटल डॉ. अभिमन्यू शर्मा, स्थानीय फार्मासिस्ट राज, घनश्याम, भीम सिंह ने गाय का ऑपरेशन किया, जिसमें मरे हुए बच्चे को बाहर निकाला और गाय की जान बचा ली गई।

### समाजसेवी राम सिंह कनहवालिया नहीं रहे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** इंडो जर्मन पैकेज के अंतर्गत कर्मी रहे और बाद में प्रदेश सरकार के पक्के कर्मचारी रहे सेवामुक्त राम सिंह कनहवालिया का शुक्रवार को सवेरे- तड़के अपने गांव डडोह में अचानक निधन हो गया। नाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोअर बैहली पंचायत के गांव डडोह निवासी 78 वर्षीय दिवंगत राम सिंह जो प्रगतिशील किसान इसलिए भी हुए, क्योंकि उन्होंने इंडो जर्मन पैकेज के अंतर्गत सुंदरनगर आदि क्षेत्रों में कृषि संबंधी उत्तम किस्म तकनीक में महारत हासिल की थी जो औरों के लिए भी क्षेत्र भर में बड़ी प्रेरणा थे। इससे कई कृषक परिवार लाभान्वित हुए। इन समाजसेवी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र भर में शोक की लहर व्याप्त है।

### बच्चों ने एनएसएस की गतिविधियों को समझा



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में पिछले 7 दिन से जारी एनएसएस शिविर संपन्न हो गया। शिविर में स्कूल के 47 स्वयंसेवियों जिसमें 27 छात्र तथा 20 छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. अभिलाषा सेन ने बताया कि सात दिनों में स्वयंसेवियों ने उत्साह से कार्य करते हुए विभिन्न प्रेरणादायक और क्रियात्मक गतिविधियों को समझा और उनको अपने जीवन में ढालने का प्रण लिया। अश्विनी शर्मा सेवानिवृत्त प्रवक्ता हिंदी ने बच्चों को एनएसएस का समाज में योगदान तथा उद्देश्य के बारे में अवगत करवाया। साथ ही बच्चों में एनएसएस द्वारा गोद लिए गए गांव के रास्तों, पेयजल स्रोतों की साफ सफाई करके गांव के लोगों को जागरूक किया।

### राम मंदिर कनैड में मनाया रामनवमी का पर्व

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राम मंदिर कनैड में रामनवमी का पावन पर्व धार्मिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन जहां क्षेत्र भर में धार्मिक आयोजनों -अनुष्ठानों राम कथा का वाचन किया गया। वहीं कनैड फोरलेन से सटे पुराने धार्मिक श्रद्धा के केंद्र राम मंदिर में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। रामनवमी के दृष्टिगत भजन-कीर्तनों का दौर चलता रहा तथा कथा आदि वाचन के चलते हवन इत्यादि भी कर वातावरण शुद्ध किया गया।

### डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में मनाई रामनवमी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में इस वर्ष नवरात्रि, रामनवमी और दशहरा पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और त्योहारों की महत्ता को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य संजय ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। प्रधानाचार्य संजय ने विधिपूर्वक कंजकों की पूजा की, जो धार्मिक महत्व को दर्शाता है।

### डिजिटल साक्ष्य के संग्रह पर करवाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस उपाधीक्षक पधर के मार्गदर्शन में जोगिंद्र नगर में 'डिजिटल साक्ष्य का संग्रह' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर सकिनी कपूर ने जानकारी देते हुए बताया की इस सत्र का उद्देश्य आपराधिक जांच में डिजिटल साक्ष्य को संभालने और एकत्र करने में पुलिस अधिकारियों के कौशल को बढ़ाना था। उन्होंने बताया की कार्यशाला में क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल) मंडी के उप निदेशक राजेश कुमार, जिन्होंने डिजिटल फोरेंसिक के विभिन्न पहलुओं पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण व्याख्यान दिया,की प्रस्तुति में डिजिटल साक्ष्य की पहचान, संरक्षण और विश्लेषण जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया, जो साइबर अपराधों के सफल अभियोजन के लिए आज के डिजिटल युग में महत्वपूर्ण हैं।

### छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में लहराया परचम



**जोगिंद्रनगर।** शिमला सुन्नी में 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला, जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर से 13 छात्राओं का चयन हुआ था, जिनमें से 12 छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। छात्राओं ने अंडर-14 वर्ग में मंडी जिले को ओवरऑल चैंपियन का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वाति और तनीषा ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर जिला मंडी को उपविजेता का खिताब दिलाया।

# रामलीला में लंकेश के दरबार में चला अंगद की वीरता का सिक्का

**अनंत ज्ञान, कोटली**

श्री रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला उत्सव की आठवीं संध्या का आगाज लक्ष्मी नारायण की भव्य आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम की निरंतरता में रामलीला के मंचन में अंगद का किरदार निभा रहे बृज लाल बिट्टू ने बेहतरीन अभिनय का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

रावण के दरबार में अंगद ने पैर जमाने वाले दृश्य में बिट्टू के प्रत्येक संवाद पर सामुदायिक भवन का हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। अंगद ने अपनी वीरता का एक नमूना दिखाने के लिए रावण दरबार में पृथ्वी पर पैर जमाया लेकिन लंका का कोई भी योद्धा उसे हिला तक न पाया। आखिर में अंगद युद्ध का ऐलान करके प्रभु राम की छावनी में वापस लौट आए। पहला युद्ध लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच हुआ जिसमें मेघनाथ वीरघातिनी का प्रयोग करके लक्ष्मण को मूर्छित कर देता है। इससे राम दल में शोक की लहर दौड़ गई। विभीषण की सलाह पर हनुमान लंका के मशहूर वैद्य सुषेण को लक्ष्मण के उपचार के लिए छावनी में पहुंचाया गया। वैद्य के कहने पर हनुमान संजीवनी बूटी लेकर आए जिसे सुंघाते ही लक्ष्मण को होश आ गया। जगजीत-राम, पंकज -लक्ष्मण, सतीश -मेघनाथ, पवन -विभीषण, ईशान -रावण के किरदार में नजर आए।



रामलीला की आठवीं संध्या के दौरान मंचन करते हुए कलाकार।

इस अवसर पर मुख्यातिथि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की प्रो. वाइस चांसलर अनुपमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। रामलीला कमेटी को 5100 की नकद राशि सहयोग के तौर पर भेंट की। रामलीला की आठवीं संध्या कमेटी की संस्थापक सदस्या सुशीला जौहरी को समर्पित की गई।

## हनुमान की पूंछ बनी ज्वालामुखी, सोने की लंका आग की लपटों से धधक उठी

**भीम बसेड़ू, महादेव।** महादेव में खेली जा रही रामलीला में गुरुवार को देर सांझ की बेला में हनुमान ने लंका का हवाई भ्रमण कर अशोक वाटिका में राक्षसियों के पहरे में घिरी सीता माता को उन सहित रावण आदि की जली कटी सुनना दिखाया गया। हनुमान छुप कर यह सब देख कर मारे गुस्से के अपनी मुट्ठीयां भींच रहा था मगर मन मसोस कर रह जा रहा था। यह बकवास खत्म होते ही और राक्षसों के एक बड़े समूह के चले जाने पर जहां नेक दिल इंसान राक्षसी त्रिजटा ने सीता को एक बार फिर सहारा देकर अपना प्यार जताया वहीं हनुमान ने बड़ी मुश्किल से सीता माता को भरोसे में लिया और दी गई राम की निशानी के रूप में उन्हें अंगूठी दी।

जरूरी बात करने के बाद हनुमान ने अपनी भूख मिटाने के लिए वहां वाटिका में लगे पके फलों को खाया और कच्चे फल इधर-उधर फेंक दिए और उन्हें रोकने के लिए जब पहरेदार राक्षस आगे बढ़े तो उन्हें महावीर ने बुरी तरह पछाड़ा। यह मारामारी रुकने का नाम नहीं ले रही थी बात आगे पहुंची तो रावण ने अपने बड़े योद्धा हनुमान को मारने -पकड़ने के लिए भेजा तो जरुर मगर उनकी भी खूब दुर्गति हुई।

अंततः मेघनाथ को भेजा जाता है हनुमान उसे भी बुरी तरह छकाता है मगर ब्रह्मास्त्र के प्रयोग में हनुमान फंस जाता है क्योंकि हनुमान उलझना नहीं चाहता था उन्होंने ब्रह्मास्त्र का सम्मान किया और राक्षसों के बंधन में रावण के दरबार में खींचे चले गए और काफी कहासुनी के बाद हनुमान की पूंछ को आग लगा दी जाती है हनुमान को अच्छा मौका मिलता है और वे लंका को अपनी पूंछ की आग के हवाले कर देते हैं।

# सहायक पुस्तकाध्यक्षों की नहीं वरिष्ठता सूची

## 14 सालों से नियुक्तियों के कन्फर्मेशन आदेश भी नहीं, टेंटेटिव सूचियों में अनेक खामियां

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

हिमाचल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यूजीसी वेतनमान पर न्यायालय की मोहर लगने के बाद न्यायिक भावना के विपरीत सहायक पुस्तकाध्यक्षों के पद वर्ष 2020 में समाप्त कर दिए गए। यह कैडर खत्म तो कर दिया गया लेकिन विभाग द्वारा गत 15 वर्षों से इस कैडर में सेवारत प्रोफेशनल्स की वरिष्ठता सूची ही नहीं बनाई गई है।

यही नहीं लगभग 14 वर्षों से नियुक्तियों से संबंधित कन्फर्मेशन/अनुमोदन सूची भी जारी नहीं की गई है। हालात यह है कि बिना वरिष्ठता/कन्फर्मेशन सूची के ही बहुत से लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स सेवानिवृत्त हो चुके हैं या इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। हालांकि इस दौरान 22 जनवरी 2018 और 26 अप्रैल 2023 को दो बार टेंटेटिव वरिष्ठता सूची जारी अवश्य की गई लेकिन उसे संशोधित/अंतिम रूप नहीं दिया गया। अब तीसरी बार फिर से 8 अक्टूबर को संशोधित टेंटेटिव वरिष्ठता सूची जारी कर एक महीने में आवश्यक संशोधन मांगे गए हैं। बता दें कि आखिरी बार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 22 दिसंबर 2009 को सहायक पुस्तकाध्यक्षों की अंतिम वरिष्ठता सूची जारी की गई थी। जिसमें कई त्रुटियां अब तक नहीं सुधारी गईं। इसके पश्चात वर्ष 2009 और 2010 में लगभग 200 सहायक पुस्तकाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई थीं। पंद्रह वर्षों बाद भी इन 200 लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स को वरिष्ठता/कन्फर्मेशन सूची का इंतजार करना पड़ रहा है। इनमें से कई तो सेवानिवृत्त और कई इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं।



**बिना वरिष्ठता / कन्फर्मेशन सूची के हो रही सेवानिवृत्तियां**

यह भी बता दे की तीनों ही बार जारी की गई टेंटेटिव वरिष्ठता सूचियों में बहुत सी त्रुटियां पाई गई है। हालांकि व्यक्तिगत विवरणों की त्रुटियों का सुधार तो संबंधित कर्मचारी अथवा संस्थानों द्वारा ही किया जाएगा लेकिन जो मुख्य त्रुटि है वह स्केल से संबंधित है। पहली बार वर्ष 2018 में जारी सूची में जहां इस दो वेतनमान दर्शाए गए थे। नियुक्ति तिथि वाले कॉलम में अनुबंध नियुक्ति दर्शाई गई थी। बाद में शुद्धि पत्र जारी करके नियुक्ति संबंधी कलम एन में आवश्यक सुधार कर नियमित नियुक्ति की बात कही गई। वहीं दूसरी बार वर्ष 2023 में केवल एक ही वेतनमान (न्यूनतम) दर्ज किया गया जबकि उस वक्त सूची में शामिल इस कैडर में तीन वेतनमान चल रहे थे। इस पर स्टेट असिस्टेंट लाइब्रेरियंज एसोसिएशन ने सुधार हेतु पत्र भी लिखा पर उसे भी नजर अंदाज करते हुए अब तीसरी संशोधित टेंटेटिव वरिष्ठता सूची में वही न्यूनतम वेतनमान लिखा गया है।

गौरतलब है कि अब इस कैडर को न्यायालय द्वारा यूजीसी वेतनमान प्रदान किया गया है जिसे इस सूची में नहीं दर्शाया गया है। यही नहीं तीनों ही बार इन सूचियां में तीन या चार नाम ऐसे शामिल रहे हैं जिन्होंने इस पद पर कभी शिक्षा विभाग में ज्वाइन ही नहीं किया है। बल्कि एक नाम तो ऐसा है जो कि नियुक्ति आदेश होने से कई वर्ष पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह चुके थे।

> टेंटेटिव सूची में त्रुटियों बारे संबंधित कर्मचारी व संस्थान निर्धारित अवधि के भीतर उचित माध्यम से निदेशालय को सूचित करें ताकि इसे अंतिम रूप दिया जा सके। कन्फर्मेशन मामले में भी शीघ्र ही कार्रवाई करने की बात कही।
>
> **-डॉक्टर अमरजीत शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक ।**

# खाली जमीन तलाशने पहुंचे एसडीएम का लोगों ने किया घेराव



अधिकारियों का घेराव करते हुए लोग।

**सुनील शर्मा, गोहर**

सरकार के आदेश पर डीसी मंडी का फरमान लेकर नाचन क्षेत्र के मौवोसेरी सरकारी खाली जमीन तलाश करने पहुंचे एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट का स्थानीय लोगों ने घेराव कर दिया। लोगों के आक्रोश के बीच एसडीएम को बिना जमीन तलाश किए वापस लौटना पड़ा। नेरचौक मेडिकल कालेज की जमीन को लेकर लड़ाई लड़ रहे मीर बक्श के न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद प्रदेश सरकार में हड़कंप मच गया है।

मंडी जिला में कहां कहां जमीन खाली है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जमीन तलाश करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी कड़ी में जब शुक्रवार को एसडीएम गोहर मौवीसेरी में कृषि विभाग की जमीन देखने पहुंचे तो मौवीसेरी में ग्रामीणों ने एसडीएम गोहर का घेराव कर दिया। ग्रामीणों के साथ नाचन के विधायक विनोद कुमार और जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल उपस्थित रहे।

**नेरचौक मेडिकल कॉलेज के लिए देखी जा रही खाली जमीन**

नाचन के विधायक विनोद ने कहा कि सरकार और राजस्व विभाग को यह पता ही नहीं है कि उनके पास कितने जमीन है। विधायक विनोद ने कहा कि सरकार अगर मौवीसेरी में कृषि से संबंधित कोई संस्थान खोले तो उसका स्वागत है। मगर दूसरे विस क्षेत्र के किसी व्यक्ति को यहां बसाना लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले एसडीएम ने गड़ाहरी फार्म का भी दौरा किया और नलहास में भी जमीन की तलाश को लेकर प्रशासन छानबीन कर रहा है। एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि उपयुक्त के आदेश पर वे मौवीसेरी गए थे।

# माउंट मौर्या स्कूल में मनाया दशहरा उत्सव

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में इस बार दशहरा उत्सव मनाया गया। इस विशेष अवसर पर टीक सदन द्वारा एक भव्य असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने भाग लिया और अपने प्रतिभाशाली अभिनय और नृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया।

असेंबली की शुरूआत स्कूल के टीक सदन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक से हुई, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों को नाटक के माध्यम से दिखाया गया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के चरित्र को जीवंत किया।



माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम के दौरान बच्चे।

उन्होंने भगवान श्रीराम की अच्छाइयों और उनके द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने की कहानी को बड़े ही प्रभावी ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया।

इस दौरान रावण का पुतला जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दर्शाया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने दशहरे की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। यह हमें अपने जीवन में सच्चाई, साहस और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

## कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**कविता, पधर**



कार-बाइक में हुई जोरदार भिड़ंत का दृश्य।

नेशनल हाईवे मंडी पठानकोट पर गवाली के पास शुक्रवार दोपहर बाद बाईक व कार की जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पधर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जोनल अस्पताल मंडी रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार जोगिंद्रनगर की टैक्सी एचपी 01 एम 4907 सवारियों को लेकर पंडोह जा रही थी। गवाली के पास पधर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बाइक नंबर एचपी 58 7975 कार से जा टकराई, जिस कारण बाइक सवार प्रमोद उम्र (28) स्पुत्र दूनी चंद गांव खजरवाहल गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी अशोक ठाकुर ने जानकारी लेकर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार तेज रफ्तार में था और जेसीबी मशीन को ओवरटेक करती बार सामने से आ रही कार से जा टकराया। पधर पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

## शरारती तत्वों ने की टैक्सी की तोड़फोड़

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत ऊपरीधार के गांव छंछेहड में एक टैक्सी चालक की गाड़ी में शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। शुक्रवार को संतोष कुमार, जो बीड़ रोड पर टैक्सी चलाते हैं, ने बताया कि वह गुरुवार रात को उनकी गाड़ी का शीशा बड़े पत्थर से तोड़ा गया है और जीपीएस भी गायब है। संतोष कुमार ने जानकारी लडभड़ोल पुलिस चौकी में दी। पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बस अड्डा सुंदरनगर में फैली गंदगी

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नए बस अड्डे सुंदरनगर का एक बड़ा भाग विभिन्न तरह के कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग(एनएच-21) से सटा सुंदरनगर का नया बस अड्डा जो खड्ड -नाले से घिरा है का एक बड़ा भाग कई प्रकार के बदबूदार कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है।

नवरात्रों में भी उचित सफाई न होने से यह प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए कितना घातक है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। चित्र में कूड़े-कचरे का लगा ढेर साफतौर पर देखा जा सकता है जो बस अड्डे के अंदर है और साथ में एचआरटीसी की बस व अन्य वाहन हैं ।यह गंदगी ऐसी जगह फैलाई गई है, जहां से एक ओर से जाता रास्ता शहरी क्षेत्र अंबेडकर नगर आदि को जाता है और इस रास्ते से दूर -दूर के लोगों का आना-जाना लगा ही रहता है, क्योंकि इस बस अड्डे के रास्ते का प्रयोग यात्रीगण भरपूर करते हैं जिनका स्वागत तरल पदार्थ के नशे की बोतलों सहित अन्य बास मारता कूड़ा-कर्कट करता है।



## चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने दो युवकों के कब्जे में 346 ग्राम चरस बरामद की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ने बस में सवार यात्रियों की तलाशी के दौरान सोमन दावा (27) पुत्र टस्सी जानपो निवासी जिला लेह लद्दाख तथा सनजीन नोरफिल(23) पुत्र नामग्याल दोर्जे लेह लद्दाख के स्वामित्व में 346 ग्राम चरस बरामद हुई। थाना प्रभारी नानक चंद ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मां दुर्गा का बडौण घाट में किया विसर्जन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

साईं मार्केट जोगिंद्रनगर में पिछले 9 दिनों से चल रहा मां दुर्गा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शुक्रवार प्रातः पंडाल में हवन व पूर्णाहुति के उपरांत नम आंखों से मां दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं को पंडाल से विदाई दी गई। मां दुर्गा के जयकारों के साथ समिति सदस्यों ने माता को पंडाल से फूलों से सजाए रथ में विराजमान किया। इसके बाद मां दुर्गा की पूरे शहर में परिक्रमा की गई।

मां दुर्गा की मूर्ति पर शहर में कई जगह भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। वहीं गरोडू के स्थानीय लोगों द्वारा सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

भक्तजनों द्वारा पूरे आदर व प्यार सहित सांय मां दुर्गा की मूर्ति बडौण खड्ड के घाट पर पहुंचाई गई। जहां पर समिति सदस्यों एवं हजारों भक्तजनों द्वारा पूरे विधि विधान से माता की आरती की गई। उसके बाद हजारों भक्तजनों ने नम आंखों से मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी व समिति सदस्यों व स्थानीय लोगों के सहयोग से मां दुर्गा को बडौण घाट में विसर्जित कर दिया गया। पुलिस व फायर ब्रिगेड के जवानों ने विसर्जन में अपना पूर्ण सहयोग दिया।



मूर्तियों का विसर्जन करते हुए।

**धर्म-कर्म** | साल में एक बार अष्टमी की रात भक्तों को दर्शन देती है माता कामाक्षा

# 10 महाविद्याओं की देवी है मां कामाक्षा

**पीयूष शर्मा, करसोग**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिरों में कामाक्षा मंदिर में शुक्रवार को अष्टमी की सुबह माता का मेला संपन्न हुआ, जिसमें मध्य रात्रि में माता साल में एक बार भक्तों को दर्शन दिए। बता दें कि ये मंदिर माता कामाक्षा के नाम से प्रसिद्ध है। वैसे तो यहां साल भर प्रदेश समेत देशभर से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते हैं, लेकिन इन दिनों शारदीय नवरात्रि में माता के दर्शनों का विशेष महत्व बताया गया है।

जिला मंडी के करसोग तहसील मुख्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर काओ नामक स्थान पर पांडवों के काल से संबंध रखने वाला कामाक्षा मंदिर शिल्प कला का उत्कृष्ट उदाहरण है।



कामाक्षा देवी का मंदिर।

## आधी रात को माता ने दिए दर्शन

**कामाक्षा** माता मंदिर के बजीर रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि हर साल शारदीय नवरात्रि के दौरान मंदिर में अष्टमी की रात माता का मेला लगता है। इस दौरान माता साल में एक बार किसी स्थानीय व्यक्ति में आकर भक्तों को दर्शन देती हैं। ऐसे में मेले की रात को दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते हैं।

## सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

**प्रसिद्ध** कामाक्षा मंदिर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। बताया जाता है कि इसी रात साल में एक बार मंदिर में उपस्थित स्थानीय गांव के किसी एक व्यक्ति में माता जागृत होती हैं, जिसके बाद माता कामाक्षा आधी रात को दोनों और पहाड़ियों में विराजमान जोगनियों की परिक्रमा कर सुबह तक वापस मंदिर में लौटी। माता के दर्शन करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

# डॉ. मदन लाल को ऑनरेरी डॉक्टरेट उपाधि से नवाजा

**आदर्श यादव, नेरचौक**

शांति निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत डॉ. मदन लाल को ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ बोस्टन द्वारा आनरेरी डॉक्टरेट उपाधि से नवाजा गया।



डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करते डॉ. मदन लाल।

**ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ बोस्टन ने दी उपाधि**

ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ बोस्टन द्वारा ग्रेट कन्फर्मेंट सेरेमनी-2024 का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। डॉ. मदन लाल की शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता की यात्रा लगभग बाईस साल से चली है तथा ये अपने जीवन में बहुत से समाज कल्याण के कार्य करते चले आ रहे हैं। इस उपलब्धि के पश्चात उनका शांति निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान शांति निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ठाकुर व सभी स्टाफ ने डॉ. मदन लाल को शुभकामनाएं दी।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा कॉलेज में राजनीति विज्ञान सोसायटी गठित



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान सोसायटी कार्यकारिणी और इलेक्टरल लिटरेसी क्लब का गठन प्रो. सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फाइनल ईयर की छात्रा अनीता राणा को, उपाध्यक्ष वासु शर्मा को, महासचिव अंकित मनकोटिया को, सहसचिव दिव्यांशु शर्मा को, कोषाध्यक्ष तमन्ना ठाकुर को बनाया गया। इसी प्रकार लिटरेसी क्लब के अध्यक्ष पद पर सेकंड ईयर का छात्र रोहित डोगरा को, उपाध्यक्ष पद पर सेकंड ईयर से कुशल राणा को, महासचिव पद पर प्रथम वर्ष की छात्रा विधीही शर्मा को, सहसचिव तनवि को कोषाध्यक्ष विवेक सिंह को बनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने चयनित सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं दीं और महाविद्यालय के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने का आह्वान किया।

### जटहेड़ी की छात्रा का कला उत्सव के लिए चयन



**विनोद शर्मा, लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटहेड़ी की छात्रा समीक्षा का चयन जिला स्तरीय कला उत्सव के लिए हुआ। हाल में ही ब्लॉक स्तर पर आयोजित कला उत्सव में दसवीं कक्षा की छात्रा समीक्षा ने विजुअल आर्ट्स वर्ग में ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य देवराज धीमान ने समीक्षा को सम्मानित किया । जिला जिला स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने बताया के पंकज कुमार के मार्गदर्शन से ही ये उपलब्धि संभव हो पाई हैं। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### एसएसआरवीएम ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय एसएसआरवीएम विद्यालय में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त सहोदय खेलों का समापन हो गया। इस समापन समारोह में ओवरऑल ट्रॉफी विजेता एसएसआरवीएम ऊना के नाम रही। एसएसआरवीएम ऊना में शुक्रवार समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षा विभाग उपनिदेशक सोम लाल धीमान जी और मदर प्राइड कम प्रेसीडियम विद्यालय द्वारिका नई दिल्ली की प्रधानाचार्य डॉ. सोनाक्षी शर्मा ने शिरकत की। तीसरे दिन कबड्डी में लड़कों की एसएसआरवीएम नया नंगल टीम विजेता, उपविजेता रॉकफोर्ड पब्लिक स्कूल, लड़कियों की टीम विजेता डीएवी कालू दी बड़, उपविजेता एसएसआरवी ऊना, खो-खो में लड़कों की टीम विजेता एसएसआरवीएम ऊना, उपविजेता कालू दी बड़, लड़कियों की टीम विजेता एसएसआरवीएम ऊना, उपविजेता कालू दी बड़, वॉलीबॉल में लड़कों की टीम विजेता एसएसआरवीएम नया नंगल, उपविजेता केसी पब्लिक पंडोगा, लड़कियों की टीम विजेता रूद्रा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, उपविजेता कालू दी बड़ की टीम रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर ओवरऑल ट्रॉफी एसएसआरवीएम ऊना को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्व है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में नियम पालन, सहयोग संघर्ष, एकता जैसे गुणों का विकास होता है।

### पेंशनर्स संघ परागपुर की बैठक 18 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर की बैठक 18 अक्तूबर को पीर सलूही स्थित मंदिर परिसर में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रेस सचिव कुलदीप सपेहिया ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में इस बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### डाडासीबा में आज किया जाएगा रावण दहन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में आज धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। बाबा भरथरी सांस्कृतिक मंच डाडासीबा के आयोजकों ने बताया कि उत्सव में पंजाब के 30 नामी कलाकार भी भाग लेंगे। 4 बजे से लेकर डाडासीबा पुल के पास वाले ग्राउंड में 2 घंटे पंजाब से आए अनुभवी कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। अंत में 5 बजे रावण दहन किया जाएगा।

### भूकंपरोधी भवन निर्माण पर पांच दिवसीय जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

# लोगों ने आपदाओं से निपटने के सीखे उपाए

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले में भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय जागरूकता अभियान शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभियान के अंतिम दिन चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को भूकंपरोधी तकनीकों के महत्व और भवन निर्माण के सही तरीकों की जानकारी दी गई।

इस पूरे अभियान का आयोजन समर्थ-2024 कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित भवन निर्माण को प्रोत्साहित करना था।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने इस अभियान के सफल समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिवसीय अभियान में जिले के सभी उपमंडलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीकों, उचित गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई।



बस अड्डे में राहगीरों को जागरूक करते कलाकार।

उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में सही तकनीक और सावधानियों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी आपदा के समय होने वाले संभावित नुकसान को कम किया जा सके।

उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि भवन निर्माण या किसी भी प्रकार के संरचनात्मक बदलाव से पहले विशेषज्ञ अभियंता से परामर्श अवश्य लें।

इससे न केवल भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान क्षति को कम किया जा सकेगा। इसके अलावा, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर भी जोर देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और स्वच्छ वातावरण में लोग रह सकें।

7 से 11 अक्तूबर तक चले इस अभियान के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध नाट्य दलों ने ऊना जिले के पांचों उपमंडलों में 2-2 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए । इनमें नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों तक जागरूकता संदेश पहुंचाया गया। अंतिम दिन आरके कला मंच के कलाकारों ने अंब उपमंडल के तहत बस अड्डा चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इसके माध्यम से ग्रामीणों को भूकंपरोधी भवन निर्माण से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई।

इससे पहले, आरके कला मंच ने बंगाणा उपमंडल, पूर्वी कला मंच के कलाकारों ने ऊना और हरोली उपमंडल तथा सुरभि कला मंच के कलाकारों ने गगरेट उपमंडल में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अभियान में शामिल सभी कलाकारों और विभागों की सराहना करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि आपदा प्रबंधन के प्रति लोगों की जागरूकता और तैयारी बनी रहे। (अनंत ज्ञान)

## प्रभु श्रीराम के बताए रास्तों पर चलने पर मजबूर करती है रामलीला : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

- हटली में हनुमान ने जलाई रावण की सोने की लंका

उपमंडल बंगाणा का श्री राम नाटक क्लब हटली जो 66 वर्षों से लगातार शुद्ध रामायण मंचन करके जनता को प्रभु श्री राम जी की मर्यादा को दर्शा रहा है और समाज को बेहतर बनाने पर मर्यादाओं को सीखने के लिए प्रेरित कर रहा है। राष्ट्रीय ह्यूमन राइट बिंग के यूथ अध्यक्ष एवं जिला ऊना भाजयुमो के सचिव अजय ठाकुर ने श्री राम नाटक क्लब हटली में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के बाद संबोधन में कहे।

अजय ठाकुर ने कहा कि श्री रामायण मंचन आनंद लेने के लिए बल्कि शिक्षा का एक भंडार है। और श्री रामायण मंचन के भाई के प्रति भाई और माता-पिता, गुरु पति-पत्नी को मर्यादा सिखाता है कि किस प्रकार समाज में हर व्यक्ति से मर्यादा में रहकर बात करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री रामायण जब त्रेता युग में संपन्न हुई थी तो उस समय जब भगवान श्री राम जी बैकुंठ जाने लगे थे। कैसे श्री अयोध्या के नगरवासी भगवान श्री राम जी के साथ चल पड़े थे। उसी प्रकार हम भी जीवन में कुछ ऐसा समाज और श्री भगवान के प्रति करें कि बैकुंठ में बैठे प्रभु श्री राम जी खुद अंतिम समय में हमें दर्शन देकर स्वर्ग के द्वार खोलें। हर अभिभावक घर पर अपने बच्चों को श्री रामायण से संबंधित ज्ञान दे और अपने बच्चों को ऐसा सक्षम बनाए कि जब भी हमारे बच्चे किसी मंच को साझा करें तो श्री रामायण से संबंधित बातें करें। अजय ठाकुर ने कहा कि श्री राम नाटक क्लब और ऊंचाइयों को छुएं, यही हमारी शुभकामनाएं है।

वहीं हटली कलामंच और अष्टमी के नवरात्र पर माता सीता और रावण बाद में श्री हनुमान का संवाद हुआ और बाद में श्री हनुमान ने रावण की प्यारी अशोक वाटिका को उजाड़ा और रावण के पुत्र अक्षय कुमार को मौत के घाट उतारा, बाद में मेघनाथ द्वारा हनुमान को बंदी बनाकर रावण दरबार में ले जाया गया और श्री हनुमान द्वारा रावण को समझाया गया, लेकिन रावण ने समझने की बजाए श्री हनुमान की पूंछ में आग लगा दी और श्री हनुमान ने रावण की सोने की लंका जला दी। वहीं, हटली में प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री और राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश सयोजिक सुरिंदर ठाकुर ने भी शिरकत की। वहीं, स्थानीय बीडीसी सदस्य एवं कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र रिंकू ने भी परिवार सहित हटली में शिरकत की।

### विधायक ने कन्याओं की शादी के लिए दिए चेक



**विवेक शर्मा, अंब।** चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह ने माता चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के माध्यम से 21 निर्धन कन्याओं की शादी के लिए 5.15 लाख वितरित किए। शुक्रवार को पंजोआ स्थित अपने कार्यालय में विधायक ने गरीब परिवारों से संबंधित बेटियों की शादी के लिए उक्त सहायता राशि के चेक वितरित किए। विधायक सुदर्शन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में निर्धन एवं जरुरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा महज 20 माह के कार्यकाल में ही करोड़ों रुपए की आर्थिक सहायता जरूरतमंद परिवारों को वितरित की जा चुकी है, तो वहीं निर्धन परिवारों की बेटियों को शादी के लिए माता श्री चिंतपूर्णी जी मंदिर न्यास के माध्यम से हर प्रकार की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी के लिए पहले केवल 15 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती थी, लेकिन वह इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया गया है। प्रदेश की सुक्खू सरकार निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों का सहारा बनकर उनके साथ खड़ी है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, उपप्रधान ठठल रोहित बाली, पोलियां पुरोहितां की प्रधान मंजू चौधरी, पूर्व प्रधान ज्ञान चंद, मास्टर बलवीर सिंह, राजेश कुमार, अनिल तक्खी आदि भी उपस्थित रहे।

### बडैहर स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**अनंत ज्ञान, जाहू।** अंकुश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से 13 अक्तूबर को बडैहर स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह कैंप रविवार को प्रात: 10 बजे से शुरू होगा। शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा रानी ने कहा कि इस कैंप में आंखों की विभिन्न बीमारियों व आंखों के पर्दे के बीमारियों की जांच की जाएगी तथा निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस निशुल्क नेत्र जांच शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## विधायक बबलू ने किया सड़क के कार्य का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, अंब**

विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने को चुरुड़ू से वाया सेरी, हंबोली से भैरा-धुसाड़ा सड़क के चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत हुए इस सड़क मार्ग का पुननिर्माण किया जा रहा है। चुरुड़ू से भैरा तक 6.89 किलोमीटर सड़क मार्ग के पुनर्निर्माण और रखरखाब के लिए 845.36 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और निर्माण कंपनी को सड़क के निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा लंबे समय से क्षेत्र के लोग इस सड़क के पुनर्निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे। सड़क निर्माण कार्य से करीब डेढ़ दर्जन गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्री के विकास के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। वह समय-समय पर सड़क की गुणवत्ता का निरीक्षण करते रहेंगे।



अधिकारियों और कंपनी को सड़क के कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश।

इस मौके पर उनके साथ तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दिनकर शर्मा, सहायक अभियंता भानू ओहरी, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग होशियार सिंह जस्सल, अधिशाषी अभियंता बिजली विभाग खुशविंद्र सिंह, एचएसडी ग्रुप के एमडी सतीश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता विकास कश्यप, प्रधान नंदपुर श्रवण कुमार बिट्टू, पूर्व प्रधान रघुदत्त, राजिंद्र कुमार, आतमा प्रोजेक्ट ब्लॉक अंब में चेयरमैन स्वर्ण सिंह ढिल्लों, बूथ प्रधान पवन कुमार, उपप्रधान हंबोली सतीश कुमार, नंबरदार बलदेव सिंह, उपप्रधान भैरा सुरिंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान पर किए जागरूक




जागरूकता शिविर में बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व के बारे में किया जागरूक।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

बाल विकास विभाग गगरेट के सौजन्य से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।

इस पहल के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका उद्देश्य छात्रों को शामिल करना और लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर जोर देना है। इस कार्यक्रम में वृत्त पर्यवेक्षिका रजनी शर्मा द्वारा लिंग अनुपात में समन्ता, बेटियों के अधिकारों के बारे में, घरेलू हिंसा, पोषण तथा विभाग द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं जिनमें 'बेटी है अनमोल', सुख आश्रय सुख योजना, शगुन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मिशन से संबंधित विषयों पर सूचनात्मक और आकर्षक चार्ट बनाए। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

इस जागरूकता शिविर में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली, जो देश में बालिकाओं के कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि करती है। इस मौके पर डीपीओ नरिंद्र कुमार सीडीपीओ विजय कुमार, रजनी शर्मा, आरती ठाकुर, प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार, मोनिका रत्न, प्यारा राम, पूजा शर्मा, मनोज ठाकुर इत्यादि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पालकवाह
### विकास खंड हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पालकवाह विकास खंड हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.) द्वारा पंचायत के विकासात्मक निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यक सामग्री की अधिकृत विक्रताओं से निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं। निविदाएं दिनांक 27/10/2024 को सायं 5:00 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पालकवाह में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 28/10/2024 प्रातः 11:30 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत पालकवाह में पंचायत पदाधिकारियों की गणापूर्ति व निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष यदि उपलब्ध हों, खोली जाएंगी तथा न्यूनतम रेट पारित होंगे। ग्राम पंचायत को इस कार्य हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

**सामग्री विवरण-**1. रेत, बजरी 10, 20 एमएम, गटका 40 एमएम, क्रेशर - रेट प्रति घन फुट (FOR सहित) 2. स्टोन डस्ट, मिट्टी - रेट प्रति घनफुट (FOR सहित) 3. ईट, इंटरलॉक टाईल 40, 60, 80MM, फ्लोर टाईल, वॉल टाइल (आईएसआई मार्क FOR सहित) - रेट प्रति पीस ढुलाई व लोडिंग अनलोडिंग सहित 4. सीमेंट ढुलाई हि.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई स्टोर हरोली से - रेट प्रति बैग ढुलाई व लोडिंग अनलोडिंग सहित 5. स्टील (8, 10, 12, 14, 16 एमएम) ग्रिल, शीट, एंगल, पाइप चेनल आदि (आईएसआई मार्क) - रेट प्रति किलो ढुलाई व लोडिंग अनलोडिंग सहित 6. जीआई एवं पीवीसी पाइप, सीमेंट पाइप (सभी साइज़) - रेट प्रति किलो/ प्रति फुट / ढुलाई व लोडिंग अनलोडिंग सहित 7. शटरिंग लकड़ी व लोहे की - रेट प्रति वर्ग फुट ढुलाई सहित 8. मिक्सचर मशीन (तेल सहित/प्रति दिन), टैंकर पानी, खड़े टैंकर का किराया - रेट प्रति दिन 9. लोकल चक्कर 10. विकासात्मक कार्यों व मनरेगा सीमेंट बोर्ड के लिए कुटेशन - रेट प्रति स्कवेयर फुट की दर से 11. वॉल पेंटिंग - प्रति स्कवेयर फुट की दर से, 12. तार व एंगल की कुटेशन और लोहे व स्टील का गेट हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**नोट-** 1. रेत, बजरी और गटका प्रति घन फुट ही स्वीकार किया जाएगा। 2. सामग्री बिल के साथ M/W/X फार्म लगाना अनिवार्य होगा। अन्यथा अदायगी लंबित हो सकती है व निविदा रद्द कर दी जाएगी। 3. कमर्शियल ट्रैक्टर ही मान्य होगा, एग्रीकल्चर ट्रैक्टर मान्य नहीं होगा।

**नियम व शर्तें:-** इच्छुक निविदादाता के पास अपना पैन नंबर, जीएसटी नंबर, आईएसआई प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। निविदाओं पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। ओवर राइटिंग व कटिंग होने की दशा में निविदा रद्द कर दी जाएगी। सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। किसी भी समस्या के समाधन के लिए अंतिम फैसला पंचायत का होगा। अन्य शर्तों के लिए कार्यालय ग्राम पंचायत पालकवाह से संपर्क करें।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत पालकवाह विकास खंड हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**आयोजन** चार माह के कार्यकाल में विधायक निधि से कुटलैहड़ के विकास को दिए एक करोड़ : विवेक

# विधायक ने जरूरतमंद परिवारों को बांटी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने उपमंडल अधिकारी नागरिक बंगाणा के मीटिंग हाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के 47 जरूरतमंद परिवारों को करीब 4,20168 रुपए के चेक वितरित किए। इसमें बेटियों को शादी, बुजुर्गों की दवाई, छात्रों की पढ़ाई, स्वास्थ्य पर खर्च एवं अन्य जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक रूप से सहायता की।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मेरे चार माह के कार्यकाल में राज्य सरकार की तरफ से कुटलैहड़ के साढ़े तीन सौ परिवारों को पच्चास लाख के करीब आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। मैंने राजनीति से हटकर कुटलैहड़ की जनता की सेवा करने का बीड़ा उठाया है और ईमानदारी से जिसे पूरा भी कर रहे हैं।

विवेक शर्मा ने कहा कि हम ने चार माह के अपने कार्यकाल में अपने विधायक निधि से करीब एक करोड़ की धनराशि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत की है और हर पंचायत स्तर पर विकास को गति देने का काम किया है। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले व्यक्तियों कि बेटियों की शादी और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की सहायता के लिए 4 लाख 20,168 रुपए के चेक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बगांणा क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए सोमवार को उनके कार्यालय में उनसे मिल सकते हैं।



कुटलैहड़ विस क्षेत्र के 47 जरूरतमंद परिवारों को करीब 4,20168 रुपए के चेक वितरित करते विधायक विवेक शर्मा।

विवेक शर्मा ने कहा कि हमने चार माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में उस एजेंडे को खत्म किया है, जो वर्षों से वाया-वाया होकर सत्ताधारी प्रतिनिधित्व तक पहुंच कर काम किए जाते थे और जनता को जलील होना पड़ता था। विवेक शर्मा ने कहा कि हमने अपना फोन नंबर कुटलैहड़ के हर व्यक्ति परिवार तक पहुंचाने का प्रयास किया हैं, ताकि मेरे कुटलैहड़ परिवार को अगर कोई कार्य या आपदा पड़े तो वह सीधा मुझ से संपर्क कर सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बेटियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी सराहना की। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव देसराज मोदागिल सहित अन्य मौजूद रहे।

### 2027 तक हर घर तक होगी पक्की सड़क

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि 2027 तक प्रत्येक घर तक पक्की सड़कें पहुंचाने का उनका लक्ष्य है। इसके लिए एक करोड़ रुपए का बजट पंचायतों को मुहैया कराया जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि आज कुटलैहड़ की दिशा और दशा दोनों को बदलने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का विशेष आशीर्वाद कुटलैहड़ को मिल रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास की गाथा अन्य राज्यों में गाई जाएगी और कुटलैहड़ के हर घर को पक्का रास्ता और हर गांव को सड़क सुविधा मिलेगी।

### बाल विज्ञान सम्मेलन के लिए 16 से पहले करें रजिस्ट्रेशन: राजेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विज्ञान सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल छात्रों के लिए खोल दिया गया है। छात्रों को 16 अक्तूबर से पहले विभाग की साइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। बाल विज्ञान सम्मेलन में छात्र इस बार चार गतिविधियों में ही भाग ले सकेंगे। हिम कॉस्टो ने ब्लॉक व जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए डेट और वेन्यू भी तय कर दिए हैं। प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी की तरफ से हिम कॉस्टो की जो साइट है, उसके ऊपर एक ऐप विभाग द्वारा बनाई गई है। सभी स्कूलों को यूजर नाम व यूजर पासवर्ड मुहैया करवाए गए हैं, ताकि ऐप पर जाकर छात्रों के नाम रजिस्टर किए जा सकें। सीनियर सेकेंडरी में 11वीं व 12वीं, सीनियर ग्रुप में नौवीं-10वीं, और जूनियर ग्रुप में छठी से आठवीं कक्षा के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्र साइंस क्विज, इनोवेटिव साइंस मॉडल और मैथेमेटिक्स ओलंपियाड़ में ब्लॉक स्तर पर भाग ले सकेंगे, जबकि साइंस स्किट कंपटीशन में छात्र सीधे जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिला में ब्लॉक लेवल का कार्यक्रम 21 और 22 अक्तूबर को एक साथ सभी ब्लॉक में आयोजित होगा।





## न्यूज ब्रीफ

### मेले और त्योहार भारतीय संस्कृति के प्रतीक



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पंचायत और दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दशहरा मेले का शुभारंभ जिला सोलन कांग्रेस सचिव व समाजसेवी चौहान कृष्णा ने दीप प्रज्वलित कर किया। चौहान कृष्णा ने कहा कि मेले और त्योहार भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं और समाज में मेल-जोल की भावना को बढ़ावा देते हैं। मेले मानवीय सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्थानीय विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि 10 टीमों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हालांकि,पूर्व वर्षों की तुलना में इस वर्ष लोगों की संख्या कम रही। मेला कमेटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता और पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया ने बताया कि 13 को रात्रि सांस्कृतिक संध्या में रॉक स्टार ऑफ नाटी दिलीप सिरमौरी, स्थानीय कलाकार मास्टर किशोर, मुकेश, दीक्षा शर्मा, आयुष और अग्रिमा शर्मा की जोड़ी अपनी आवाज के जादू से लोगों का मनोरंजन करेंगे। वरिष्ठ उपप्रधान मोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि 12 को सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले जलाए जाएंगे।

### गुड टच और बैड टच के बारे में दी जानकारी



**नाहन।** सिरमौर के बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैनवाला में अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी इशाक मोहम्मद ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। इशाक मोहम्मद ने छात्राओं को उनके अधिकारों, गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, सरकार की ओर से बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका ने बालिकाओं के कैरियर अवसरों और एज में आ रहे विभिन्न बदलावों के बारे में जानकारी दी। डीसीपीयू प्रवीण ने बालिकाओं को भविष्य की चुनौतियों के बारे में सजग किया। सहायक सुरेश सांख्य ने बालिकाओं को सरकार की ओर से दी जा रही योजनाओं और छात्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यकर्ता राजेंद्र ने चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर-1098 के बारे में जानकारी दी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को रखा




**दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट और नंहोल यूनिट की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ई काली दास ने की। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को रखा, जिनमें महंगाई भत्ता, लंबित बकाया एरियर और मेडिकल बिलों के संबंध में अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने यह भी कहा कि उन्हें अदायगी नहीं की जा रही है, जबकि फर्मों को उनके जाव आर्डर के तहत पेमेंट की जा रही है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बिजली बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया कि वे सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समय-समय पर ख्याल रखें। अध्यक्ष प्रेम केशव ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपना लाइफ प्रमाण पत्र तैयार कर एओ पेंशन को स्वयं भेजे।

नशा निवारण पर जागरूकता सत्र और रैली का आयोजन

### रैली निकालकर नशे से दूर रहने का दिया संदेश




**दाड़लाघाट।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से दाड़लाघाट कॉलेज में नशा निवारण पर जागरूकता सत्र और रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सहायक आचार्य अक्षय शुक्ला रहे, जिन्होंने बच्चों को नशे की बूरी लत से दूर रहने और दूसरों को भी दूर रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों की ओर से नशे की रोकथाम और युवाओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सोलन-कैथलीघाट फोरलेन का कार्य पूरा होने में लगेगा समय

**आर मोहन चौहान, सोलन**



निर्माणाधीन सोलन कैथलीघाट फोरलेन।

कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग के 22.91 किलोमीटर लंबे सोलन-कैथलीघाट खंड को फोरलेन के चौड़ा करने के कार्य को पूरा होने में अभी एक से दो महीने का समय लगेगा। यह कार्य नवंबर के अंत तक पूरा होने की संभावना है। हालांकि समय सीमा कई बार संशोधित की गई।

परियोजना की समय सीमा कई बार संशोधित की गई है, जबकि चंबाघाट में फ्लाईओवर को पूरा करने की नवीनतम समय सीमा समाप्त हो गई है। यह कार्य पूरा हो चुका है पर अभी बड़े वाहनों के लिए नहीं खुला है। फोरलेन निर्माण में देरी कंडाघाट में चायल रोड पर 0.9 हेक्टेयर की वन मंजूरी प्राप्त करने में समय लगा, जैसे कई मुद्दों में काम में देरी भी इसका मुख्य कारण रहा। यहां फ्लाईओवर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कैथलीघाट में वन विभाग और कुछ स्थानीय लोगों के बीच स्वामित्व विवाद ने भूमि के एक हिस्से के अधिग्रहण में देरी की। इसी तरह, कंडाघाट में स्वामित्व विवाद ने भी सुरंग के निर्माण को कुछ समय के लिए रोक दिया था।

एआईआरईएफ इंजीनियर्स को दिसंबर-2018 में यह काम सौंपा गया था और इसे 30 महीने में जून 2022 तक पूरा किया जाना था, लेकिन फ्लाईओवर और सुरंग जैसी प्रमुख संरचनाओं का काम अभी भी अधूरा है। समय-सीमा में कई बार संशोधन किया गया है, जिसमें चंबाघाट में फ्लाईओवर को पूरा करने की नवीनतम समय सीमा समाप्त हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) शिमला के परियोजना निदेशक आनंद दहिया का कहना है कि सोलन के चंबाघाट में 650 मीटर लंबे फ्लाईओवर के माध्यम से यातायात को डायवर्ट करने और नीचे की लेन पर काम पूरा करने में मदद मिलेगी क्योंकि फ्लाईओवर के नीचे से रेलवे लाइन गुजरती है, इसलिए फ्लाईओवर पर यातायात को डायवर्ट करने से पहले रेलवे अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है। कंडाघाट में सुरंग का निर्माण रोक दिया गया था क्योंकि क्षेत्र में एक पानी की टंकी की उपस्थिति के कारण इसके संरेखण को बदलना आवश्यक था। इससे सुरंग की लंबाई में 207 मीटर की वृद्धि हुई। एनएचएआई की सुलह समिति की ओर से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में कई महीने लग गए और इससे देरी और बढ़ गई। (अनंत ज्ञान)

**45 मीटर सुरंग का निर्माण हो चुका**

207 मीटर में से 45 मीटर सुरंग का निर्माण हो चुका है और हमें उम्मीद है कि अक्तूबर के अंत तक काम पूरा हो जाएगा। शेष निर्माण कार्य पूरा होने के अंतिम चरण में है और एक बार ये दोनों संरचनाएं तैयार हो जाने के बाद, कैथलीघाट तक राजमार्ग को चार लेन का बना दिया जाएगा। इसके अलावा, कैथलीघाट में वन विभाग और कुछ स्थानीय लोगों के बीच स्वामित्व विवाद के कारण भूमि अधिग्रहण में देरी हुई। इसी तरह, कंडाघाट में स्वामित्व विवाद के कारण सुरंग का निर्माण कुछ समय के लिए रुका रहा। यह कालका-शिमला राजमार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना का तीसरा चरण है, जिसके पूरा होने पर यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

## बारिश से 23.65 करोड़ का हुआ नुकसान उच्च अधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

- लोनिवि नालागढ़ के तहत 11.20 करोड़ और बिजली बोर्ड के तहत 45 लाख का नुकसान
- जलशक्ति विभाग नालागढ़ को सात करोड़ का हुआ नुकसान

क्षेत्र में हुई बारिशों ने तीन विभागों को करीब 23.65 करोड़ की क्षति पहुंचाई है।

इनमें आईपीएच नालागढ़-बद्दी मंडल के तहत सिंचाई व पेयजल योजनाओं को 12 करोड़ का नुकसान हुआ है। लोनिवि नालागढ़ मंडल के तहत 11.20 करोड़ और बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत 45 लाख रुपए का नुकसान वहन करना पड़ा है। हालांकि क्षेत्र में इस बार लगातार बारिश नहीं हुई है और कभी-कभार होने वाली बारिशों से ही यह नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार बीबीएन में इस वर्ष हुई बारिशों से विभिन्न विभागों को करोडों का नुकसान उठाना पड़ा है, जिनमें सबसे ज्यादा क्षति जल शक्ति विभाग की योजनाओ को पहुंची है।

इस बार बारिशों ने आईपीएच नालागढ़ डिवीजन के तहत सिंचाई व पेयजल योजनाओं को जमकर नुकसान पहुंचाया है, जिनमें पंप हाउस, स्लैब, रिटेनिंग वाल, बावंडरी वॉल, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन, सहित सिल्ट आने से पेयजल व सिंचाई योजनाओं को नुकसान पहुंचा है, जिसमें बद्दी व नालागढ़ डिवीजन के तहत 12 करोड़ का नुकसान हुआ है। लोनिवि नालागढ़ मंडल के अंतर्गत मुख्य रूप से कलवर्ट, रिटेनिंग वॉल सहित ल्हासों व डंगों आदि के गिरने सहित क्षेत्र की सड़कें खूब धुली हैं। लोनिवि नालागढ़ मंडल के तहत तीन विस क्षेत्रों नालागढ़, दून व अर्की की सड़कें आती हैं, जिन्हें नुकसान हुआ है। बिजली विभाग नालागढ़ मंडल को 45 लाख का नुकसान हुआ है।

जलशक्ति विभाग नालागढ़ मंडल के एक्सइएन नीरज गुप्ता ने कहा कि इस बार की बरसात से 7 करोड़ का नुकसान विभाग को झेलना पड़ा है। एसडीओ बद्दी चमन ने कहा कि विभाग को 5 करोड़ का नुकसान हुआ है। बिजली बोर्ड नालागढ़ के एक्सइएन हिमेश धीमान ने बताया कि इस बार बारिश से विभाग को 45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। एक्सइएन लोनिवि परवसर सिंह ने कहा कि विभाग को इस वर्ष की बरसात में 11 करोड़ 20 लाख का नुकसान हुआ है।

## मां कालीस्थान मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान, नाहन**



शरद कालीन नवरात्र के अंतिम दिन नवमी के उपलक्ष्य पर सिरमौर के मां बाला सुंदरी मंदिर सहित तमाम मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज रही। वहीं, जिला मुख्यालय नाहन के प्रमुख ऐतिहासिक रियासत कालीन शक्तिपीठ मां कालीस्थान मंदिर में श्रद्धा का अपार सैलाब उमड़ा।

मंदिर में सुबह 4 बजे की आरती के बाद लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। मंदिर में भारी भीड़ के बावजूद मां काली स्थान मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा बड़े ही व्यवस्थित रूप से सारे इंतजाम किए गए थे। प्रबंधन समिति के महासचिव देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर जलपान से लेकर ठहरने, बैठने आदि की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई थी। मंदिर में पूरे 9 दिन नियमित रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ और हवन किया गया। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए भी व्यवस्था की गई थी। योगेश गुप्ता ने बताया कि वैसे तो पूरे 9 दिन नियमित रूप से लघु भंडारे की व्यवस्था की गई थी, मगर मुख्य भंडारा चौदस के दिन किया जाएगा। वहीं, श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की तमाम व्यवस्थाएं अन्य शक्तिपीठों के लिए प्रेरणादायक हैं। काली स्थान मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व राज गुरु महंत किशोरी नाथ ने श्रद्धालुओं को नवरात्र की शुभकामनाओं के साथ चौदस के भंडारे के लिए निमंत्रण भी दिया।

## नालागढ़ अनाज मंडी में धान खरीद केंद्र शुरू, विधायक हरदीप ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



नालागढ के इंदिरा आनाज मंडी स्थित धान खरीद केंद्र का नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने एसडीएम के साथ निरीक्षण किया और किसानों को बेहर सुविधा दिलाने के लिए मौके पर तैनात सिविल सप्लाई विभाग के अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 10 से खरीद केंद्र नालागढ़ व मलपुर में खुल चुके हैं जो 31 दिसंबर तक जारी रहेंगे। विधायक ने कहा कि धान फसल को समर्थन मूल्य दिलाने का विषय प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाएगा, ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके। धान खरीद केंद्र में किसानों से 2320 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की फसल खरीदी जा रही है। खरीद केंद्रों में टोकन प्रणाली से धान की फसल ली जा रही है। धान बेचने के लिए किसानों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। विभाग के पोर्टल पर धान खरीद की पूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। किसान विभाग के पोर्टल पर किसी भी नजदीकी लोकमित्र केंद्र अथवा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के उपरांत उन्हें टोकन नंबर व धान बेचने की तिथि मिलेगी। धान की खरीद 31 दिसंबर तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रदेश में विपणन मंडियों के नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में स्थापित विपणन मंडियों में बेहतर सुविधाएं सृजित की जा रही हैं। किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

## डाक मंडल ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय डाक सप्ताह



**सोलन।** सोलन डाक मंडल ने 9 से 11 तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह धूमधाम से मनाया। शुक्रवार को सोलन डाक मंडल में एक विशेष डाक चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शाखा डाकपाल, सहायक शाखा डाकपाल, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के डायरेक्ट एजेंट्स और एमपीकेबीवाई एजेंट्स ने भाग लिया। इस डाक चौपाल में विशेष रूप से पोस्ट ऑफिस सेविंग बैंक योजनाओं और डाक जीवन बीमा पर केंद्रित चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य डाक विभाग की योजनाओं को और अधिक प्रभावी रूप से बढ़ावा देना था। इस अवसर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सोलन डाक मंडल के अधीक्षक संदीप धर्माणी की ओर से सम्मानित किया गया।

## 30 से 2 तक होगा किन्नौर महोत्सव : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के आयोजन को लेकर रिकांगपिओ में राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत मामले मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में राजस्व मंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक रिकांगपिओ के मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी चार दिवसीय किन्नौर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता व विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि प्रदर्शनियां राज्य स्तर की होना चाहिए और सभी विभाग सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी लगाएं, ताकि आम जनता सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने मेले में आम लोगों की सुविधा के लिए जल शक्ति विभाग को अस्थायी शौचालयों लगाने के भी निर्देश दिए। मिनी स्टेडियम में मेले के आयोजन के लिए अन्य कार्यों को भी समय रहते पूर्ण करने को कहा।

बैठक में मेले के शुभारंभ व समापन के लिए मुख्यातिथि का निर्णय बाद में लेने का निर्णय हुआ और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन व खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सब कमेटियों का भी गठन किया गया, जिसमें सरकारी सदस्यों के साथ गैर-सरकारी सदस्यों को भी रखा गया, ताकि मेले के आयोजन में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में निर्णय लिया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को अधिक से अधिक मौका दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## छामला में वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के छामला में एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बाइक को टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। थाना दाड़लाघाट के तहत पीड़ित वरूण बरवाल पुत्र रवि बरवाल निवासी पारनु ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बाइक नंबर एचपी-11बी-1190 पर नंहोल से रामपुर जा रहे थे, जब वह छामला से करीब 3 किमी आगे डोरी की बाउंड्री के पास पहुंचे, तो शिमला की तरफ से एक काले रंग की कार बहुत तेज रफ्तार और गलत दिशा में आई और उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वरूण को दाहिने हाथ और दाहिने पांव में चोटें आईं और उनकी बाइक को भी नुकसान हुआ। आरोपी चालक मौके पर रुका नहीं और फरार हो गया, लेकिन वरूण ने उसकी गाड़ी का नंबर एचपी-22एफ-0522 नोट कर लिया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

## संजय अवस्थी आज अर्की के एकदिवसीय प्रवास पर

**सोलन।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी 12 अक्तूबर को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। मुख्य संसदीय सचिव सायं 5 बजे दाड़लाघाट में सरस्वती विद्या मंदिर के समीप आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में मुख्यातिथि होंगे। मुख्य संसदीय सचिव तदोपरांत सायं 8 बजे बातल में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में मुख्यातिथि होंगे।

## पांवटा साहिब कॉलेज में 14 से 16 तक होंगे हॉकी मैच

**पांवटा साहिब।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय, पांवटा साहिब में 14 से 16 अक्तूबर तक हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों की महिला हॉकी टीमें भाग लेंगी और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने इस आयोजन के संबंध में जानकारी दी और बताया कि प्रतियोगिता को लेकर कॉलेज में उत्साह का माहौल है। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों और खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. जाफर अली ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कॉलेज प्रशासन खिलाड़ियों और दर्शकों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर है।

## हैंडबॉल में सिरमौर ने हमीरपुर को 12-8 के स्कोर से हराया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



39वीं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो कि शिमला के सुन्नी में पिछले दिन संपन्न हुई, उसमें स्कूल की छात्राओं ने हैंडबॉल में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व किया।

सिरमौर टीम की तरफ से खेलते हुए पूल क्वालीफाई मैच में मंडी को 7-2 से सोलन को 11-4 से हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बिलासपुर से हार का सामना करना पड़ा, उसके पश्चात थर्ड पोजिशन के लिए जिला हमीरपुर से सिरमौर की टीम 12-8 के स्कोर से विजेता रही। इस उपलक्ष पर सुन्नी जल बिजली बोर्ड के डायरेक्टर ने इन्हें ट्रॉफी व मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। आज स्कूल पहुंचने पर एसएमसी स्टाफ मेंबरों ने इन खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। अंडर-19 खिलाड़ी छात्राएं, जो कि कांगड़ा में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व हैंडबॉल खेल में कर रही थी। उन्होंने भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें भी स्कूल प्रशासन वह एसएमसी सदस्य द्वारा सम्मानित किया गया। एसएमसी सदस्य सुमन मीरा देवी सरबजीत कौर ने व राज कुमार व एसएमसी अध्यक्ष ने इस उपलब्धि पर बच्चों को बधाई दी।

## ई-कचरा प्रबंधन, पोक्सो एक्ट पर दिया संवाद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन की ओर से पर्यावरण जागरूकता पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें प्रदेश के 40 प्रवक्ताओं ने भाग लिया। एससीईआरटी सोलन के प्रिंसिपल प्रो. हेमंत कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के द्वारा पर्यावरण को कैसे पाठ्यचर्या में शामिल किया जा सकता है इस पर खास फोकस रहा। अलग-अलग विषय के प्रवक्ताओं ने इस पर प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रस्तुतियां दीं। पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में विमर्श के विषयों में पर्यावरण और विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट दिल्ली के दो विशेषज्ञ नीरज कुमार और साक्षी उनियाल-जलवायु परिवर्तन के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य हिमाचल विशेष के संदर्भ में तथा सतत विकास लक्ष्य, भारत में पर्यावरण शिक्षा, विहंगम दृष्टि एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023, ग्रीन स्कूल कार्यक्रम, हिमाचल विशेष के संबंध में तथा स्कूलों में सतत आत्मनिर्भरता पर चर्चा की। जेडएसआई सोलन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कमल सैनी-जैव विविधता संरक्षण तथा डॉ. धीरेंद्र पठानिया ने प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण के खतरे तथा इस पर एक केस स्टडी और कुछ स्थायी समाधान विषय, अर्थ जस्ट से अभिषेक तनेजा और सुभाश्री अग्रवाल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पृथकीकरण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 पर तथा ई-कचरा प्रबंधन, पोक्सो एक्ट एवं नशा विमुक्ति विषय पर मनीष तोमर ने अपना संवाद रखा।

## हमारे उत्सव तनावमुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन : संजय अवस्थी



प्रतियोगिता में अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए सीपीएस संजय अवस्थी।

**अनंत ज्ञान, सोलन /अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में वर्ष पर्यंत मनाए जाने वाले मेले और त्योहार हमें तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाते हैं और एकाग्र होकर विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

संजय अवस्थी अर्की की पंचायत देवरा के जखौली में दो दिवसीय अष्टमी मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य संसदीय सचिव ने जखौली भद्रकाली मंदिर परिसर में उपस्थित जनसमूह को दो दिवसीय अष्टमी मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष नवरात्र के अवसर पर लगने वाले मेले प्रदेश के जन-जन की आस्था का प्रतीक हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि मेले एवं उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति व परंपराओं के परिचायक होते हैं। इन परंपराओं की जानकारी युवा पीढ़ी तक पहुंचाने में मेले, उत्सव व त्योहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अर्की का सुनियोजित विकास करना उनका लक्ष्य है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यथासंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि नशे से दूर रहें और अपनी परंपराओं के पालन के साथ-साथ इनकी जानकारी अन्यों को भी दें। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव ने सामुदायिक भवन जखौली के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए, शमशान घाट सड़क जखौली के क्यारडू के लिए एक लाख रुपए, सामुदायिक भवन कोटली के लिए एक लाख रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले 7 विभिन्न स्कूलों के बच्चों के लिए 1100 रुपए प्रति स्कूल देने की घोषणा की। उन्होंने मेला आयोजन समिति को अपनी ओर से 21 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर कबड्डी और शतरंज खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कबड्डी में कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिनमें बछाला नम्होल की टीम प्रथम रही, जिसके लिए उन्हें ट्राफी के साथ 7100 रुपए नकद पुरस्कार और बाडेश्वर कोटला की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसके लिए उन्हें ट्रॉफी के साथ 5100 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। शतरंज में प्रकाश ने प्रथम स्थान व योगेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 700 व 500 रुपए की नकद पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई।

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित करने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित बनाना

# बेटियां हर क्षेत्र में कर रही बेहतरीन प्रदर्शन: अजय यादव

**अनंत ज्ञान, सोलन**




अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित बनाना है और बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों की पहचान कर लड़कियों को और अधिक सशक्त बनाना है।

अजय यादव अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर महिला बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अजय यादव ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण के लिए समाज में बालिकाओं की सुरक्षा, उनके सम्मानजनक जीवन-यापन एवं सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयासों की नितांत आवश्यकता है तभी महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर समाज निर्माण में सहायक हो सकती हैं। आज बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। खेलकूद, राजनीति, सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश सरकार ने सामाजिक गतिविधियों एवं सतत् विकास प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाने तथा उन्हें सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की हैं। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान के लिए महिला हेल्पलाइन-181 आरंभ की गई है। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न महिला केंद्रित योजनाओं और उनके प्रभावों के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर किए गए तथा बेटियों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवजात बालिकाओं, विभिन्न स्कूलों की 10वीं और 12वीं कक्षा में अव्वल रहने वाली छात्राओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता गौतम ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही संबल एवं सामर्थ्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लक्ष्य की हार के साथ आर्कटिक ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**वांता (फिनलैंड)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन एक गेम की बढ़त गंवाने के बाद प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन से हारकर आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इस 23 साल के भारतीय ने एक घंटे 10 मिनट तक कड़ी मशक्कत की, लेकिन सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में 7वें वरीय खिलाड़ी से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गए। भारतीय क्वालीफायर किरण जॉर्ज को पुरुष एकल स्पर्धा में इंडोनेशिया के पांचवें वरीय जोनाटन क्रिस्टी से 17-21, 8-21 से हार मिली।

### सुंदरता के कारण ओलंपिक छोड़ना पड़ा

**नई दिल्ली।** पैराग्वे की 20 साल की तैराक लुआना अलोंसो का ज्यादा सुंदर होना उनके लिए मुश्किल बन गया। उनको पैरिस ओलंपिक छोड़कर वापस अपने देश लौटने बोल दिया गया। ओलंपिक में भाग लेने पहुंचे पैराग्वे के कुछ खिलाड़ियों ने अधिकारियों से लुआना की सुंदरता को लेकर शिकायत की थी। खिलाड़ियों का कहना था कि लुआना की सुंदरता से उनका ध्यान खेल में नहीं लग पा रहा।



### फ्रेंच ओपन गोल्फ में भारत के शुभंकर शर्मा की धीमी शुरुआत

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और फेडेक्स ओपन डे फ्रांस के पहले दौर में एक ओवर 72 स्कोर करके वह संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। शर्मा ने चार बर्डी लगाए, लेकिन पांच बोगी किए। अब कट में प्रवेश के लिए उन्हें अगले दौर में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के जो डीन के साथ थोरब्योर्न ओलेसन और जेस्पर स्वेनसन ने एकल बढ़त बना ली है, जिन्होंने छह अंडर 65 स्कोर किया।

### भारतीय गोल्फर अदिति ब्यूक ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर



**शंघाई।** भारत की प्रतिभावान गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक यहां ब्यूक ओपन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में इवन-पार 72 के स्कोर से संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। तीन बार की ओलंपियन अदिति को एलपीजीए में अपनी पहली जीत की तलाश हैं। उन्होंने दूसरे दौर में दो बर्डी के साथ दो बोगी भी कर दी। शुरुआती दौर में उन्होंने एक अंडर का कार्ड खेलकर दो बोगी और तीन बर्डी लगाई थीं।

### पाकिस्तान बोर्ड ने चयन समिति बदली, अंपायर अलीम दार समिति में

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी ) ने इंग्लैंड के हाथों मुल्तान में पहले टेस्ट में टीम की शर्मनाक हार के बाद राष्ट्रीय चयन समिति बदल डाली है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रन से हराया। पीसीबी ने पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अकीब जावेद, अजहर अली, टेस्ट अंपायर अलीम दार और विश्लेषक हसन चीमा को समिति में शामिल किया है। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक समिति में पहले ही से हैं जो मुहम्मद युसूफ के इस्तीफे के बाद शामिल किए गए थे। पीसीबी ने कहा कि सभी सदस्यों को मतदान का अधिकार होगा, लेकिन यह नहीं बताया कि मुख्य कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी को भी क्या समिति में मत देने का अधिकार होगा।

**भारत vs बांग्लादेश**

### बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का अंतिम ट्वेंटी-20 आज

# 'क्लीन स्वीप' करने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, हैदराबाद**

पहले दो मैच में आसान जीत दर्ज करके सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 'क्लीन स्वीप' के इरादे से मैदान पर उतरगी, जिसमें उसके सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी। भारत ने अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देकर इस टी-20 सीरीज में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया, जिन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर पूरी तरह से अमल करके जीत का जज्बा दिखाया।

बांग्लादेश के खिलाफ ही कुछ दिन पहले कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने जिस तरह से परिणाम हासिल करने के लिए आक्रामक क्रिकेट खेली, उससे टीम के नए दृष्टिकोण का पता चलता है।

भारत ने दो टेस्ट मैच की सीरीज 2-0 से जीती थी और अब वह टी-20 सीरीज में भी 3-0 से जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ अच्छे विकल्प तैयार करने पर भी ध्यान दे रहा है। फिर चाहे वह तेज गेंदबाज मयंक यादव हों या स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, गंभीर उनके प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और इन खिलाड़ियों ने भी अभी तक अपने मुख्य कोच को निराश नहीं किया है।



अभ्यास सत्र के दौरान गेंदबाजी का अभ्यास करते वरुण चक्रवर्ती।

मयंक आईपीएल-2024 के बाद चोटिल होने के कारण अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन इस सीरीज में उन्होंने 150 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी करके अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया है। चक्रवर्ती ने ग्वालियर में पहले मैच में तीन विकेट लेकर तीन साल के बाद राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की है। टीम प्रबंधन ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी करीबी नजर रखेगा जिन्होंने दिल्ली में दूसरे टी-20 मैच में 34 गेंद पर 74 रन की धमाकेदार पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी लिए।

इन सकारात्मक पहलुओं के बीच संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी का प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय होगा।

### बांग्लादेश को पहली जीत की तलाश

जहां तक बांग्लादेश का सवाल है जो उसे अभी तक बल्लेबाजों ने काफी निराश किया है। उसे अगर वर्तमान दौरे में अपनी एकमात्र जीत हासिल करनी है तो कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और लिटन दास जैसे सीनियर बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**संभावित टीमें**

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव, तिलक वर्मा में से।

**बांग्लादेश।** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन एमोन, तौहीद ह्रदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन में से।

**शाम 7 बजे शुरू होगा मैच**

### एचआईएल भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करेगी : सरदार सिंह



**बेंगलुरु।** अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सरदार सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फिर से शुरू होने से भारतीय हॉकी को अपने स्वर्णिम दिनों में लौटने में मदद मिलेगी।

एचआईएल की नीलामी के लिए 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। पुरुषों की नीलामी 13 और 14 अक्तूबर को, जबकि महिलाओं की नीलामी 15 अक्तूबर को होगी। यह लीग सात साल बाद वापसी करने जा रही है।

सरदार ने कहा, "एचआईएल इस बार बड़ी और बेहतर होगी। इस बार महिला लीग का भी आयोजन किया जा रहा है। इस तरह से यह लीग भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करने के लिए तैयार है।" उन्होंने कहा, "इस लीग में खेलने और शीर्ष स्तर की हॉकी का अनुभव लेने के लिए भारत के कई खिलाड़ी कतार में होंगे। इससे भारतीय टीम के संभावित खिलाड़ियों का बड़ा और मजबूत समूह तैयार करने में भी मदद मिलेगी।"

सरदार 2013 में हॉकी इंडिया लीग में खेले थे तथा उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया था।

# इंग्लैंड की पाक के खिलाफ रिकॉर्ड से भरे पहले टेस्ट मैच में बड़ी जीत

**एजेंसी, मुल्तान**

इंग्लैंड ने कुछ नए रिकॉर्ड का गवाह रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की।

पाकिस्तान की टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन पहले सत्र में 220 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से सलमान अली आगा (63) और अमीर जमाल (नाबाद 55) ने अर्धशतक जमाए, लेकिन इससे वे हार का अंतर ही कम कर पाए। अबरार अहमद बुखार होने के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। पाकिस्तान पहली ऐसी टीम बन गई है जिसे पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।



पगबाधा की अपील करते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने अंतिम दिन तीनों विकेट हासिल किए। उन्होंने कुल 30 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले मैच के चौथे दिन शाम के सत्र में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स ने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम चरमराया था। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच मंगलवार से मुल्तान में ही खेला जाएगा।

### टॉम लैथम चाहते हैं भारत में निर्भीक होकर खेले न्यूजीलैंड

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

न्यूजीलैंड के नवनियुक्त टेस्ट कप्तान टॉम लैथम का मानना है कि अपनी धरती पर अजेय रहे भारत को अगर कड़ी चुनौती देनी है तो उसका एकमात्र तरीका निर्भीक होकर खेलना है। लैथम को भारत के खिलाफ 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की सीरीज से पहले टिम साउदी की जगह न्यूजीलैंड का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया।

लैथम ने शुक्रवार को टीम के भारत रवाना होने से पहले कहा, "भारत का दौरा करना हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होता है। उम्मीद है कि हम वहां कुछ हद तक स्वच्छंद और निर्भीक होकर खेलेंगे और उन पर हावी रहने की कोशिश करेंगे। अगर हम ऐसा करते हैं तो हमारे पास जीत का अच्छा मौका होगा।"

भारत ने जहां अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज जीती हैं वहीं न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट



चैंपियनशिप के वर्तमान चक्र में लगातार चार सीरीज हारने के बाद यहां आ रहा है। न्यूजीलैंड ने भारत में अभी तक केवल दो टेस्ट मैच जीते हैं। इनमें से उसने आखिरी जीत 1988 में हासिल की थी।

लैथम ने कहा," हमने देखा है कि भारत में अतीत में जिन टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उन्होंने आक्रामक खेल दिखाकर ऐसा किया। विशेष कर बल्लेबाजी में रक्षात्मक की जगह आक्रामक क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण होगा।"

# शंघाई मास्टर्स में टॉमस मचाक ने कार्लोस अल्काराज को हराया

**एजेंसी, शंघाई**



विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज का 12 मैचों से चला आ रहा जीत का सिलसिला शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में टॉमस मचाक से 7-6 (5), 7-5 हार के साथ समाप्त हो गया। चेक गणराज्य के विश्व में 33वें नंबर के खिलाड़ी मचाक का टूर स्तर पर यह केवल तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच था, जबकि अल्काराज चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं।

मचाक सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। सिनर ने 5वीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर इस सत्र में 5वीं बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। वहीं आर्यना सबालेंका ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 35वें स्थान पर काबिज यूलिया पुतिनत्सेवा को 1-6, 6-4, 6-0 से हराया।

### खजूरिया के शतक से जम्मू कश्मीर का मजबूत स्कोर

**श्रीनगर।** अनुभवी शुभम खजूरिया के नाबाद 130 रन की मदद से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए के सत्र के पहले मैच के पहले दिन शुक्रवार को महाराष्ट्र के खिलाफ 5 विकेट पर 264 रन बना लिए। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और दूसरी ही गेंद पर मेजबान सलामी बल्लेबाज अभिनव पुरी (0) का विकेट चटका दिया। इसके बाद खजूरिया ने शुभम पुंडीर (49 गेंद में 37) के साथ 77 रन की साझेदारी की। कप्तान पारस डोगरा ने खजूरिया के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। वह 30 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 57 गेंद में 23 रन का योगदान दिया।

# हिमा दास डोपिंग के आरोप से बरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की स्टार महिला एथलीट हिमा दास डोपिंग के आरोपों से मुक्त हो चुकी हैं। बीते साल हिमा दास को 12 महीनों में तीन बार अपनी लोकेशन की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबन झेलना पड़ा था। हालांकि, डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल ने उन्हें बरी कर दिया था। अब अपील पैनल ने भी अंतिम रूप से सभी आरोपों से बरी कर दिया है।

गौरतलब है कि नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप में राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने 2023 में हिमा को अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला लिया था। निलंबन रद्द होने के बाद हिमा इसी साल 30 अप्रैल को बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री



1 में 200 मीटर दौड़ में लौटीं। अब नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल (एडीएपी) ने भी हिमा को सभी आरोपों से बरी कर दिया है।

एंटी-डोपिंग अपील पैनल ने अनुशासनात्मक पैनल के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें उन्हें डोपिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया गया था। नाडा की वेबसाइट पर एडीएपी के फैसले से जुड़ा नवीनतम अपडेट जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि एडीडीपी आदेश बरकरार रखा गया है। एथलीट हिमा दास को डोपिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया गया है।

यह भी दिलचस्प है कि एंटी-डोपिंग अनुशासनात्मक पैनल के निर्णय के विरुद्ध अपील पैनल का के पास अपील किसने की, इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। हालांकि, इस बात की प्रबल संभावना है कि नाडा ने खुद ही अपील की पहल की हो, क्योंकि राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी पहले भी ऐसे मामलों में अपील कर चुका है, खास तौर से ऐसे समय में जब निर्णय एथलीटों के पक्ष में रहा हो।

# पाइनग्रोव की अंडर-19 लड़कियों ने फुटबाल में सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप जीती




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सोलन की अंडर-19 गर्ल्स फुटबॉल टीम ने सुनहरे पन्नों में अपना नाम अंकित कर लिया, जब स्वदेश और विदेश के सभी सीबीएसई स्कूलों पर जीत हासिल की और पाइनग्रोव स्कूल को सीबीएसई नेशनल चैंपियंस का ताज पहनाया गया।

इस वर्ष सीबीएसई राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी आरएमके आवासीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चेन्नई द्वारा की गई। नॉर्दर्न क्लस्टर विजेता पाइनग्रोव ने यूपी-क्लस्टर सीबीएसई विजेता नोएडा को फाइनल में 2-0 से शिकस्त दी।

दिल्ली क्लस्टर विजेता, मॉडर्न स्कूल बाराखंभा तीसरे स्थान पर रहा। पाइनग्रोव स्कूल की अनाहद कौर को 'सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' चुना गया। पाइनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक, कैप्टन एजे सिंह ने कहा कि, 'यह सह-शिक्षा बोर्डिंग स्कूल के लिए एक असाधारण उपलब्धि है, क्योंकि बोर्डिंग स्कूल में लड़कियों की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है।

लड़कियों ने खेल जगत में पाइनग्रोव स्कूल का नाम तो रोशन किया, लेकिन इसके साथ-साथ स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में भी अपना लोहा मनवाया।

**नेशंस लीग**

### फ्रांस ने किलियन एमबापे के बिना इसराइल को 4-1 से दी मात

# यूनान ने इंग्लैंड को उसकी धरती पर 2-1 से हराया

**एजेंसी, लंदन**

यूनान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में इंग्लैंड को उसकी धरती पर 2-1 से पराजित किया। इस बीच एर्लिंग हालैंड 24 साल की उम्र में नॉर्वे की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने नॉर्वे की स्लोवाकिया पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। हालैंड नार्वे की तरफ से अभी तक 34 गोल कर चुके हैं जो पिछले रिकार्डधारक जोर्गेन जुवे से एक गोल अधिक है। जोर्गेन जुवे ने 1930 के दशक में यह रिकॉर्ड बनाया था। नॉर्वे के लिए अलेक्जेंडर सोरलोथ ने भी गोल किया।

फ्रांस ने किलियन एमबापे और संन्यास ले चुके एंटोनी ग्रीजमैन के बिना भी शानदार खेल का नमूना पेश करके इसराइल को 4-1 से हराया। इंग्लैंड और यूनान के बीच वेम्बली स्टेडियम में खेले गए मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। वेंजेलिस पावलिडिस ने 49वें मिनट में यूनान की तरफ से पहला गोल किया।



गोल करने के बाद खुशी मनाते यूनान के खिलाड़ी।

जूड बेलिंगहैम ने 87वें मिनट में इंग्लैंड की तरफ से बराबरी का गोल दागा लेकिन पावलिडिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके यूनान की जीत सुनिश्चित की। एमबापे मामूली चोट के कारण इसराइल के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए, लेकिन फ्रांस को उनकी कमी नहीं खली। उसकी तरफ से पहले हाफ में एडुआर्डो कैमाविंगा और क्रिस्टोफर एनकुंकू ने गोल किए। इसके बाद माटेओ गुएन्डौजी ने 87वें और ब्रैडली बारकोला ने 89वें मिनट में गोल करके फ्रांस को बड़ी जीत दिलाई। इटली और बेल्जियम के बीच खेला गया एक अन्य मैच 2-2 से ड्रॉ रहा।

### ब्राजील ने चिली को 2-1 से हराया, अर्जेंटीना ने ड्रॉ खेला

**साओ पाउलो।** स्थानापन्न खिलाड़ी लुइज हेनरिक के 89वें मिनट में किए गए गोल से ब्राजील ने शुरू में पिछड़ने के बाद वापसी करके विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मैच में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की।

इस जीत से ब्राजील दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में राउंड रॉबिन प्रतियोगिता के 9वें दौर के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम ने वेनेजुएला के शहर माटुरिन के मोनुमेंटल स्टेडियम में मैदान गीला होने के कारण 30 मिनट की देरी से शुरू हुए मैच में वेनेजुएला को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में नौ मैचों के बाद 19 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। बोलीविया से 1-0 से हारने के बावजूद कोलंबिया के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उरुग्वे 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि ब्राजील के 13 अंक हैं।